राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

खबरों की बुलंद आवाज

# उज्ज्वल दुनिया

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 347 | रांची, गुरुवार, 20 जून 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com




## आज का दिन

यह तारीख भारत के एक रेलवे स्टेशन के लिए खास है। वह स्टेशन है देश की आर्थिक राजधानी मुंबई का छत्रपति शिवाजी टर्मिनस। पहले इसका नाम विक्टोरिया टर्मिनस था। यह टर्मिनस 20 जून, 1887 को आम लोगों के लिए खुला था। छत्रपति शिवाजी टर्मिनस देश के पश्चिमी भाग में अरब सागर के तट पर मुंबई में स्थित है। इसकी अभिकल्पना फ्रेडरिक विलियम स्टीवंस ने की थी। उन्होंने तब के जमाने में इसके लिए 16.14 लाख रुपये लिए थे।






### प्रधानमंत्री मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय का किया उद्घाटन, 800 साल बाद लौटा गौरव

# नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है : मोदी

पटना, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के नालंदा विश्वविद्यालय के नेट जीरो ग्रीन कैंपस का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद 800 साल के बाद इस विश्वविद्यालय का गौरव लौटा है। पीएम मोदी के साथ सीएम नीतीश, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मौजूद रहे है।



प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के वैभव को पुनः स्थापित करने की पहल के तहत नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैम्पस का बुधवार को उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में किया गया है।

राजगीर की पंच पहाड़ियों में शुमार वैभारगिरि की तलहटी में नए नालंदा विश्वविद्यालय का निर्माण हुआ है।

### नालंदा विश्वविद्यालय की कुछ खास बातें

1. नया परिसर नालंदा के प्राचीन खंडहरों के पास है, जो नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम 2010 द्वारा स्थापित एक विश्वविद्यालय है। अधिनियम ने 2007 में फिलीपींस में आयोजित दूसरे पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में किए गए विश्वविद्यालय की स्थापना के निर्णय को लागू किया।
2. पांचवीं शताब्दी में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने वाला एक प्रसिद्ध शिक्षण केंद्र था। 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों द्वारा इसे नष्ट करने से पहले यह 800 वर्षों तक फलता-फूलता रहा।
3. समकालीन विश्वविद्यालय ने 2014 में 14 छात्रों के प्रारंभिक समूह के साथ एक अस्थायी स्थल पर अपना संचालन शुरू किया और 2017 में निर्माण कार्य शुरू हुआ।
4. भारत के अलावा कुल 17 देशों ने नालंदा विश्वविद्यालय को समर्थन देने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन देशों में ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, लाओस, मॉरीशस, श्रीलंका, थाईलैंड, चीन, म्यांमार और वियतनाम शामिल हैं।
5. विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय छात्रों को 137 छात्रवृत्तियां प्रदान करता है।

## झारखंडः गैंगेस्टर अमन साहू के खिलाफ एनआईए की छापेमारी में वाहन, डीवीआर और दस्तावेज जब्त

रांची,उज्ज्वल दुनिया सं



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को झारखंड के कुख्यात अपराधी अमन साहू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एनआईए रांची ब्रांच ने उसके बुढ़मू स्थित पैतृक आवास के साथ बुकरू और हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र स्थित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान एनआईए की टीम अमन के घर से फॉर्च्यूनर वाहन, सीसीटीवी का डीवीआर और बैंक खातों से संबंधित कागजात सहित कई अन्य दस्तावेज जब्त करके अपने साथ ले गयी।

बताया गया है कि एनआईए ने टेरर फंडिंग मामले में यह छापेमारी की है। एनआईए को जानकारी मिली है कि अमन साहू ने लेवी रंगदारी से अपने और अपने रिश्तेदारों के नाम पर बड़ी सम्पत्ति अर्जित की है। पलामू जेल में बंद अमन साहू जेल से ही गैंग को ऑपरेट करता है।

साथ ही व्यापारियों को धमकी देता और दिलवाता है। इस जानकारी के आधार पर एनआईए की टीमों ने एक साथ अमन के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। साथ ही सभी लोगों के मोबाइल को कब्जे में लेकर तलाशी शुरू की। लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में गोलीबारी मामले में टेरर फंडिंग की जांच कर रही एनआईए ने इससे पहले नौ फरवरी को बिहार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। यह छापेमारी भागलपुर, पूर्णिया और मधेपुरा के एक-एक ठिकानों पर हुई थी।






## कैबिनेट का बड़ा फैसलाः झारखंड में जातीय सर्वेक्षण कराएगी सरकार



रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

चंपाई सोरेन सरकार राज्य में जातीय सर्वेक्षण कराएगी। यह निर्णय सीएम चंपई सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। इसके लिए झारखंड कार्यपालिका नियमावली में संशोधन करते हुए कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को जातीय सर्वेक्षण का दायित्व सौंपा गया है।

यह जानकारी सरकार की कैबिनेट सेक्रेटरी वंदना डाडेल ने दी। कैबिनेट में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि जातीय सर्वेक्षण का उद्देश्य राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्ग को आनुपातिक समानता का अवसर प्रदान करना है। कैबिनेट की ओर से पारित प्रस्ताव में फिलहाल यह तय नहीं हुआ है कि जातीय सर्वेक्षण की प्रक्रिया क्या होगी और इसकी शुरूआत कब से होगी। इसकी पूरी रूपरेखा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग तय करेगा। बिहार में जातीय सर्वेक्षण पूरा होने के बाद झारखंड दूसरा राज्य है, जिसने इस तरह का सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया है। इसे अक्टूबर-नवंबर में राज्य में संभावित विधानसभा चुनाव के पहले राज्य की झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार का बड़ा दांव माना जा रहा है। इसके पहले राज्य सरकार ने राज्य में 49 नगर निकायों का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी इनका चुनाव ओबीसी आरक्षण का प्रतिशत तय करने के नाम पर रोक दिया था। सरकार का कहना है कि नगर निकायों के चुनाव में ओबीसी को आरक्षण दिया जाएगा। इसके लिए राज्य के पिछड़ा वर्ग आयोग को ओबीसी आबादी के सर्वेक्षण का दायित्व सौंपा गया है।














# उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गुमला** – गुमला जिले के नागरिकों को नशीले पदार्थों के सेवन से बचाने एवं उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से आज बुधवार को जिला समाज कल्याण विभाग के सौजन्य एवं जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के सहयोग से एक विशेष जागरूकता रथ को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित जिले के विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित संबंधित कर्मी भी मौजूद रहें।

**नशीले पदार्थों के सेवन एवं उसके दुष्प्रभाव से जिले के युवा वर्ग को बचाना है अत्यंत आवश्यक- उपायुक्त**

मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि मादक पदार्थों का दुरूपयोग समाज में विकराल रूप ले रहा है जो समाज के लिए हानिकारक है। इसके ब?ते दुरूपयोग को कम करने हेतु तस्करों तथा उपयोग कर्ताओं के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ समाज को विशेष कर किशोरों तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।

ऐसे में उक्त परिपेक्ष्य में राज्य सरकार के निदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा दिनाक 19.06.2024 से 26.06.2024 तक निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाना है तथा विभिन्न विभागों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को शामिल करते हुए मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम जैसे नुक्क? नाटक, गोष्ठी, वर्कशॉप आदि आयोजित कराया जाए, ताकि मादक पदार्थों के दुरूपयोग को रोका जा सके।

अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री एवं 18 वर्ष से कम आयु को मादक पदार्थों की बिक्री करना है अपराध, हो सकती है जेल

ज्ञात हो कि 18 वर्ष से कम आयु को मादक पदार्थ की बिक्री, शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के क्षेत्रफल में मादक पदार्थ की बिक्री, मादक पदार्थों की खरीद बिक्री करना, नशीले पदार्थों की गैर कानूनी तरीके से खेती दंडनीय अपराध है, नशीले पदार्थों का उत्पादन, भंडारण, बिक्री, परिवहन या उपयोग दंडनीय अपराध है।

उक्त नियमों के विरुद्ध उक्त कार्यों में लिप्त व्यक्ति पर कठोर सजा का प्रावधान है। साथ ही 20 साल तक की सजा एवं दो लाख या इससे अधिक का भी जुर्माना हो सकता है। कुछ मामलों में मृत्युदंड भी दिया जा सकता है।

जिला प्रशासन की अपील है कि अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री,अफीम की खेती आदि से जुड़ी कोई भी सूचना टोल फ्री नंबर 112 पर दीजिए ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए प्रशासन का साथ दीजिए आपके द्वारा दी गई जानकारी पर त्वरित कार्रवाई होगी आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

**नशा छुड़ाने के लिए करें संपर्क**

जिला प्रशासन की अपील है यदि कोई व्यक्ति स्वयं या उनके परिवार जनों को नशे के चपेट से मुक्ति दिलाना चाहे एवं नशे से छुटकारा पाना चाहे तो वे रिनपास रांची, केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्था रांची, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान- देवघर, जिला अस्पताल के आईसीटीसी/ एआरटीसी ।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर करौंदी नगर स्थित गांधी मोहल्ला में केक काटकर खुशी का इजहार किया गया

**गुमला** – गुमला जिला मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी के सुपरशक्ति से झारखंड राज्य कोऑर्डिनेटर निशा भगत के नेतृत्व में राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर गुमला प्रखंड क्षेत्र के करौंदी नगर स्थित गांधी मोहल्ला में राहूल गांधी का जन्मदिन के रूप में मनाया गया और केक काटकर खुशी मनाई गई। इस मौके पर राज्य कोऑर्डिनेटर निशा भगत गुमला जिला कोऑर्डिनेटर अंजलि बाड़ा, कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के गुमला जिला अध्यक्ष हंदू भगत कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विष्णु राम के अलावा राजू महतो उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित थे , मौके पर केक काटा गया और साथ ही साथ पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया , उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए निशा भगत ने कहा कि राहुल गांधी देश के जननायक हैं और आने वाले समय में देश का नेतृत्व करेंगे ,देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है , इसका परिणाम है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत प्राप्त हुआ और मोदी को सरकार बनाने में गठबंधन का सहारा लेना पड़ा। मौके पर संविधान की रक्षा के लिए शपथ दिलायी गयी , आगे उन्होंने कहां की मोदी सरकार के समय में जनता महंगाई की मार झेल रही है , हिंदू भगत , विष्णु राम , उषा नायक , राजू महतो , जयदेव नायक , अंजलि वादा , मावली देवी , राधा देवी , भूषण नायक , छोटू नायक , देवकी देवी , रीको देवी , संजय नायक , सहित काफी संख्या में अन्य अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# शहरी क्षेत्र में वृहद पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का चलाया गया अभियान

**गुमला** – गुमला जिला मुख्यालय में आज दिनांक 19 जून 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से लेकर अपराह्न 2:30 बजे तक नगर परिषद गुमला क्षेत्र अंतर्गत पालकोट गुमला में बृहत पैमाने पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी/ प्रशासक दिलीप कुमार द्वारा दी गई जानकारी अनुसार आज के अतिक्रमण अभियान की शुरुआत नगर परिषद् क्षेत्र में स्थित पुग्गू पुल के पास से की गई एवम अंत नगर परिषद कार्यालय के पास किया गया। अतिक्रमण के क्रम में कई दुकानदारों से जुर्माना स्वरुप भारी राशि की वसूली की गई। कुछेक दुकानदारों के द्वारा जुर्माना की राशि देने से इनकार किया गया जिस पर



नगर परिषद की टीम द्वारा कड़ी रुख अपनाते हुए उनके सामानों को जब्त कर लिया गया।

उन्होंने जानकारी दी की पालकोट रोड स्तिथ आदित्य विजन नामक प्रतिष्ठान से ट्रेड लाइसेंस की मांग करने पर उनके द्वारा बतलाया गया की वे बिना ट्रेड लाइसेंस के दूकान संचालित कर रहें है। जिस पर नगर परिषद के द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया एवं कड़ा रुख अपनाते हुए जुर्माना स्वरूप ?5000 की राशि अधिरोपित करते हुए जुर्माना की राशि तत्काल देने हेतु दुकान के प्रबंधक को निर्देशित किया गया। प्रबंधक के द्वारा आनाकानी करते हुए उक्त राशि नहीं देने की बात की गई। इस पर बाध्य होकर नगर परिषद की टीम के द्वारा उक्त दुकान को सील करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाने लगी। जिसके तुरंत बाद प्रतिष्ठान के प्रबंधक के द्वारा 5000 की दंड शुल्क राशि नगर परिषद की टीम को दी गई। इसी तरह सड़क के किनारे अनावश्यक रूप से डंप किया गया भवन निर्माण सामग्री के कई मालिकों से जुर्माना स्वरूप मोटी राशि की वसूली की गई। अतिक्रमण के क्रम में प्रायः देखा गया कि काफी लोगों के द्वारा नालियों पर अपना ठोस निर्माण किया गया है साथ ही कई दुकानदारो के द्वारा अपने दुकान का ठोस सामग्री कई दिनों तक बाहर रखा गया है। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका सदैव बनी रहती है । ऐसे में संबंधित व्यक्ति को अपना निर्माण सामग्री एवम दुकान के ठोस सामग्रियों को दो दिनों के अंदर क्रमश तोड़ने एवम हटाने हेतु प्रशासक दिलीप कुमार के द्वारा निर्देशित करते हुए सख्त चेतावनी दी गई है कि दो दिनों के अंदर यदि अवैध निर्माण एवं सामग्री को लोगों के द्वारा नहीं हटाया जाता है तो नगर परिषद वैसे निर्माणों को स्वयं तोड़ देगी एवं दुकान के बाहर रखी गई सभी प्रकार के सामग्रियों को ।

# विश्व सिकल सेल दिवस के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ।**राष्टीय सिकल सेल अनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत उपायुक्त रामगढ श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विश्व सिकल सेल दिवस का आयोजन सदर अस्पताल रामगढ मे किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त, रामगढ श्री चंदन कुमार एवं सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर उपायुक्त ने कहा कि खून मानव शरीर के लिए बहोत जरूरी है। मानव का रक्त लाल उसमे मौजूद आरबीसी कि वजह से होता है। सिकल सेल अनिमिया से ग्रसित रोगी के खून मे मौजूद आरबीसी का आकार हसुआ कि तरह होने लगता है जिससे शरीर मे पर्याप्त मात्रा मे ऑक्सिजन नही पहुँच पता है। यह एक आनुवांशिक



रोग है । उपायुक्त ने कहा कि अगर माता ङ्क पिता को सिकल सेल अनिमिया है तो पूरी संभावना है कि उनसे जन्मे बच्चे को भी यह रोग हो सकता है। रामग जिले मे अबतक 10 संभावित सिकल सेल अनिमिया के रोगी पाये गए हैं, रोग के सत्यापन हेतु उचस्थ संस्थान रांची भेजा जाएगा। साथ ही वे संभावित रोगी यदि सिकल सेल अनिमिया से ग्रसित होंगे तो जिला प्रशासन के द्वारा सरकारी नियमानुसार सभी दी जाने वाली सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि सिकल सेल अनिमिया एक आनुवांशिक रोग है जिसका इलाज काफी महंगा है इसलिए सदर अस्पताल एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर इसकी निःशुल्क जाँच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जांच हेतु किट उपलब्ध करा दी गयी है। साथ ही सिविल सर्जन ने रामग की जनता से अपील किया की अपना जांच अवश्य कराएं। मौके पर उन्होंने बताया कि सिकल सेल एनेमिया के तहत 19 से 21 जून 2024 तक जांच अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे रामग जिले के सहियाओं द्वारा अति महत्वपूर्ण योगदान दी जा रही है। सभी सहिया आपने ग्रामीण क्षेत्रो मे आईईसी के माध्यम से लोगो मे जागरूकता एवं जांच हेतु स्वस्थ्य संस्थानो मे लोगो को लाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## हार और जीत दोनों ही खेल के पहलू हैं : आरके सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ)।** पीवीयूएनएल प्रीमियर लीग क्रिकेट टुर्नामेंट (पीपीएल) 2024 का फाइनल मैच बुधवार को पीवीयूएनएल टाउनशिप ग्राउंड में बेतला टाइगर्स बनाम पलामु पैंथर्स के बीच खेला गया। जिसमें बेतला टाइगर्स की टीम ने पलामु पैंथर्स को 5 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि सीईओ आरके सिंह और हेड ऑफ डिपार्टमेंट ने विनर ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। खेल-कूद से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि हार और जीत खेल का पहलू होता है, हारने वाला टीम भी एक दिन जीत का असली स्वाद चखता है। नरेंद्र मीना को 90 रनों की तूफानी पारी के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाी का खिताब भाविन सोयंतर को मिला। वहीं युवराज सिंह को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और सेथारामा रेड्डी को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के लिए पुरस्कृत किया गया। मौके पर खिला?ी के परिवार जन भी मौजूद ।

## गेगदा के सियारी टोला में ग्रामीणों की बैठक, जमीन विवाद मामले पर हुई चर्चा

**भुरकुंडा (रामगढ)।** गेगदा के सियारी टोला में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें राजू उरांव के जमीन को षड्यंत्र के तहत ह?पने के ख्याल से अमन साहू ग्रुप के मयंक सिंह के द्वारा राजू उरांव को वाट्सएप के माध्यम से धमकी देने के मामले को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि मदन साहू, द्वारिक साहू, दीपक साहू और राजू उरांव के बीच जमीन विवाद को लेकर न्यायालय रामग? में केस चल रहा है। राजू उरांव को केस में भारी प?ता देख मदन साहू, द्वारिका साहू, दीपक साहू द्वारा मयंक सिंह से धमकी दिलवाया गया है। धमकी में मयंक सिंह द्वारा कहा गया है कि जिस जमीन का केस न्यायालय में चल रहा है। उस जमीन और केस से राजू उरांव पीछे हट जाए नहीं तो तुम्हे और पुरे परिवार को जान से मार देंगे। इस धमकी का विरोध करते हुए आदिवासी समाज ने उक्त स्थल पर सरना झंडा गा?ते हुए निर्णय लिया है कि किसी भी षड्यंत्र को सफल नहीं होने देंगे। साथ ही किसी भी ताकत से आदिवासी समाज टकराने के लिए तैयार है। आदिवासियों के किसी भी जमीन को समाज छीनने नहीं देगा। कहा गया कि संवैधानिक ल?ाई के लिए पूरा आदिवासी समाज हमेशा तत्पर है। अपने हक-अधिकार के लिए समाज हर ल?ाई को तैयार है। मौके पर पूर्व पार्षद झरी मुंडा, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा, छोटेलाल करमाली, जिला धर्मगुरू संदीप टोप्पो, बिकेश बेदिया, बीरेंद्र मुंडा, नंदकिशोर मुंडा, भोला उरांव, जतलु उरांव, आदित्य केरकेट्टा, संतोष उरांव, काली उरांव, बंधनी लिंडा, रजनी टोप्पो, एतवरिया देवी, मुनी देवी, रीता देवी, दीपक मुंडा, फूलो देवी, करुणा उरांव, रतनी देवी, शीतल देवी, सुनीता उरांव, कामेस उरांव, विकाश मुंडा, सकुंतला देवी, सौरभ मुंडा, महली उरांव, दमिया देवी, पूनम देवी, पोकलो देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद ।

# मनीष जायसवाल ने पतरातू प्रखंड में निकाला आभार यात्रा बताया जनता की जीत

**भुरकुंडा (रामगढ)।** हजारीबाग के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जयसवाल ने पतरात प्रखंड का तुफानी दौरा कर जीत के लिए लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान सांसद मनीष जयसवाल ने पदयात्रा कर अपनी जीत के लिए लोगों के प्रति आभार जताया। आभार यात्रा के क्रम में सांसद ने बासल क्षेत्र के लबगा स्थित मैरेज हॉल में विस्थापितों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही समाधान का आश्वासन दिया। इसी क्रम में सौंदा डी पंचायत के यात्री शेड स्थल पर जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जयसवाल ने कहा सौंदा डी पंचायत के पांचों बुथ से हमारी जीत हुई है। इसके लिए पूरे पंचायतवासियों को हृदय से आभार



व्यक्त करने आया हूं। मौके पर सौन्दा डी पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पाण्डेय ने पंचायत की महत्वपूर्ण योजना करने हेतु सांसद को पत्र सौंपा। इसके पूर्व सौंदा डी की ओर से सांसद को फूल माला पहनाकर और बुके देकर जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, मंडल अध्यक्ष सह जिला पार्षद राजाराम प्रजापति, वरिष्ठ भाजपाई राधेश्याम अग्रवाल, दशरथ कुर्मी, पूर्व उपप्रमुख रमाशंकर पांडेय उर्फ नुनू पांडेय, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवितेश सिंह, मंडल महामंत्री पंकज सिंह, मंडल उपाध्यक्ष किशोर महतो, युवा मोर्चा के पतरातु मंडल अध्यक्ष गणेश ठाकुर, सुखदेव प्रसाद, दिनेश प्रसाद, मुलचंद साहु, बालेश्वर कुमार, अनिल राय, धर्मेन्द्र सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा पंचायत अध्यक्ष विष्णु राम, रामग जिला सोशल मीडिया प्रभारी भाजपा संतोष कुमार शर्मा, बुथ अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, अजीत जयसवाल, युवा नेता राकेश सिन्हा, परदेशी नोनिया, शेष नारायण पाण्डेय, मनोज शर्मा, विष्णु कुमार, पुकार ठाकुर, रविकांत कुमार, जितेंद्र साव, सिंटु गुप्ता, टेटकु साव, रविंद्र पांडेय, नागेंद्र राजभर, आशीष शर्मा, चिकु रजवार, भगवान दास, सुरेन्द्र प्रसाद, प्रदीप कुमार, सोहन मिश्रा, चंदन कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक-नजर

### सिरका परियोजना कार्यालय प्रांगण में कीमती और बेकार कलपुर्जों का लगा ढेर

**गिद्दी।** अरगड्डा प्रक्षेत्र प्रबंधन अपने कारनामों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। इस बार बीते दिनों स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर प्रबंधन के बड़े बे अधिकारियों से लेकर परियोजना के अधिकारियों ने स्वच्छता की शपथ ली गई है। परन्तु सिरका परियोजना का प्रांगण स्वच्छता पखवाा को धत्ता बताने के लिए काी है। सिरका परियोजना कार्यालय के प्रांगण में कीमती और बेकार पड़े मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल सहित गाड़ियों का कबाड़ आपको देखने को मिल जाएंगे। यहां हर कोने आदि जगहों पर कबा का ढेर देखने को मिल जाएंगे। और सरकार सहित सीसीएल प्रबंधन का निर्देश स्वच्छता को ठेंगा दिखाता मिल जाएगा। बताया जाता है कि करीब एक माह पूर्व सिरका परियोजना कार्यालय के सामने आंधी तूफान आने के बाद पीपल का एक बड़ा टहनी टूट कर नीचे गिर गया था। जिसे स्थानीय प्रबंधन के द्वारा ऑफिस के कोने में उठाकर सर्वे कमरे के समीप रख दिया गया है।जो अधिकारीयों के स्वच्छता को ठेंगा दिखाने के लिए भी काी है।

### किसी भी बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी : निशा वर्मा

**भुरकुंडा (रामगढ)।** विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर पतरातु प्रखण्ड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पिरामल फाउंडेशन की निशा वर्मा द्वारा सिकल सेल एनीमिया संबंधी जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसमें सिकल सेल के लक्षण, कारण, कम करने के उपाय आदि पर बालिकाओ से चर्चा की गई। इसी क्रम में सीएचसी पतरातु द्वारा विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की बालिकाओं का सीकल सेल जांच किया गया। मौके पर निशा वर्मा ने विद्यालय में गठित इको क्लब के साथ बैठक कर जीरो कॉस्ट गतिविधि से अवगत कराया। साथ ही इन गतिविधियों को करने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस प्रक्रिया में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पुष्पा, इको क्लब की संचालनकर्ता ऐश्वर्या सहित अन्य शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में निशा वर्मा का पूरा सहयोग किया।

### अनिश्चितकालीन भुख हड़ताल पर बैठे पूर्व सैनिक एचएन यादव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल प्रक्षेत्र के सयाल डी कोलियरी के आउटसोर्सिंग पीएसएमई कंपनी कार्यालय के मुख्य गेट पर पांच सुत्री मांगो को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष सह पूर्व सैनिक सुबेदार एचएन यादव अनिश्चितकालीन भूख हताल पर बैठे हैं। भुख हडताल में बैठे एचएन यादव ने बताया कि उन्होने पांच मांगो को लेकर जांच की मांग की है।

जिसमे सीसीएल के सीएसआर फंड से बरका सयाल प्रक्षेत्र मे निवास करने वाले लोगो के लिये कितने कल्याणकारी कार्य किये गए हैं, उससे युवा, महिला, पुरूष, बुजूर्ग और बच्चे किस रूप मे लाभावित हुए हैं, आउट सोर्सिंग कंपनी पीएसएमई सयाल प्रोजेक्ट ने झारखंड सरकार के नियमानुसार 40 हजार से कम वेतनमान में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगो को कितना रोजगार उपलब्ध कराई है, पीएसएमई ने अपने सीएसआर फंड का इस्तेमाल अभी तक कहां कहां किस रूप मे किया है, कामगार और वेंडर के बकाया का भुगतान क्यों रोककर रखा गया है सहित अन्य मांग शामिल है। मौके पर सुधीर कुमार, शिवजी ठाकुर, अजय कुमार सिंह, उपेंद्र यादव, भास्कर चैधरी, केशर यादव, संजय यादव सहित अन्य मौजुद थें। इधर पीएसएमई कंपनी के मुख्य गेट पर भुख हडताल की जानकारी मिलने के बाद सयाल पीओ सुबोध कुमार और पतरातु अंचल से सीआई पहुंचे। जहां अधिकारियों ने एचएन यादव को समझा बूझकर आंदोलन समाप्त करने की बात कही। लेकिन पूर्व सैनिक एचएन यादव अपनी मांगों अड़े रहें। इधर बताया जा रहा है कि प्रबंधन द्वारा एचएन यादव को आंदोलन स्थल से जबरदस्ती उठाने का भी प्रयास किया जा रहा था। समाचार लिखे जाने तक वार्ता जारी थी, लेकिन समन्वय नहीं बन पाया था।

### मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**गुमला :** खेलकूद एवम युवा कार्य निदेशालय,झारखंड, रांची के निर्देश के आलोक में जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर जिला खेल कार्यालय , गुमला द्वारा जिले में संचालित सभी डे बोर्डिंग,क्रीड़ा किसलय,खेलो इंडिया सेंटर और आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालय के दर्जनों में छात्र छात्राओं के साथ खिलाड़ियों ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने एवम इसके नुकसान को लेकर अपनी प्रतिभा को निखारते हुए चार्ट पेपर पर रंगो के माध्यम से उकेरी तथा मादक पदार्थों को रोकने हेतु अपनी अपील आम जनों से की। वहीं खेल विभाग के प्रशिक्षक बिना केरकेट्टा ,मनोज पाल, इमरान अली,संभू कुमार, महावीर लोहरा,रिजवान अली,संदीप ,निर्मला,रेशमा बानू ,अनीता ,कुसुम, रायमुनी ,सुबीर कुजूर आदि की उपस्तिथि रहे।

ज्ञातव्य हो जिले के विभिन्न प्रखंडों समेत जिला मुख्यालय में 19 जून से 26 जून पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता,योग कार्यक्रम, युवा संगोष्ठी, क्विज कंपटीशन, प्रभात फेरी, भाषण प्रतियोगिता,ड्राइंग कंपटीशन ,साइकिल रैली समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### सर्वसाधारण को सूचनार्थ एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया

**गुमला** – गुमला जिला मुख्यालय में अनुमण्डल पदाधिकारी,अंचल अधिकारी, गुमला एवं प्रशासक, नगर परिषद, गुमला के द्वारा संयुक्त रूप से नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत कुल सात स्थलों को चिन्हित करते हुए उक्त सभी को पार्किंग स्थल घोषित करने के निमित्त यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो तत्संबंधी आपत्ति दर्ज करने के लिए कार्यालय पत्रांक 536 दिनांक 30.05.2024 के द्वारा क्क्रहृश्व 325224 ष्द्बह्यह्लह्द्बष्ह्ल (24-25).ष्ठ के माध्यम से 15 दिनों का समय देकर आपत्ति आवेदन की मांग आम नागरिकों से की गई थी।

उक्त अवधि में एक मात्र स्थल (सिसई रोड में संत इग्नासियुस प्लस टू विद्यालय के घेराबंदी के सामने) को छोड़कर अन्य छः स्थलों के लिए किसी प्रकार का कोई आपत्ति आवेदन किसी भी नागरिक के द्वारा दर्ज नहीं की गई।

अतएव गुमला शहर के ट्रैफिक व्यवस्था को सुधार करने के उद्देश्य से छः स्थलों यथा:- (1) सिसई रोड में भट्ठी तालाब घेराबंदी के सामने (2) थाना रोड में महिला थाना परिसर के घेराबंदी के सामने (3) लोहरदगा रोड में पुराना सरकारी बस डिपू परिसर (4) जशपुर रोड में क्क्तुष्ठ घेराबंदी से सटकर एवं टंगरा मार्केट क्षेत्र (5) जशपुर रोड में बिरसा एग्रो पार्क प्रवेश द्वार के आस पास के क्षेत्र (6) कोर्ट परिसर में लाईब्रेरी एवं परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के आस पास के क्षेत्र को पार्किंग क्षेत्र के रूप में घोषित किया जाता है।

इस निमित्त निम्न स्थल यथा (1) जशपुर रोड में पटेल चौक से परमवीर अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा तक (2) मेन रोड में पटेल चौक से टावर चौक तक (3) सिसई रोड में टावर चौक से भट्ठी तालाब तक (4) थाना रोड में टावर चौक से थाना चौक तक (5) लोहरदगा रोड में टावर चौक से न्यू एम मार्केट तक एवं (6) पालकोट रोड में टावर चौक से भारतीय स्टेट बैंक के पहले तक नो पार्किंग जोन घोषित किया जाता है एवं आम जनताओं को सूचित किया जाता है कि अपना वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करते हुए सामानों का क्रय-विक्रय करना सुनिश्चित करेंगे।

अन्यत्र वाहन खड़ा किया जाने पर वाहन को जब्त करते हुए झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं मोटर वाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत दण्ड स्वरूप राशि की वसूली की जायेगी एवं ऐसे कृत्य करते हुए पाये जाने वाले व्यक्तियों के द्वारा किया गया किसी प्रकार का दावा को अमान्य समझा जायेगा।

# झारखंड में 22 जून को मानसून की इंट्री, तेज हवाओं के साथ वर्षा-वज्रपात का अलर्ट

**रांची।** राज्य का मौसम करवट ले रहा है। राज्य में 22 जून को मानसून की इंट्री होने की संभावना है। ऐसे में लंबे समय से गर्मी का आलम झेल रहे राज्यवासियों को गर्मी से राहत मिलने वाली है।मानसून के झारखंड में प्रवेश करने से पहले ही मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने कुछ जिलों में बारिश-वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही उत्तर पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी भागों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि गुरुवार को झारखंड में कुछ जगहों पर गरज और तेज हवाओं के साथ वज्रपात हो सकता है। इस दौरान वर्षा भी होगी। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। राज्य के उत्तर पूर्वी एवं दक्षिण पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

रांची में भी गुरुवार को बादल छाए रहेंगे। एक से दो बार हल्के से



मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की उम्मीद है। पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा जिले को भी लू यानी हीट वेव से राहत मिल सकती है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने वर्षा-वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। यहां 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल सकतीं हैं। कुछ जगहों पर वज्रपात भी हो सकता है।

इसके बाद 23 जून तक झारखंड में तेज हवाओं के साथ बारिश होती रहेगी। 21 जून को उत्तर-पूर्वी भागों में, तो 23 जून को उत्तर पूर्वी, दक्षिण पश्चिमी और उससे सटे इलाकों में भारी वर्षा होने की संभावना है। 22 जून को कुछ जगहों पर 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। कुछ जगहों पर वज्रपात हो सकता है। इस दौरान लोग सावधान रहें। किसान खेतों की ओर न जाएं। पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहें।

आनंद ने बताया कि अगले दो दिन के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आएगी। उच्चतम पारा दो से तीन डिग्री सेंटीग्रेड तक घट जाएगा। इसके बाद तीन दिन तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इस समय झारखंड के 14 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेंटीग्रेड या उससे अधिक है। 20 जून से 24 जून तक झारखंड के सभी जिलों के लिए वर्षा-वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, KutcheryChowk, Ranchi-834001
E-MailId - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No.: JUIDCO/NIT/PPP/ISBTJsr/609 Date: 19.06.2024

**Notice Inviting Tender**
**National Competitive Bidding**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Development of Inter -State Bus Terminal at Jamshedpur in Jharkhand on PPP Basis. |
| 2. | Mode of bid submission | Online Tender (e-tendering) |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 208.62 Cr. |
| 4. | Tender Fee & Bid Security | Cost of Tender Document: Rs. 25,000/- *(Rupees Twenty-Five Thousand) only* Bid Security: Rs. 2.09 Cr. *(Rupees Two Crore Nine Lakhs only)* |
| 5. | Date & Time of publication of Tender on website | 21/06/2024- Time 17:00 Hrs. |
| 6. | Date &Time for Pre-bid Meeting | 28/06/2024- Time 15:00 Hrs. |
| 7. | Last Date & Time for submission of online bids | 22/07/2024- Time 17:00 Hrs. |
| 8. | Last Date & Time for submission of EMD and Tender Fee on the e-procurement portal (Online) | 22/07/2024- Time 17:00 Hrs. |
| 9. | Date & Time of Technical bid opening | 23/07/2024- Time 17:30 Hrs. |
| 10. | Bid submission address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd., JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 11. | Helpline no. | +91651-2225878/ +91-9835165931 |

**Note: Only e-tenders will be accepted.**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website
https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**Project Director (Tech)**
**JUIDCO Ltd. Ranchi.**

PR 326945 Urban Development and Housing(24-25)D

## विधायक सविता महतो के प्रयास से तीन मध्य विद्यालय बना हाई स्कूल, नामांकन शुरू

**सरायकेला**

### विधायक ने जीता लोगों का दिल, ग्रामीणों ने जताया विधायक का आभार



ईचागढ़ की विधायक सविता महतो के अथक प्रयास से ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल प्रखंड के मध्य विद्यालय उरमाल, मध्य विद्यालय आसनबनी एवं कुकड़ू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौड़ा (कन्या) को हाई स्कूल का दर्जा मिला है। इन तीनों हाई स्कूल मे इसी सत्र से नामांकन शुरू हो गया है। नामांकन लेने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पत्र भी जारी किया है और तीनों हाई स्कूलों के प्रधानाध्यापकों कों नामांकन लेंने को कहा है। मालूम हो की इन तीनों विद्यालय कों हाई स्कूल बनाने कों लेकर ग्रामीणों ने कई बार लिखित तौर पर विधायक से आग्रह किया था। इसके बाद ईचागढ़ की विधायक सविता महतो हाई स्कूल का दर्जा दिलाने कों लेकर प्रयासरत थी। विधायक सविता महतो ने इस संबंध मे तत्कालीन शिक्षा मंत्री दिवंगत स्व. जगरनाथ महतो से भी कई बार मिलकर फाइल कों आगे बढ़ाने का काम किया था। वहीं तत्कालीन शिक्षा मंत्री के निधन के बाद भी लगातार प्रयासरत थी और इस मुद्दे कों विधानसभा के पटल पर भी रखी थी। जहां विधायक के द्वारा विधानसभा मे सवाल उठाने के बाद सरकार ने जल्द ही कागजी प्रकिया पूरी करने के बाद इन स्कूलों कों हाई स्कूल कों दर्जा देना का भरोसा दिया था। इन तीनों स्कूलो मे से कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के चौड़ा स्कूल को हाई स्कूल बनाये जाने कों लेकर कई बार वहां के स्थानीय लोग ईचागढ़ की विधायक सविता महतो से मिले थे और चौड़ा गांव में संचालित हाई स्कूल को पुनः चालू किये जाने का मांग किया था।

**चौड़ा हाई स्कूल कों भाजपा सरकार ने किया था बंद**

मालूम हो कि मध्य विद्यालय चौड़ा को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री दिवंगत स्व. सुधीर महतो के कार्यकाल के दौरान ही हाई स्कूल का दर्जा मिला था। लेकिन लगातार चार बार मैट्रिक की परीक्षा होने के बाद तत्कालीन रघुवर दास की भाजपा सरकार ने वर्ष 2018 में चौड़ा हाई स्कूल को तिरुलडीह हाई स्कूल में शिप्ट कर दिया गया था। जो कि चौड़ा से 06 किलोमीटर दूर है। जिसके कारण चौड़ा गांव के छात्रों को आठवी तक पढ़ाई करने के बाद शिक्षा छोड़ना पढ़ रहा था। वहीं ग्रामीणों के मांग को गंभीरता पूर्वक लेते विधायक सविता महतो वर्ष 2020 से ही चौड़ा स्कूल कों पुनः हाई का दर्जा दिलाने कों लेकर प्रयासरत थी। इधर राज्य सरकार के द्वारा चौड़ा हाई स्कूल के संचालन से संबंधित पत्र जारी होने के बाद भी नामांकन शुरू नहीं हुआ था। जहां इसे लेकर विधायक सविता महतो 18 जून 2024 कों सरायकेला जिला के उपायुक्त से मिलकर नामांकन से संबंधित आदेश जारी करने का आग्रह किया था। जहां इसके बाद उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कों आदेश पत्र जारी करने का निर्देश दिया था। जहां उसी दिन जिला शिक्षा पदाधिकारी ने तीनों नव उत्क्रमित हाई स्कूलों के प्रधानाध्यापक कों नामांकन लेने से संबंधित आदेश जारी किया है। इधर आदेश जारी होने के बाद नवमी कक्षा मे नामांकन भी शुरू हो गया। नामांकन शुरू होने और पुनः चौड़ा स्कूल कों हाई स्कूल दर्जा दिलाने कों लेकर चौड़ा अंजुमन कमिटी के सदर मो रफीक अंसारी, तिरुलडीह अंजुमन कमिटी के सदर असगर अली अंसारी, उप प्रमुख मो, एकराम अंसारी, तनवीर आलम, अब्दुल गफ्फार अंसारी, इरफान अंसारी, अंसार अली, अब्दुल रशीद अंसारी, समेत चौड़ा एवं तिरुलडीह के दर्जनों लोगों ने विधायक सविता महतो का आभार जताया है। इसकी जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलू महतो ने दी।

## कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
## विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, राँची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11/24–25.

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 28/06/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 29/06/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 29/06/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल राँची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्यवहार न्यायालय, गढ़वा के 13 कोर्ट भवन में अधिष्ठापित 02 अदद् लिफ्ट के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 7,80,777=00 | 1250=00 | 16,000=00 | तीन वर्ष |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।

PR.NO.326900 Energy(24-25):D

## आजसू नेता हरेलाल महतो की पहल पर मृतक के परिजनों को मिला मुआवजा




**सरायकेला :** चांडिल प्रखंड के चिलगु स्थित आजसू पार्टी के ईचागढ़ विधानसभा प्रधान कार्यालय में बुधवार को नीमडीह के कामाडुलू के मृतक सुकेन चन्द्र महतो के परिजनों को मुआवजा राशि सौंपा गया। मृतक सुकेन चन्द्र महतो चांडिल के पसारी कास्टिंग एंड रोलिंग मिल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मजदूर था। बुधवार को आजसू केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो की उपस्थिति में कंपनी प्रबंधन और मृतक मजदूर सुकेन चन्द्र महतो के परिजनों तथा कामाडुलू गांव के ग्रामीणों के बीच मुआवजा को लेकर वार्ता हुई। जिसमें कंपनी की ओर से मृतक के परिजनों को आठ लाख रुपये मुआवजा भुगतान करने पर सहमति बनी। वार्ता सफल होने के बाद आजसू नेता हरेलाल महतो की उपस्थिति में कंपनी के प्रबंधक शैलेस कुमार अम्बष्ठ ने मृतक के पिता के हाथों तत्काल दो लाख रुपये नकद राशि सौंपा। वहीं, मृतक सुकेन चन्द्र महतो के बेटी और बेटा के नाम पर तीन - तीन लाख रुपये की राशि बैंक खाते में हस्तांतरण करने की सहमति बनी। इस मौके पर आजसू नीमडीह प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर सिंह सरदार, रवि महतो, सत्यवान माहली, मिथुन पांडे, मृतक के पिता सनातन महतो, मृतक के भाई शंभु नाथ महतो आदि मौजूद थे। मालूम हो कि 24 दिसंबर 2023 की रात को चांडिल के गांगूडीह स्थित पसारी कास्टिंग एंड रोलिंग मील प्राइवेट लिमिटेड में काम करने के दौरान सुकेन चन्द्र महतो गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद करीब छह महीने तक विभिन्न अस्पतालों में उसका इलाज हुआ। लेकिन अंततः 18 जून की शाम को इलाज के दौरान आदित्यपुर स्थित ईएसआई अस्पताल में उसकी मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने उसका पोस्टमार्टम करवाया। वहीं, मुआवजा की मांग लेकर आजसू नेता हरेलाल महतो से सहयोग मांगा था। जिसपर हरेलाल महतो ने पहल करते हुए कंपनी प्रबंधन से मुआवजा देने की मांग रखी थी।

## जागरूकता वाहन को उप विकास आयुक्त नें किया रवाना

**सरायकेला :** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निदेर्शानुसार 19 जून से 26 जून 2024 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसको लेकर बुधवार कों जिला समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बर्दियार ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर अपर उपायुक्तसंजय कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू, जिला कल्याण पदाधिकारी गोपी उरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर उपस्थित रहे। इस दौरान उप विकास आयुक्त नें कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत दोनों अनुमंडल क्षेत्र के लि दो जागरूकता रथ को रवाना किया गया। जागरूकता रथ अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रो में भ्रमण कर लोगो को मादक पदार्थों के दुरुपयोग, मादक पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कर लोगो को जागरूक करेगी। उन्होंने कहा कि अभियान के प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने की आवश्यकता है, जिसके तहत जिला प्रशासन सहित गैर सरकारी संस्थानों, जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**पुनः अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 03/2024–25**

दिनांक /06/2024

मद का नाम :– 15वें वित्त आयोग मद

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरही | करियातपुर बाजार में 32 अदद दुकान हेतु मार्केट निर्माण। | 9999500.00 | 10000.00 | 200000.00 | नौ माह |
| 2 | बरही | करियातपुर बाजार में 16 अदद दुकान हेतु मार्केट निर्माण। | 7091300.00 | 10000.00 | 142000.00 | नौ माह |
| 3 | बरही | करियातपुर बाजार में 16 अदद दुकान हेतु मार्केट निर्माण। | 6498000.00 | 10000.00 | 130000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 24.06.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 24.06.24 से 02.07.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 04.07.2024 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 326880 District(24-25)#D

## विधानसभा चुनाव तक आराम न करें झामुमो कार्यकर्ता: जुबैर अहमद

**खूंटी, ।** झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कार्यकताओं का आह्वान किया है कि विधानसभा चुनाव तक आराम न करे। जिलाध्यक्ष तोरपा में बुध्वार को आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गयी तथा आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाई गयी। समीक्षा के दौरान विभिन्न प्रखंड़ों से आये कार्यकताओं ने लोकसभा चुनाव की रिपोर्ट बैठक में रखी। उन्होंने विभिन्न प्रखंड में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को मिले वोट की चर्चा की।जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और लगन की बदौलत इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को तोरपा विधानसभा में रिकॉर्ड मत मिले। खूंटी तथा तोरपा विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन का विधायक नहीं होने पर भी दोनों क्षेत्र में रिकार्ड बढ़त मिली। उन्होंने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव तक इस बढ़त को बनाकर रखना है।पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुड़िया ने कहा कि कार्यकर्ता अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जायें। बैठक में 20 जून को तोरपा में आयोजित होनेवाले विजय जुलुस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो तथा धन्यवाद ज्ञापन अमृत हेमरोम ने किया।

## कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ नगर परिषद् द्वारा निकाले गए निविदा संख्या–NIT/RGH/NP/06/2024-25 जिसका PR No.- 326662 District (24-25) के द्वारा प्रकाशित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा को रद्द किया जाता है।

प्रशासक
नगर परिषद रामगढ़।

PR 326840 (District) 24-25 (D)

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।

**–:: निविदा रद्द संबंधी सूचना ::–**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Changing of 32mm dia G.I. Rotten Riser Pipe, Connecting Rod, C.I. Cylinder (Wherever Required) of Drilled Tube Well India Mark-II (IS:9301/1990) and depositing taken out old materials to departmental store etc. all complete job in Rural Areas under D W & S Division, Hazaribagh for the year 2023-24 on "Turn-Key Basis" जिसका P.R. No.:- 320813 Drinking Water and Sanitation (23-24):D है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग।

PR 326914 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

**सूचना**

एतद् द्वारा राँची जिला के जलाशयों मत्स्य कृषकों (मछुआरों) को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 – 04, दिनांक 30.05.2024 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना "केज कल्चर विस्तार और सुदृढ़ीकरण" अंतर्गत राँची जिला के खदानों में 02 बैटरी केजों के अधिष्ठापन एवं इनपुट का लक्ष्य प्राप्त है। ऐसे मत्स्य कृषक जो खदानों में मत्स्य पालन के इच्छुक हो, इस योजना का लाभ लेने के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में विहित प्रपत्र में दिनांक 05.07.2024 तक आवेदन कर सकते है। लाभुकों के चयन में विस्थापितों, जलाशय के मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्यों, तथा मत्स्यजीवी सहयोग समिति को प्राथमिकता दी जाएगी। इस योजना अंतर्गत लाभुकों को अनुदान पर नाव एवं लाईफ जैकेट उपलब्ध कराने का भी प्रावधान है। योजना का विवरण निम्न प्रकार है :–

| केज बैटरी अधिष्ठापन 12 मी0 x 8मी0 x 5 मी0 आकार का | | | | केज में इनपूट (प्रति केज बैटरी) | | नाव की आपूर्ति | | | लाईफ जैकेट (MMD Approved, 6.5 kg floatability तथा 80 x 37 x 10 cm साईज के 100 Neopolene foam and Airex filling ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रति इकाई बैटरी का अनुमान्य लागत | | | | | लक्ष्य | अनुमान्य लागत | | लक्ष्य | अनुमान्य लागत | |
| लक्ष्य | विभागीय अनुदान की राशि (रू0 में) 90% | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में) 10% | कुल (रू0 में) | विभागीय अनुदान की राशि (रू0 में) | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में) | | विभागीय अनुदान की राशि (रू0 में) | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में) | | विभागीय अनुदान (रू0 में)75% | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में)25% |
| 02 बैटरी केज | 3,22,200/– (अधिकतम) | 35,800/– | 3,58,000/ – | 50% अधिकतम 2,00,000/– रू0 | शेष इनपूट सामग्री क्रय का व्यय भार लाभुक के द्वारा वहन किया जाएगा। | 01 | 30,000/– प्रति नाव | 3,000/– प्रति नाव | 02 | अधिकतम 1815/– रू0 प्रति लाईफ जैकेट | अधिकतम 605/– रू0 प्रति लाईफ जैकैट |

1. खदानों का चयन :– (क) जिनका क्षेत्रफल ज्यादा हों।
(ख) पहुँच पथ हो तथा आबादी के नजदीक हों।
(ग) मत्स्यजीवी सहयोग समिति गठित हो अथवा स्थानीय लाभुक अपना अंशदान लगाने के इच्छुक हों।
2. लाभुकों का चयन :– (क) लाभुकों के चयन में खदानों के विस्थापितों को प्राथमिकता दी जाएगी।
(ख) यदि खदान के उपयोग हेतु मत्स्यजीवी सहयोग समिति गठित हो तो उसके सदस्य हों।
(ग) खदान के आस–पास के निवासी हों।
(घ) लाभुक अपना अंशदान लगाने का इच्छुक हो/सक्षम हो।
(ङ) मत्स्यजीवी सहयोग समिति भी लाभुक हो सकती है।
(च) एक बैटरी में अधिकतम दो लाभुक साझा हो सकते है।

– लाभुक के द्वारा केज का निर्माण एवं अधिष्ठापन का कार्य इस हेतु मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा **Empanelled** फर्म/संवेदक से कराया जाएगा।
– आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची में निःशुल्क उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 326925 Fish(24-25).D

## संक्षिप्त खबर

### बड़कागांव पुलिस ने अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर को पकड़ा

**बड़कागांव।** 10 जून से बालू पर एनजीटी लागू होने के बावजूद बड़कागांव थाना क्षेत्र में अवैध बालू ढुलाई जारी था। वहीं मंगलवार शाम को बड़कागांव पुलिस ने थाना क्षेत्र हजारीबाग रोड़ स्थित लिखलाही घाटी से अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर पकड़कर बड़कागांव थाना परिसर लाकर आगे के कार्रवाई के लिए बड़कागांव अंचलाधिकारी को अग्रसारित किया गया। यह कार्रवाई बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक एनजीटी लागू है और इस दरम्यान अवैध बालू ढुलाई करने वाले वाहनों का निरंतर कार्रवाई जारी रहेगा। वहीं कार्रवाई में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के अलावे सशस्त्र दल के जवान शामिल थें।

### एकलौते हाथी पिछले दो रातों से पसेरिया-जोराकाठ में जमकर मचाया उत्पात, चार घरों को तोड़ा

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में हाथी का कहर रुकने का नाम नहीं लें रहा है। पिछले एक सप्ताह से एकलौते हाथी का बड़कागांव प्रखंड में तांडव जारी है। वहीं पिछले दो रातों से आधा दर्जन गांवों इंदिरा, पसेरिया, लुरुंगा गोंदलपुरा, जोराकाठ में जमकर उत्पाद मचाया व पसेरिया में नागेश्वर गंझू तथा दिलीप तिर्की व जोराकाठ में दो घरों को तोड़ा। वहीं बड़कागांव वन विभाग तथा स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा हाथी भगाने का प्रयास अंधेर रात्रि में चलता रहा और अंततः हाथी बड़कागांव वन क्षेत्र से बाहर हजारीबाग सदर वन क्षेत्र में पहुंच गया। वहीं बड़कागांव वन विभाग के पदाधिकारी ने कहा कि जिनका घरों का नुकसान हुआ है वो अंचल कार्यालय से रिपोर्ट करके जमा करेंगे उनको मुआवजा व क्षतिपूर्ति दिया जाएगा।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में नामजद अभियुक्त तेलंगाना से गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बरही।** बरही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।एक माह पूर्व बरही थाना अंतर्गत एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने, बहला फुसला कर भगा ले जाने का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें बरही पुलिस ने कांड दर्ज करते हुए जांच में जुट गई थी। लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें अब बड़ी सफलता हाथ लगी है। अभियुक्त को सिकंदराबाद तेलंगाना से गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर बरही थाना लाया गया। जिसमे नामजद अभियुक्त अरुण कुमार दास उर्फ बबलू कुमार दास पिता बिरजू दास रामपुर डेबो चौपारण थाना निवासी को न्यायिक हिरासत में लेकर हजारीबाग जेल भेज दिया गया है। वही युवती को 164 बयान व मेडिकल के लिए भेजा गया है।

# मादक पर्दाथों के विरुद्ध जागरूकता रथ को डीडीसी ने हरि झंडी दिखाकर किया रवाना

**मादक पर्दाथों के विरुद्ध जागरूकता उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्र में आयोजित होंगे कार्यक्रम, सभी की सहभागिता आपेक्षित: उप विकास आयुक्त**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार 19 जून से 26 जून 2024 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस निमित्त बुधवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक प्रेरणा दीक्षित ने हजारीबाग जिले में नशा मुक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी निवेदिता रॉय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार उपस्थित रहें। इस दौरान उप विकास आयुक्त नें कहा कि, मादक निषिद्ध पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित



किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यशाला, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जिसमें बाजार-हाट आदि में नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम सहित विद्यालय स्तर पर क्विज व निबंध लेखन आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं संचालित की जाएगी। जिसमे सभी की सहभागिता आपेक्षित है। उन्होंने कहा की अभियान के सफल क्रियान्वयन में प्रशासन का सहयोग करें ताकि युवा वर्ग तथा अगली पीढ़ी को नशा की क्षेत्र में जाने से रोजा जा सकें साथ ही मादक प्रदार्थो के सेवन के दुरुपयोग से लोगो को अवगत कराया जा सकें।

### नशे को ना, जिंदगी को हां

18 वर्ष से कम आयु को मादक पदार्थ की बिक्री गैरकानूनी है। शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के क्षेत्रफल में मादक पदार्थ की बिक्री गैरकानूनी है।

**मादक पदार्थों की खरीद बिक्री करना अपराध है।**

नशीले पदार्थ की गैर कानूनी तरीके से खेती दण्डनीय अपराध है। नशीले पदार्थ का उत्पादन, भंडारण, बिक्री, परिवहन उपयोग दण्डनीय अपराध है। कठोर सजा का है प्रावधान, बीस साल तक की हो सकती है सजा। दो लाख या इससे अधिक का हो सकता है जुमार्ना।

### कुछ मामलों में मृत्युदंड का भी है प्रावधान

**मादक पदार्थ/अफीम की खेती से जुड़ी कोई भी सूचना टोल फ्री नम्बर 112 पर दीजिये। ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए प्रशासन का साथ दीजिये। आपके द्वारा दी गयी जानकारी पर त्वरित कारवाई होगी आपकी पहचान गुप्त रखी जायेगी।**

**आजसू केरेडारी प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न**

## 22 जून पार्टी स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी आजसू



उज्ज्वल दुनिया संवाद दाता

**केरेडारी।** बुधवार को पंचायत भवन केरेडारी में आजसू पार्टी केरेडारी प्रखंड कमिटी की एक आवश्यक बैठक हुई! बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद महतो तथा संचालन प्रखंड सचिव मोहन कुमार ने किया! बैठक के दौरान आगामी प्रस्तावित कार्यक्रमों की सफलता पर विशेष रूप से चर्चा हुई! प्रस्तावित कार्यक्रमों में आगामी 22 जून को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर बलिदान दिवस युवा सम्मेलन के रूप में मनाई जाएगी !8 अगस्त को शाहिद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया जाएगा !आजसू पार्टी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल सेंटर की स्थापना की जाएगी! 9 अगस्त को वृहत रूप से विश्व आदिवासी दिवस मनाया जायेगा! 16 अगस्त से 20 अक्टूबर तक सुदेश कुमार महतो और राज्य में विधानसभावार पदयात्रा करेंगें! 26 जून से 26 जुलाई तक ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुख का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा!

## 100 एकड़ गैरमजरूआ जमीन की बिचौलियों द्वारा की जा रही अवैध बिक्री

भास्कर दुबे/उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड में लंबे समय से भूमाफियाओं का तांडव चलता आ रहा है लेकिन अभी तक इसके विरुद्ध कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है। आए दिन इस मामले में नई कहानियां जुड़ती रहती हैं। इसी क्रम में विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय से लगभग 400 मीटर दूर चेडरा मौजा अंतर्गत खाता संख्या 1, प्लॉट संख्या 101 एवम रकबा तकरीबन 100 एकड़ भूखंड है। सर्वे खतियान विष्णुगढ़ के तत्कालीन जमींदार महंत सरुप दास के नाम से दर्ज है एवम खतियान में यह भूखंड जंगल झाड़ दशार्या गया है। उक्त भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर बिक्री की जा रही है। इस संबंध में विष्णुगढ़ आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने जिला उपायुक्त को पत्र लिख कर अवगत कराते हुए बताया की

### अंचल कार्यालय से महज 100 मीटर दूरी पर स्थित है जमीन, मिली भगत से हो रहा है खेल

वर्तमान स्थिति यह है की इस भूखंड पर दर्जनों लोगों ने अवैध कब्जा जमा कर अपना आशियाना खड़ा कर लिया है। इसमें अंचल के कर्मियों के अलावा भूमाफियाओं के गठजोड़ की भी बात कही जा रही है।गैरमजरुआ जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती इसलिए एग्रीमेंट पर इस जमीन की खरीद बिक्री निरंतर भूमाफियाओं द्वारा किया जा रही है। इसकी गहराई से जांच करने पर संलिप्त भू-माफिया, सरकारी कर्मी, बिचौलिए तथा खरीद फरोख्त में शामिल लोगों के नाम का खुलासा हो सकता है। इसके पूर्व में भी पत्रांक 129/23 दिनांक 11 दिसंबर 2023 के माध्यम से इस बाबत लिखित आवेदन दिया जा चुका है, इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। संबंधित मामले में आग्रह किया गया है की सार्वजनिक उपयोग में आने वाली सरकारी भूमि को लूटने से बचाया जाए एवम इसकी जांच कर सम्मिलित लोगों पर आवश्यक कार्रवाई कर भूमि को अवैध कब्जे से अतिक्रमण मुक्त बनाने की कृपा की जाए। इसकी प्रतिलिप जिला आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला अपर समाहर्ता एवम भूमि सुधार उपसमाहर्ता को भी दी गई है। ऐसे कई मामले हैं उक्त भूमि के साथ साथ आस पास की भूमि के, वर्षों से जाली हुकुमनामा बना कर अवैध जमाबंदी दर्ज कर किया जा रहा है अवैध कब्जा और खरीद बिक्री।

## हजारीबाग यूथ विंग ने ओल्ड ऐज होम के बुर्जुगों के बीच किया सेवा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** सेवा भाव के कार्य के लिए हर कोई हर समय तैयार रहता है इसी सेवा भाव के कार्यों को पिछले दो वर्षों से निरंतर रूप से हजारीबाग यूथ विंग की टीम कर रही है, बुधवार को हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा एसपी कोठी स्थित ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के बीच अपनी सेवा प्रदान किया गया, इस सेवा के बीच बुजुर्गों को फल का वितरण किया गया। सभी बुजुर्गों के चेहरे पर एक अलग खुशी और उमंग देखने को मिली,सभी बुजुर्गों ने अपना भरपूर आशीर्वाद सभी लोगों को दिया। सभी लोगो ने कई मिनट तक सभी से उनके सुख-दुख तथा उन्हें हो रही परेशानियों का घर जैसा वातालार्प किया। अंत में सभी के साथ एक सामूहिक तस्वीर ली गई और सभी के उत्तम स्वास्थ्य की सभी ने कामना की। मौके पर यूथ



विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की हम कोई भी खुशी इन बुजुर्गों के साथ अवश्य मानते हैं चाहे वह होली हो चाहे वह दिवाली हो या कोई अन्य त्यौहार या जन्मदिवस इन्हीं खुशियों के बीच इनके संग खुशियां मनाने हम सभी आते हैं। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की ऐसे स्थान पर सेवा

- **यूथ विंग की टीम हर खुशी इनके साथ मनाती है : चंद्र प्रकाश जैन**
- **ऐसे स्थान पर सेवा करने से मन काफी प्रश्न और प्रभावित होता है : करण जायसवाल**

करने से मन काफी प्रश्न और प्रभावित होता है, इनका आशीर्वाद समस्त लोगों पर बनी रहे, हमारे टीम के सभी लोग भी इस सेवा कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित किए, इससे पूर्व में कई बार यहां पर आया हूं परंतु कुछ दिन पूर्व होली का त्योहार यहां पर मनाने आया था काफी अच्छा अनुभव हुआ मुझे और आज भी काफी अच्छा लगा। मौके पर संजय कुमार,उपाध्यक्ष विकास केसरी,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार पांडे,विकास तिवारी,प्रिंस कसेरा सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### निर्मल जैन 93 वीं बार रक्तदान कर रक्तदान शिविर का किया उद्घाटन



**हजारीबाग।** वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन 93 वीं बार रक्तदान कर के किया तत्पश्चात एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य रजत जैन ,राजेश जैन सेठी रौनक जैन ,संजय श्रीवास्तव-हेमा श्रीवास्तव( पति- पत्नी), अभिषेक अग्रवाल- अनीता अग्रवाल ( पति -पत्नी),ओम प्रकाश ,डॉ संजय कुमार (दंत चिकित्सा)सुरेंद्र कुमार, मोनू कुमार ,सिम्मी राजा, दीपक राणा, सिद्धार्थ जैन (सी ए )नितेश कुमार मिश्रा, लखराज कुमार ,नागेंद्र राणा, अनिमेष जैन ,राहुल जैन, पिंटू यादव, इलियास, रवि कुमार, शंभू कुमार, संतोष कुमार मेहता, अजीत राणा, मुन्ना सिंह, विजय प्रसाद ,दिलीप प्रसाद गुप्ता आदि 29 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। शिविर को सफल बनाने में विनीत अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य राजेश जैन सेठी ,रजत जैन पदमा प्रभारी पुरुषोत्तम पांडे, मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर नीरज कुमार मुरली प्रजापति शीला कुमारी मधु कुमारी निहाल राज उदय कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

### सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**बरकट्ठा।** झारखंड शिक्षा परियोजना प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा के निदेर्शानुसार 19 और 20 जून को बरकट्ठा स्टेडियम में 63वी इंटरनेशनल सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का उदघाटन 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार ने संयुक्त रूप से फिता काटकर उद्घाटन किया। उदघाटन मैच खैरियों और गंगपाचो के बीच खेला गया जिसमें गंगपाचो दो गोल से पराजित हो गया। वहीं बरकट्ठा प्लस टू हाई स्कूल और कपका के बीच मैच जारी है। मौके पर हरिकांत पांडेय, वीरेंद्र कुमार, दिनेश तिवारी, गोपाल राम, पूनम कुमारी, बाबूराम मांझी, धनंजय रवानी, परमेश्वर प्रसाद, महेश प्रसाद, मधुलाल यादव, अशोक विश्वकर्मा, राजीव कुमार दत्ता,सुबोध चौधरी, साधन कुमार रवानी,राजकुमार रविदास, संजय मेहता, विनय कुमार, पूनम महतो, हीरालाल महतो,इम्तियाज अंसारी, रंजीत कुमार, राजेश कुमार शर्मा के अलावे बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़-बगोदर मुख्य मार्ग में सूखे पेड़ से बड़ी दुर्घटना घटने की संभावना



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़-बगोदर एनएच 522 मुख्य मार्ग में सड़क किनारे कई सूखे पेड़ बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। बता दें की क्षेत्र में बरसात दस्तक देने को है और बरसात के मौसम में आंधी-तूफान का आना आम बात है, ऐसी स्थिति में तेज आंधी से इन सूखे पेड़ों का कभी भी गिरना स्वाभाविक है। विष्णुगढ़-बगोदर मार्ग आवागमन के लिए मुख्य मार्ग जिसमे चौबीसों घंटे छोटे से बड़े वाहनों का आना जाना लगा रहता है। इसलिए इन सूखे पेड़ों पर ध्यान देना अति आवश्यक है क्योंकि संभवतः बरसात के मौसम में चलने वाली तेज आंधी में यदि सूखे पेड़ किसी चलते वाहन में अचानक गिर जाते हैं तो बड़ी दुर्घटना घट सकती है। पूर्व में भी इस मार्ग में सूखे पेड़ चलते वाहन में गिरे हैं। ऐसी दुर्घटना से बचाव हेतु क्षेत्र के वन विभाग सह प्रखंड स्तर प्रशासन को विशेष ध्यान देते हुए ऐसे सूखे पेड़ों को हटाना जरूरी है ताकि आवागमन करने वाले लोगों की सुरक्षा बनी रहे। बरसात के दस्तक देने से पूर्व ही उचित कदम उठाते हुए क्षतिपूर्ति से बचा जा सकता है।

# दामोदर घाटी निगम,हजारीबाग परियोजना में हिंदी की विशेष कार्यशाला का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**हजारीबाग।** दामोदर घाटी निगम के हजारीबाग परियोजना में बुधवार को हिन्दी की विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विभिन्न कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा नोडल अधिकारियों के लिए आयोजित की गई थी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप निदेशक (कार्यान्वयन-पूर्वी क्षेत्र) निर्मल कुमार दुबे थे एवं विशिष्ट अतिथि संजय कुमार, निदेशक (भूसंवि) व परियोजना प्रमुख एवं अध्यक्ष, राभाका समिति; अमीत कुमार शील, उप मुख्य अभियंता, टीएससी; डॉ० अशोक कुमार, उप मुख्यी चिकित्साक अधिकारी, दाघानि चिकित्सुालय दाघानि, हजारीबाग थे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। संजय कुमार, निदेशक (भूसंवि) व परियोजना प्रमुख ने राजभाषा अनुभाग द्?वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए उप प्रबंधक (राजभाषा) से आगे भी इसी तरह की कार्यशाला अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु भी आयोजित करने की कामना की जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी में कार्यालयीन कार्य करने का उत्साह बना रहे। अमीत कुमार शील ने राजभाषा अनुभाग, हजारीबाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की एवं इसे इसी तरह बरकरार रखने की अपील की ताकि दामोदर घाटी निगम में सभी कार्यालयीन कार्य हिन्दी में होता रहे। मुख्य अतिथि निर्मल कुमार दुबे ने राजभाषा नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि राजभाषा नोडल अधिकारी राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति सबसे अधिक जिम्मेदार होते हैं। वे राजभाषा विभाग और अपने कार्यालय के बीच सेतु का कार्य करते हैं । दिनांक 14 जून, 2024 को सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संपूर्ण भारत के केन्द्रीय कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्व्यन संबंधी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था, उस बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी को यह अवगत कराने का निर्देश दिया ह्यह्नराजभाषा कार्यान्व्यन को केन्द्रीय कार्यालयों द्वारा गंभीरता पूर्वक लिया जाना अवश्यक है । पहले यह देखा जाता रहा है कि हिंदी में मूल पत्राचार को अग्रेषण पत्र, पत्रों के जवाब के लिए पावती भेज दिये जाने की परंपरा रही है । इस प्रकार के शॉर्टकट माध्यम को अविलंब रोका जाय और मूल पत्राचार को हिंदी में लिखा जाना सुनिश्चित किया जाय। ई-मेल, ई-ऑफिस, टिप्पणियों आदि में हिंदी का मौलिक उपयोग में बढ़ोत्तयरी की जाय । इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शीघ्र ही राजभाषा कार्यान्वायन को गंभीरता से नहीं लेने वाले कार्यालयों पर भविष्य में दण्डात्मक कार्रवाई किये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया जाएगा। कार्यशाला के दौरान दीपक कुमार, राहुल रंजन, नीलू कुमारी, अरूण सिन्हा, धीरज कुमार, सुनील कुमार, मदन कुमार, शंकर सिंह, अनिल मिश्रा, दीपक राणा आदि उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ० जितेंद्र झा ने किया ।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जननायक राहुल गांधी का सदर अस्पताल में मरीजों के साथ मनाया जन्मदिन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय राजनीति के गौरवशाली परम्परा का निर्वहन कर रहे देश के लिए समर्पित, दिल में सेवा भाव,जिगर में तूफान, हथेली पर जान लेकर समर्पित भाव से काम कर रहे काँग्रेस नेता राहुल गांधी का 54 वा जन्म दिवस महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एम एन भगत के अध्यक्षता में शेख बिहारी सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल बिस्कुट बॉट कर मनाया । इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ने राहुल गांधी के दीघार्यु और उज्जवल भविष्य की कामना की। बताते चलें कि राहुल गांधी का जन्म 19 जून, 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की ज्येष्ठ संतान हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य हैं। इस अवसर पर अशोक देव, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा , जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान,कृष्णा किशोर प्रसाद,महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, कृष्ण देव प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार, सदरुल होददा, बाबर अंसारी, बबलू सिंह, विजय कुमार सिंह, रघु जायसवाल, मो मुश्ताक, अजीत कुमार सिंह, अनिल कुमार भुईया, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, रविंद्र प्रताप सिंह, देवधारी प्रसाद मेहता,विककी धान,सुजीत सिंह,दिनेश यादव आदि सैकड़ों काँग्रेसजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जन जागरण केन्द्र द्वारा चेडरा में ग्रीष्मकालीन खेलमेला का आयोजन



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत में बुधवार को छालांग परियोजना के तहत पिरामल फोडेसन एवं जन जागरण केन्द्र हजारीबाग के द्वारा गर्मी की छुट्टी में खेल मेला का आयोजन किया गया। खेल मेला जनजागरण से फील्ड कोऑर्डिनेटर राहुल राज और धीरज सोनी के सहयोग से आयोजित किया गया। आयोजित खेल मेला में उपस्थित गांव के ग्रामीण तथा बच्चे-बच्चियां उपस्थित रहे। इस खेल मेले में बायल्डिंग बिल्डोजर, ट्रेजर हंट, कबड्डी, डॉज बॉल, मूव एंड स्टॉप जैसे विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन करवाया गया। छलांग परियोजना शारीरिक और मानसिक विकास में कारगर साबित हो रहा है। स्कूल की छुट्टी में बच्चे पढ़ाई के साथ साथ खेल भी सीख रहे हैं।

### 105 वर्षीय समाजसेवी जीबलाल साव अब नहीं रहें, गांव में शोक कि लहर

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार पंचायत के टिकरी टांड निवासी सह समाजसेवी 105 वर्षीय जिबलाल साव अब नहीं रहें। जिबलाल साव मंगलवार रात्रि सुबह 3.00 बजे अंतिम सांस ली। अंतिम यात्रा में बाजे गाजे के साथ पुरा गांव भ्रमण कराया गया। जिबलाल साव तीन भाई व दो बहन में सबसे बड़े थे। वहीं जिबलाल साव का एक छोटा भाई व एक छोटी बहन पहले ही स्वर्ग पधार चुकें हैं। वहीं जिबलाल साव अपने पीछे बेटा-बहू सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गयें।

### बरही से श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ के लिए हुआ रवाना



बरही। अमरनाथ की यात्रा को तीर्थों का तीर्थ कहा जाता है क्योंकि यहीं पर भगवान शिव ने माँ पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था। शिव भक्तों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए बरही से रवाना हुआ। यात्रा संयोजक सुबोध पाण्डेय ने बताया कि हमारा यह जत्था जम्मू और फिर पहलगाम, चंदनवाड़ी के रास्ते बाबा बर्फानी के दर्शन कर बालटाल से होता हुआ वैष्णोदेवी के दर्शन कर 14 दिनों की यात्रा पूर्ण कर वापस बरही आएगा। वह बताते है कि पिछले 25 वर्षों से वह अमरनाथ यात्रा पर जा रहे है। उन्होंने बताया कि अमरनाथ के अलावा श्रद्धालुओं का जत्था केदारनाथ, बद्रीनाथ, माता वैष्णो देवी का भी दर्शन करेंगे। वहीं लौटने के दौरान हिमाचल कस सभी मंदिर जैसे ज्वाला मुखी, चिंतपूर्णी देवी मंदिर, बगलामुखी देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों का भी दर्शन करेगा। श्रद्धालुओं में सुबोध पाण्डेय, रोहित सिंह, प्रिंसिपल श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल, लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, संतोष सिंह शामिल है।

## जिले के कई रमणीक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर उपायुक्त ने दिया जोर

# वीरान व सुनसान पड़े स्थल होंगे गुलजार: उपायुक्त

**जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी ने छड़वा डैम, लोटवा डैम, चमेली झरना आदि स्थलों का किया भ्रमण**



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार बुधवार को पर्यटन नोडल पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी ने हजारीबाग जिले के रमणीक स्थलों का भ्रमण कर पर्यटन के लिहाज से इन क्षेत्रों में विकास के संभावनाओं के बाबत निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा है कि पर्यटन की दृष्टि से हजारीबाग जिला में असीम संभावनाएं है, यहां के घने जंगल, डैम, नदियां, झरने आदि खूबसूरत वादियों से पटा हुआ है। इन स्थलों को विकसित करने से इन्हें संग्रहित भी किया जा सकेगा साथ ही साथ स्थानियों के लिए रोजगार के द्वार खुल भी जाएंगे। पर्यटन पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर इन स्थलों पर किए जा सकने वाले कार्यों की विस्तृत सूची उपलब्ध कराई जाएगी साथ ही इन कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए रूप रेखा भी उपायुक्त के निर्देशन में तय की जाएगी। इन सुनसान स्थलों में जानकारी के आभाव में कई युवा झरनों,जलाशयों में डूब चुके है, लेकिन अब इन स्थलों को गुलजार बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इन स्थलों पर पर्याप्त होर्डिंग्स, साइन साइनेज, मार्गनिर्देशिका भी लगाई जाएगी।

# आईयुएमएल कि संसदीय शक्तियां बढ़ीं ! राज्यसभा में एक और एमपी चुने गए

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** आईयुएमएल (इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग) को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पार्टी के हारिस बीरान (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट) को केरल राज्यसभा से मंगलवार को निर्विरोध चुना गया है। ज्ञात हो कि आईयुएमएल विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के साथ गठबंधन में है। अधिवक्ता हारिस बीरान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, केरल के अलुवा के रहने वाले हारिस पिछले 26 सालों से दिल्ली में रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, सुप्रीम कोर्ट में उनके द्वारा लड़े गए कुछ महत्वपूर्ण केस नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) प्रवासी लोगों के मताधिकार,हिजाब,लव जिहाद (हादीया मामला ) अब्दुल नसर मदनी और पत्रकार सिद्दीकी कप्पन से संबंधित है। एक और सदस्य को राज्यसभा के लिए चुना गया है, जिससे पार्टी के कुल सांसदों की संख्या अब 5 हो गई है। पार्टी के पास पहले ही 4 सांसद थे और अब इस नए चुनाव के साथ,आईयुएमएल की संसदीय शक्ति में इजाफा हुआ है। पार्टी के झारखंड कमिटी ने खुशी जाहिर कि वहीं महासचिव शानुल हक ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ₹यह हमारे केंद्रीय कुशल नेतृत्व और सभी कार्यकताओं की मेहनत और जनता के समर्थन का नतीजा है। हम संसद में अपनी आवाज को और मजबूती से बुलंद करेंगे और अपने समाज और देश के विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिन्हा ने कहा आईयुएमएल के इस नए सांसद के चुने जाने से पार्टी कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है। पार्टी मुख्यालय पर जश्न का माहौल है और देशभर से कार्यकताओं और समर्थकों के बधाई संदेश आ रहे हैं। इस अवसर पर महासचिव ने सभी को बधाई दी और उनके योगदान और राजनीतिक कुशलता की सराहना की।प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद सहाबुद्दीन ने कहा यह चुनाव परिणाम आईयुएमएल के बढ़ते प्रभाव और राजनीतिक परिदृश्य में उनकी मजबूत होती स्थिति का प्रतीक है। नए सांसद के जुड़ने से पार्टी को संसद में अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष मुराद खान ने कहा कि यह सफलता भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियों की राह खोलेगी और झारखंड सहित पूरे देश के राज्यों में राजनीतिक मजबूती के साथ पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उक्त बातें हजारीबाग निवासी एवं आईयुएमएल राज्य महासचिव शानुल हक ने बताई।

# काले कोठरी में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू और उनके करीबियों के ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**जेल में बंद है अमन**

**झारखंड के अपराध जगत का कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू जेल में बंद रहते हुए भी वहीं से अपने सल्तनत को चला रहा है। अमन फिलहाल झारखंड के मेदिनीनगर केंद्रीय कारा, पलामू में बंद है। लेकिन जेल से ही वह अपना सिक्का चलाता है। हाल के दिनों में विभिन्न तरह की आपराधि गतिविधियों की वजह से वह एनआईए के रडार पर आ चुका है। एटीएस की जांच में अमन साहू का संबंध कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से संबंध भी साबित हो चुका है। लॉरेंस बिश्नोई के साथ मिलकर अमन साहू गिरोह भारत के अलग अलग शहरों में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश कर रहा है।**

**हजारीबाग।** मेदिनीनगर केंद्रीय कारा के काले कोठरी में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू और उनके करीबियों के कई ठिकानों पर एक साथ एनआईए की टीम ने छापेमारी की है। रांची स्थित ठिकानों पर यह कार्रवाई की गई है। झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के खिलाफ एनआईए ने एक बार फिर दबिश दी है। मिली जानकारी के अनुसार जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के घर और रिश्तेदारों के यहां एनआईए की टीम रेड करने पहुंची। अमन साहू के बुढ़मू स्थित घर और रिश्तेदार संजय प्रसाद साहू के बुकरु स्थित आवास पर एनआईए की टीम छापेमारी कर रही है। अमन साहू से जुड़े कई मामलों की जांच एनआईए के द्वारा की जा रही है। इन्हीं मामलों में एनआईए ने अमन के रांची स्थित घर पर छापेमारी की है। हालांकि छापेमारी में अब तक क्या-क्या बरामद हुआ है इसकी पुख्ता जानकारी समाचार लिखे जाने के समय तक प्राप्त नहीं हो पाई है।राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने करीब 6 घंटे तक उसके बुढ़मू स्थित पैतृक घर के साथ-साथ बुकरू और हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र में भी छापेमारी की। एनआईए की टीम बुधवार को सुबह-सुबह अमन साहू के पैतृक घर पर पहुंची। वहीं एनआईए की टीम ने अमन साहू के रिश्तेदारों के यहां भी छापेमारी की। टीम ने रांची के बुढ़मू और बुकरू में दो ठिकानों पर जांच की। इसी दौरान हजारीबाग जिले के गिद्दी थना क्षेत्र में भी सेंट्रल एजेंसी ने कार्रवाई की। जानकार सूत्रों की मानें तो रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव में एनआईए की टीम ने उसके घर में कागजात खंगाले। छापेमारी में कई डिजिटल उपकरण के साथ-साथ अमन साहू की कई संपत्तियों की जानकारी हासिल हुई है।बॉलीवुड एक्टर सलमान खान और लातेहार से जुड़े मामले में रेड की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमन साहू के यहां टेरर फंडिंग मामले और बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर में फायरिंग की घटना को लेकर छापेमारी की गई है। 9 फरवरी 2024 को भी बिहार के कई ठिकानों पर एनआईए ने छापेमारी कर अमन साहू के कई गुर्गों को गिरफ्तार किया था। मामला लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोयला खान पर हुए हमले से भी जुड़ा हुआ है। अमन साहू के गैंग को मयंक सिंह मलेशिया में बैठकर ऑपरेट कर रहा है। ये लोग लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू के कहने पर काम किया करते थे।

### 22 जून स्थापना दिवस को शहादत दिवस के रूप में मनाया जाएगा : कामेश्वर महतो

**बड़कागांव।** प्रखंड के गुरु चट्टी स्थित आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय मे आगामी 22 जून को पार्टी के स्थापना दिवस मनाने की तैयारी को लेकर प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसका संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया।मौके पर सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि आने वाले 22 जून को पार्टी का स्थापना दिवस को शहादत दिवस के रूप में मनाएंगे। मौके पर उपस्थित केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने कहा कि आजसू पार्टी आंदोलन से उपजी हुई पार्टी है और इसकी पहचान हमेशा आंदोलन के नाम से होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड को हमारी पार्टी ने आंदोलन और झारखंड के पूर्वजों ने अपनी शहादत देकर प्राप्त किया है इसलिए पार्टी का स्थापना दिवस को शहादत दिवस के रूप में मनाएंगे।

# राकोमयू ने सीसी एल प्रबंधन से की मुलाकात



उज्व्वल दुनिया संवाद दाता

**केरेडारी।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन सीसीएल के तमाम क्षेत्र के एरिया सचिव और एरिया अध्यक्ष एवं यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री राजेश कुमार सिंह जेबीसीसीआई सदस्य एवं यूनियन के तमाम सीसीएल स्तरीय प्रतिनिधि रांची के दरभंगा हाउस सीसीएल मुख्यालय में जाकर मजदूरों को विभिन्न समस्याओं को लेकर सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह के समक्ष मजदूरों की समस्याओं को रखें! इसके पहले सीसीएल के महाप्रबंधक पी एंड आर नवनीत कुमार के समक्ष भी यूनियन के प्रतिनिधियों ने मजदूरों की समस्याओं को रखा। जिसमें पहली मांग रखा गया कि मगध संघमित्रा क्षेत्र एवं आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में मजदूरों की बुनियादी सुविधा नहीं है और अभी दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ रहा है कि वहां पर मजदूरों को बुनियादी सुविधा मिलेगी इसलिए उक्त दोनों क्षेत्रों में बायोमेट्रिक सिस्टम लागू नहीं किया जाए! बायोमेट्रिक सिस्टम लागू करने से मजदूर में काफी अफरा तफरी मच जाएगी और काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा जिससे कई दुर्घटना का सामना करना पड़ेगा क्योंकि दोनों एरिया में बुनियादी सुविधा नहीं होने के कारण मजदूर 200 किलोमीटर 500 किलोमीटर दूर से ड्यूटी के लिए उक्त दोनों एरिया में काम करने आते हैं! एवं राजहरा कोलियरी को आगे बढ़ाने के लिए वहां पर अभिलंब कोयला खदान को चालू किया जाए! सीसीएल के सभी क्षेत्र में प्रदूषण पर रोक लगाया जाए !

### विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने दर्जनों ऑटो चालक को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



उज्व्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने बरही चौक के ऑटो चालको को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। फाउंडेशन द्वारा पूर्व में भी कई जनकल्याणकारी कार्य किया गया है। इसी निमित बुधवार को ऑटो चालको के बीच अंग वस्त्र वितरण सह सम्मान समारोह का कार्य हुआ। जिसमे बरही चौक के आस-पास जितने भी ऑटो चालक थे, सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा की इस चिलचिलाती धूप में ऑटो चालक दिनभर अपना पसीना बहाकर हम लोगो को अपने अपने गंतव्य स्थल पर पहुंचाने का कार्य करते है, यह काफी महान काम है, बदले में हम इनको थोड़ा सा पैसा किराया के रूप में देते है लेकिन यह काफी मेहनत का कार्य करते है बावजूद इसके इनको वह सम्मान नही मिलता है जिसके यह हकदार है, इसलिए आज यह कार्यक्रम के तहत विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन इनको सम्मानित करने का कार्य कर रहा है। मौके पर मुख्य रूप से फाउंडेशन के रघुनंदन गोप, यमुना यादव, गाजो यादव, कुणाल कतरियार, दीपक गुप्ता, मनोहर यादव, शरीफुल हक, उदय केसरी, प्रयाग यादव, द्वारका रविदास, आकाश भारती सहित दर्जनों ऑटो चालक मौजूद रहे।

**डेंटल कॉलेज में 'वित्तीय साक्षरता' जागरूकता सत्र का आयोजन**

### बीडीएस व एमडीएस के छात्रों को मिली कई जरूरी जानकारिया



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में दिन बुधवार को ₹वित्तीय साक्षरता₹ जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। एन एस डी एल वित्त मंत्रालय की ₹मार्केट का एकलव्य₹ पहल के तहत कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसमें डेंटल कॉलेज के पेरीओ विभाग के व्यख्याता डॉ धृतिमान बैद्य ने मुख्य वक्ता के रूप से शामिल होकर वित्तीय साक्षरता संबंधी छात्रों को कई आवश्यक व जरूरी जानकारी दिया। भारत सरकार के आदेश के तहत देश भर में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए यह अग्रणी संस्थानों, संगठनों, विश्वविद्यालयों, शैक्षिक संस्थानों, कॉपोरेट के सहयोग से वेबिनार का आयोजन कर रही है। जागरूकता सत्र के दौरान पेरीओ विभाग के व्यख्याता डॉ धृतिमान बैद्य ने बीडीएस व एमडीएस छात्रों को वित्तीय धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता, वित्तीय योजना पर व्यावहारिक ज्ञान, निवेशकों के लिए क्या करें और क्या न करें, साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के लिए सावधानियां, सेवानिवृत्ति सुरक्षित वित्तीय तरीके एवं टैक्स संबंधी निवेश रणनीतियाँ पर जरूरी जानकारी दिया। साथ ही निवेश योजना, वित्तीय वृद्धि और सेवानिवृत्ति धन प्रबंधन के लिए आईपीओ और म्यूचुअल फंड एसआईपी व स्टॉक में सुरक्षित रूप से निवेश करने के तरीके भी साझा किया। इस दौरान एन.एस.डी.एल. के मार्केट और वित्तीय विशेषज्ञ ने भी वेबिनार के माध्यम से जरूरी जानकारियां साझा किया। इस दौरान सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास एवं प्रबंधकीय टीम ने वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर पेरीओ विभाग के व्यख्याता डॉ धृतिमान बैद्य को बहुत- बहुत शुभकामनाएं दिया। साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार की जरूरी जानकारी छात्रों के बीच साझा करते रहने की कामना की। मौके पर बीडीएस, एमडीएस एवं प्रशिक्षु वर्ग के कई छात्र- छात्राएं के अलावे कर्मी शामिल थे।

# कटकमसांडी में प्रखंड स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के कटकमसांडी प्रखंड स्थित स्टेडियम में बुधवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का विधिवत शुरूआत किया गया। जिसमें प्रखंड स्थित उत्क्रमित हाई स्कूल, प्लस टू उच्च विद्यालय और कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कटकमसांडी के अंडर 15 बालक और अंडर 17 बालक - बालिका के 12 टीमों के फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। मौके पर मौजूद नोडल शिक्षक सरोज मालाकार ने बताया कि वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा आयोजित यह खेल प्रतियोगिता भारत का सबसे पुराना अंतर्राष्ट्रीय स्कूली खेल टूर्नामेंट है। जहां खिलाड़ियों को ग्रामीण स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक में पहचान बनाने का मौका मिलता है । सभी खिलाड़ियों से परिचय उपरांत आज का उद्घाटन टूर्नामेंट अंडर 17 बालिका वर्ग में +2 हाई स्कूल कटकमसांडी और कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कटकमसांडी के बीच खेला गया निर्धारित समय पर दोनों टीम द्वारा एक भी गोल नहीं होने पर पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय विजेता बनी और +2 हाई स्कूल कटकमसांडी उपविजेता । अंडर 15 बालक वर्ग में उत्क्रमित हाई स्कूल ढोठवा 4-3 से पेनाल्टी शूटआउट में विजेता जबकि प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी उपविजेता रहा और तृतीय स्थान में मध्य विद्यालय कटकमसांडी रहा। जबकि अंडर 17 बालक में उत्क्रमित हाई स्कूल आराभूसाई ने उत्क्रमित हाई स्कूल ढोठवा को पेनाल्टी सूटआउट में 5-4 से , उत्क्रमित हाई स्कूल डांटो कला ने कंडसार को पेनल्टी में 2-1 से वही + हाई स्कूल कटकमसांडी और उत्क्रमित हाई स्कूल साहपुर के बीच खेला जाना था परन्तु टीम पूरा नहीं होने करना साहपुर टीम को डिस्क्वालीफाई कर दिया गया वही उत्क्रमित हाईस्कूल ढांड को बाय मिला इन टीमों के बीच सेमीफाइनल और फाइनल कल 20 जून को खेला जाएगा । अंडर 15 बालक के विजेता और उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त टीम ,अंडर 17 बालिका के विजेता और उपविजेता को टूनार्मेंट के नोडल शिक्षक सरोज मालाकार, सीआरपी संतोष कुमार, शिशुपाल सिंह ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। टूनार्मेंट को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षा शिक्षक उमेश दास ,अविनाश कुमार ,कुंवर प्रसाद ,भोला राणा, बीआरपी पुष्पेंद्र कुमार ,संतोष कुमार ,संजय कुमार , मान बहादुर सिंह ,संजय सिंह आदि और प्रखंड संसाधन केंद्र के सभी कर्मियों ने यहम योगदान दिया।

**प्रखंड स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन**

### बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरसोत एवं बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर बना विजेता

बरही। राज्य परियोजना निदेशक राँची झारखण्ड के निदेशानुसार बरही प्रखंड मैदान में 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया गया। प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी एवं बीआरसी बीपीएम अरुण कुमार शर्मा के द्वारा किक मारकर की गई। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं की टीम ने हिस्सा लिया। बालिकाओं की फाइनल प्रतियोगिता कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरसोत और परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही के बीच खेला गया, जिसमें कस्तूरबा गांधी विद्यालय बरसोत की टीम 2-0 से विजेता बनी। वहीं बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला उत्क्रमित मध्य विद्यालय करियातपुर एवं परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय गोरियाकरमा के बीच खेला गया। जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय 3-0 से विजेता बनी। वहीं विजेता, उपविजेता टीम को कप देकर एवं खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाती है। खेल से हमारा मानसिक एवं शारीरिक वृद्धि होता है अतः खेल को हमे अपने जीवन मे आवश्य ही शामिल करना चाहिए। वहीं उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल के प्रति जागरूक करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में रेफरी के रूप में साहिल आनंद, लाइनमैन के रूप में सुमन कुमार, माइकल कुमार, अविनाश लोहानी एवं फोर्थ अंपायर के रूप में विकु कुमार ने अपना योगदान दिया। मौके पर शिक्षक डॉ सुनील कुमार, कंचन कुमार, मथुरा प्रसाद, बमबम कुमार, अश्विनी श्रीवास्तव, रविकांत ओम, प्रदीप कुमार मौर्य, रोशन कुमार, विजय कुमार दास, किशोर कुमार, पंकज कुमार, रवि चौरसिया, अरुण कुमार, गुलाब चंद्र प्रसाद, प्रदीप कुमार यादव, रामकृपाल राम, तेज नारायण, सुरेंद्र कुमार, सुषमा टोप्पो आदि उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### 06 दिवसीय आवासीय किराना दुकान चलाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ



**झुमरीतिलैया** : बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोडरमा में 06 दिवसीय आवासीय, किराना दुकान चलाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला के अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार,डीपीएम जेएसएलपीएस जेवियर एक्का और आरसेटी के निदेशक मनोहर लाल निराला के द्वारा किया गया।अग्रणी जिला प्रबंधक ने प्रशिक्षण से लेकर बैंक से ऋण लेने और ऋण आवेदन भरने के लिये प्रशिक्षुओ को विस्तार से बताया। निदेशक मनोहर लाल निराला ने प्रशिक्षुओ को बिजनस को शुरू करने के लिये हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। और जेवियर एक्का ने जेएसएलपीएस के अन्य कार्यों और सरकार से हर संभव मदद की बात कही। कार्यक्रम का सफल संचालन और धन्यवाद ज्ञापन संकाय पवन कुमार शर्मा ने किया। मौके पर संकाय उज्वल कुमार तिवारी, कार्यालय सहायक मंजीत कुमार, रीना कुमारी, ऋषि कुमार, पिंकी देवी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। वहीं रानी कुमारी,सोनी सिंह, चंदा कुमारी आदि उपस्थित थी।

### टेम्पो पलटने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**मरकच्चो** : नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्यमार्ग स्थित आइसर पेट्रोल पंप पचगावां मोड़ के समीप मंगलवार की रात्रि 8:30 बजे टेंपो अनियंत्रित होकर पलट जाने से टेंपो सवार एक व्यक्ति की हुई मौत हो गयी वहीं तीन मजदूर घायल हो गए। मृतक की पहचान प्रकाश मेहता उम्र 50 वर्ष पिता कार्तिक मेहता ग्राम फुलवरिया के रूप में की गई है ह्व वहीं घायलो की पहचान कमलेश साव उम्र 60 वर्ष ग्राम फुलवरिया, बहादुर राम उम्र 58 वर्ष पिता बनवारी ग्राम पुरनाडीह, कैलाश यादव उम्र 40 वर्ष पिता लालू यादव ग्राम पुरनाडीह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार टेंपो में चार लोग सवार होकर महेशपुर से पुरनाडीह जा रहे थे ह्व इसी क्रम में पचगावां मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर टेंपो पलट जाने से चार मजदूर बुरी तरह घायल हो गए, सूचना पाकर जिप अध्यक्ष रामधन यादव घटनास्थल पर पहुँचे और घायलों को 108 एंबुलेंस से इलाज हेतु सदर अस्पताल कोडरमा भेजवाया। जहां प्रकाश मेहता को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं घायल तीनो व्यक्ति का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

### प्रखंड कार्यालय में लगा दिव्यांग छात्र- छात्राओं के प्रमाणपत्र बनाने हेतु शिविर

**झुमरीतिलैया** : दिव्यांग छात्र-छात्राओं के प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर उपायुक्त के आदेश पर बुधवार को कोडरमा प्रखंड कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन द्वीप प्रचलित कर कोडरमा बीडीओ सुमन कुमारी ने किया। इस दौरान कुल 89 आवेदन दिव्यांगता प्रमाण पत्र को लेकर प्राप्त हुए। जिसमें 44 बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के मानक के अनुसार उनका चयन किया गया। वहीं 45 बच्चों को उच्च स्तरीय जांच के लिए आईएनटी विशेषज्ञ के पास रेफर किया गया। शिविर में सदर अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील कुमार मोदी, फिजिशियन डॉक्टर मनोज कुमार,ऑर्थोपेडिक डॉक्टर धनंजय कुमार,फिजियोथैरेपिस्ट राजीव रंजन,ऑडियोलॉजिस्ट मनोज कुमार समेत अन्य चिकित्सकों ने बच्चों की जांच की। मौके पर जुलिता मिंज,उपेंद्र कुमार,राजू कुमार , अभिषेक कुमार,रोहित कुमार,पवन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

---

**मादक पर्दाथों के रोक-थाम हेतु जागरूकता अभियान आयोजित करने को लेकर उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता**

# युवा वर्ग को दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त

- 19 जून से 26 जून 2024 तक नशा मुक्ति को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का किया जायेगा आयोजन :- उपायुक्त
- मानव श्रृंखल/नुक्कड़ नाटक/संध्या चौपाल/मैराथन समेत अन्य जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति को लेकर बड़े पैमाने पर जागरूक किया जाएगा : मेघा भारद्वाज




उज्जवल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा** : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मादक पदार्थों के रोक-थाम हेतु जागरूकता अभियान आयोजित करने को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। उपायुक्त ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 19 जून से 26 जून 2024 तक नशा मुक्ति को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि निषिद्ध मादक पर्दाथों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में पत्रकार बंधुओं की भूमिका भी अहम है। उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु संदेश लोगों तक पहुँचाना भी हमारा उद्देश्य है।

**सभी इस महाअभियान का हिस्सा बने**

उपायुक्त ने मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी इस महाअभियान का हिस्सा बनें। मादक पदार्थों के रोक-थाम हेतु जागरूकता लाने में सभी की सहभागिता अति आवश्यक है। समाज कल्याण, जनसम्पर्क कार्यालय जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं समेत अन्य विभागों को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित करें। साथ ही विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चला कर लोगों विशेष कर युवाओं को नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराना होगा, ताकि एक स्वास्थ्य समाज का निर्माण हो सके। मानव श्रृंखला /साईकिल रैली/ चौपाल/ नुक्कड़ नाटक/ मैराथन के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति को लेकर बड़े पैमाने पर जागरूक किया जाएगा उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जागरूकता अभियान के दौरान ग्राम स्तर पर चौपाल आयोजित करने, जिला व प्रखंड स्तर पर कार्यशाला, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जिसमें बाजार-हाट आदि में नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम सहित विद्यालय स्तर पर क्विज व निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, साइकिल रैली, शपथ पाठ आदि गतिविधियां संचालित की जाएगी। जिला में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर समुदाय एवं समाज को नशा मुक्त करने पर चर्चा का आयोजन किया जाएगा। डोर टू डोर के दौरान ग्रामीणों को मादक पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभाव के विषय पर जागरूक किया जाएगा। सभी प्रखंड स्तर पर मानव श्रृंखला एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। मादक पदार्थों के वितरण एवं उपभोग से संबंधित हॉट स्पॉट पर सघन छापेमारी अभियान चलाया जायेगा। प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी दिवाकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, डीपीएम जेएसएलपीएस जेवियर एक्का, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत पत्रकारगण मौजूद रहे।

---

## रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा शिव वाटिका में जोनल मीट का आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**कोडरमा** : सत्र 2024 -25 में जिला 3250 के अंतर्गत जोन 8 की असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन संगीता शर्मा की मेजबानी में जोन 8 के जोनल मीट का आयोजन झुमरीतिलैया के शिव वाटिका मे किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सत्र 2024 -25 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन विपिन चचान एवं जिला की फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चचान उपस्थित रही। जिला 3250 के अंतर्गत जोन 8 में मुख्यता तीन क्लब आते हैं जो असिस्टेंट संगीता शर्मा के नेतृत्व सेवा के क्षेत्र में अपना कार्य करेंगे रोटरी क्लब क्लब कोडरमा रोटरी क्लब नवादा एवं रोटरी क्लब हजारीबाग जागृति इस क्षेत्र में आते हैं यह जोनल मीट सभी अध्यक्ष सचिव, जोनल चेयर्स के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर था। सत्र शुरू होने से पहले सत्र की तैयारी को लेकर यह विशेष आयोजन किया गया जिसकी मेजबानी रोटरी क्लब कोडरमा की पूर्व अध्यक्ष और सत्र 2024 25 की असिस्टेंट गवर्नर रो. संगीता शर्मा ने किया, कार्यक्रम का संचालन आने वाले सत्र 2024-25 के अध्यक्ष रो अमित कुमार ने किया।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि गवर्नर बिपिन जी फर्स्ट लेडी शिल्पी असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा पास्ट प्रेसिडेंट रिटेरियन सुरेश जैन एवं मेजर डोनर राजेन्द्रजी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुखअतिथि, असिस्टेंट गवर्नर रो.अमित एवं रोटेरियन संगीता शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत अपने प्रारंभिक स्वागत भाषण से किया एवं मुख्य अतिथि रोटेरियन विपिन चचान एवं शिल्प चचान को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। आने वाले सत्र के जोनल फाउंडेशन चेयर रो. जयकुमार गंगवाल एवं पूर्व अध्यक्ष रो. महेश दारूका ने मुख्य अतिथि को बुके देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटेरियन सुरेश जैन माला दारूका संतोष सिन्हा विकास सेठ रितु सेठ नवीन आर्य आरती आर्य धर्मेंद्र प्रसाद सुशील छाबड़ा सिमरनजीत सिंह आदि का योगदान रहा मौके पर हजारीबाग रोटरी क्लब के जोनल टेक ऑफिसर अमित रंजन रोटेरियन रीता लाल सुरेश प्रसाद डीके गुप्ता राजेंद्र प्रसाद डॉक्टर प्रोफेसर ओम प्रकाश साहू कुमार रंजन आदि रोटेरियन उपस्थित थे।

---

## ऑक्सब्रिज इंग्लिश क्लासेस झुमरी तिलैया के प्रांगण में किया गया नए बच्चों का स्वागत




उज्जवल दुनिया संवाददाता

**झुमरीतिलैया** :- ऑक्सब्रिज इंग्लिश क्लासेस में हर बार की तरह नये बच्चों (473)के स्वागत के लिए फ्रेसर पार्टी का आयोजन बैच (472)के द्वारा किया गया। बच्चों ने बहुत ही शानदार तरीके से प्रोग्राम का आयोजन किया।कार्यक्रम में अर्चना कुमारी,कुमारी रिया रानी,अंतरा सिंह, सुमित कुमार,अंजना कुमारी,मनीष कुमार यादव एवं कुमार अभिनव ने मंच संचालन का कार्य भार शानदार तरीके से संभाला। कार्यक्रम में बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर एवं स्वागत गीत गाकर किया गया। सभी नए बच्चों ने एक-एक करके अपना अपना परिचय कुछ हंसाने वाले शब्दों के साथ दिए जिसने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया।

---

## झरना कुंड स्थित बिरहोर टोला में लगा सिकल सेल एनीमिया का जांच कैंप

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने लिया जायजा**



**कोडरमा** : कल्याण विभाग कोडरमा के द्वारा नगर परिषद् झुमरी तिलैया अंतर्गत झरनाकुंड स्थित बिरहोर टोला में सिकल सेल एनीमिया का जांच कैंप लगाया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा जांच कैंप का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने चिकित्सकों से कहा कि बिरहोर टोला में रहने वाले सभी लोगों का सिकल सेल एनीमिया का जांच/स्क्रीनिंग करें। चिकित्सकों के द्वारा सभी का जांच किया और उन्हें सिकल सेल एनीमिया का आई कार्ड प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कल्याण विभाग कोडरमा के द्वारा संचालित आश्रम विद्यालय नागरितो,मरकच्चो में सिकल सेल एनीमिया का जांच मेडिकल कैंप लगाकर किया गया। जिसमें लगभग 100 आदिवासी छात्राओं का सकिल सेल एनीमिया का जांच किया गया। साथ ही उन्हें इस गंभीर बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए जागरूक किया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ रंजीत कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता व चिकित्सक व अन्य मौजूद रहे।

---

## शालिनी गुप्ता का बिजली ऑफिस के समक्ष धरना प्रदर्शन आज

**बिजली और पेयजल की समस्याओं पर उठाएंगी आवाज**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**झुमरी तिलैया** :- गर्मी के कारण लोगों का जीवन बना जहन्नुम, इसी समस्या के समाधान हेतु गुरूवार को विद्युत कार्यालय झुमरी तिलैया के समक्ष एक दिवसीय पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता कर रही है । इस धरना प्रदर्शन में उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील की है कि वे समर्थन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी आवाज बुलंद करें।कोडरमा जिले में लगातार बढ़ती गर्मी और गंभीर बिजली संकट के मद्देनजर, शालिनी गुप्ता ने इस धरना का आयोजन किया है। जन-जीवन पर इस भारी गर्मी का असर बहुत ही प्रभावशाली रहा है, जिसके कारण लोगों को रोजगार और दैनिक जीवन में बड़ी मुश्किलें आ रही हैं। विशेषकर छात्रों की पढ़ाई, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, लघु उद्योगों और होटल व्यवसायों पर भी इसका गंभीर असर हो रहा है।गुप्ता ने इस संकट को लेकर बताया कि बिजली आपूर्ति में अनियमितता और उच्च शुल्क की समस्या बढ़ रही है। वे कहती हैं कि बिजली कार्यालय द्वारा मीटर रीडिंग में तकनीकी दिक्कतों का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों को बार-बार बिजली कटौतियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने आगामी धरना प्रदर्शन के संबंध में जिले की जनता से अपील की है कि वे सक्रियता से इसमें भाग लें और समस्याओं को समाधान के लिए आवाज उठाएं।दूसरी ओर, तिलैया नगर परिषद के लोगों को भी नियमित जल आपूर्ति की समस्या है, जिसके कारण पेयजल की बहाली में भी बड़ी चुनौतियां आ रही हैं। गुप्ता ने आगे कहा की कोडरमा सहित झुमरी तिलैया के निवासियों के लिए स्वच्छ पेयजल की समस्या बड़ी चिंता का विषय है, जिसके समाधान हेतु सरकारी विभागों को कार्रवाई में सक्रिय रहना चाहिए।

---

## निर्जला एकादशी पर श्री श्याम मित्र मंडल ने ज्योत के साथ किया भजनों का कार्यक्रम का आयोजन



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**झुमरीतिलैया** :- श्री श्याम मित्र मंडल का साप्ताहिक कीर्तन स्थानीय संकट मोचन मंदिर असनाबाद में निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर जोत के साथ बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बाबा का मनमोहक श्रृंगार किया गया,साथ ही इत्र की वर्षा की गई। भक्तों द्वारा 56 भोग लगाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री गणेश वंदना से हुई कार्यक्रम का संचालन गिरधारी सोमानी ने किया। इस अवसर पर धीरज पांडे,साक्षी भदानी,संगीता जेठवा,अनुराधा,राजा चौरसिया,मनोज लड्ढा,दीपक बसंत,तन्मय लड्ढा आदि भक्तों ने मधुर भजन गाकर उपस्थित भक्त जनों को भाव विभोर कर दिया। इस कार्यक्रम में विवेक सहल,दीपेश जेठवा,बृजमोहन महेश्वरी,विष्णु खटोर,विमल पच्चीसिया,सुरेश पच्चीसिया,मनोज चौधरी,संजय सूद, संतोष सिंदुरिया,नीतिश गुप्ता,प्रमोद जयसवाल,श्याम चौधरी,पंकज तरवे, मंटू गुप्ता,रत्नेश जयसवाल,प्रवीण पटेल,रवि लोहानी,राजेंद्र वर्मा,अनिल लखपतिया,रंजीत श्रीवास्तव,जितेंद्र मालाकार,दिनेश कापसीमें के साथ-साथ शोभा खटोड़,मीना पटेल, सुधा पच्चीसिया,बबीता कापसीमें, रश्मि पच्चीसिया के अलावा काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। कीर्तन के अंत में उपस्थित सारे भक्त जनों के बीच आइसक्रीम का आनंद लिया गया।

---

## नशा मुक्ति को लेकर शपथ कार्यक्रम का किया गया आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**मरकच्चो** : नशा मुक्ति अभियान को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा प्रखंड कार्यालय के समक्ष बुधवार को भारत अभियान को लेकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शपथ कार्यक्रम मैं उपस्थित सेविकाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाने की शपथ ली।इस मौके पर महिला पर्यवेक्षक माधुरी कुमारी, विभा कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि राजेश पासवान, बेबी देवी विमला देवी प्रीति कुमारी संगीता कुमारी अनिता कुमारी चिंतामणि देवी कुसुम देवी समेत कई सेविकाएं उपस्थित थी।

---

## आमजनों को उचित दर पर मिले बालू : सईद नसीम

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**कोडरमा** : में बालू को लेकर आमजनों की समस्याओं के समाधान की दिशा में राज्य सरकार, जिला प्रशासन, स्थानीय सांसद और विधायक की कोई ठोस पहल नही देखने को मिल रहा है जिसके कारण कई दिनों से आमजनों को बालू की खरीदारी संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई दिनों से बालू की कमी और महंगी दर पर इसके बिकने की लगातार आम जनो की शिकायत आ रही है। उक्त बातें कांग्रेस नेता सईद नसीम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा उन्होंने कहा कि आम लोगों तक आसानी से बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने का मकसद वर्तमान राज्य सरकार व जिला प्रशासन की है। विभागीय उदासीनता के कारण शौचालय व गरीबों को मिले आबूवा आवास योजना के लाभुकों के साथ साथ आम जनों के लिए निर्माण में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है उठाव पर रोक होने से बालू की कालाबाजारी जगजाहिर है। ऊंचे मूल्य पर बालू खरीदी व बेची जा रही है। जिसका खामियाजा आमजनों को ऊंची कीमत पर बालू खरीद कर चुकानी पड़ रही है में समझता हूं कि खान व भूतत्व विभाग के अधिकारियों को बालू की समस्या पर काफी गंभीरता के साथ विचार- विमर्श की आवश्यकता है। साथ ही नसीम ने जिला प्रशासन एंव स्थानीय सांसद, विधायक से आग्रह पूर्वक कहा है की बालू की समस्या को दूर करने के लिए उचित व्यवस्था कराई जाय ताकि आमजन को उचित मूल्य पर बालू मिल सके आम जनता को राहत महसूस हो।

---

**नीरा यादव ने झुमरी तिलैया नगर परिषद में समस्याओं को लेकर की समीक्षात्मक बैठक**

# नगरवासी होल्डिंग टैक्स देगा तो सुविधा लेगा ही : डॉ नीरा यादव

**स्ट्रीट लाइट, नाली सफाई, सड़क, कचरा उठाव को लेकर आवश्यक बैठक**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**कोडरमा।** बुधवार को नगर परिषद झुमरी तिलैया के कार्यालय में स्ट्रीट लाइट, नाली सफाई, सड़क निर्माण, कचरा उठाव, पार्क के रख रखाव, निर्मित शौचालय के रख रखाव को लेकर आवश्यक समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार डॉ नीरा यादव के साथ अधिकारी नगर प्रशासक हर्ष वर्धन, नगर प्रबंधक अरविंद बर्णवाल,सतीश कुमार, कनीय अभियंता दीपक कुमार, यादव लाल महतो, सफाई निरीक्षक राजू राम सहित अन्य कर्मी एवं अन्य स्थानीय उपस्थित थे। विधायक ने सारे समीक्षा के दौरान पूछे जाने पर कचरा उठाव की 11 गाड़ी उपयोग में होने की बात पर नाराजगी जताते हुए विधायक ने कहा फिर कचरा उठाव तरीके से क्यों नहीं हो रहा है। सीएच स्कूल के पास हाइ मास्ट लाइट लगने के सात माह पश्चात भी अभी तक स्टार्ट क्यों नहीं हुआ। वहीं जिम खाने के कई समान टूटे जाने की शिकायत मिली । नीरा यादव ने कहा स्टेशन रोड़ को वन वे साथ जाम से निजात के लिए व्यवस्था दुरुस्त करे । केसरिया चौक से रघुराम जी के घर तक नाली सफाई करे, स्ट्रीट लाइटो को दुरुस्त करें और उसके रख रखाव वाले संवेदक की जमानत राशि को जब्त करते हुए उनपर नियम संगत कार्यवाई करे। जिसपर विभाग द्वारा लगे 3500 स्ट्रीट लाइट में मात्र 1243 संख्या के चालू रहने की बात स्वीकारी गई। इसपर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए लाइट प्रभारी सिटी मैनेजर सतीश कुमार को फटकार लगाते हुए तीन दिनों में सुधार करने की चेतावनी दी । प्रशासक द्वारा फंड की कमी बताए जाने पर विधायक ने अपने फंड को देने की बात कही। उन्होंने कहा झुमरी तिलैया नगर हमारी शान है, इसका जिक्र प्रधानमंत्री जी भी प्रशंसा के साथ कर चुके हैं, इसीलिए इसमें व्यवस्था दुरुस्त करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने प्रशासक को कहा आप रोस्टर बना कर 28 वार्ड में एक एक कर्मी को नियुक्त करे और नियमित कचरा उठाव एवं नाली सफाई का काम करना आवश्यक समझें। पेयजलापूर्ति नहीं होने पर पानी की किल्लत वाले वार्डों में टैंकर से पानी देने का काम सुनिश्चित करें। विधायक ने कहा लोगन की शिकायतों के अनुसार ताराटांड़, पचीसिया गली, वार्ड 26 सावित्री नगर की नालियों की सफाई करें। मौके पर अधिकारियों के अलावे विशाल सिंह नीलू, अनुराग सिंह, मनीष पांडे, बलराम यादव, सबिता देवी, शंभू पासवान, बिनोद कुमार, रेखा भदानी, रीता लोहानी, दिनेश सिंह, सीमांत प्रसाद, बेबी देवी, संतोषी देवी, सोनू चंद्रवंशी, संजीव यादव, सुदीप्तो घोष आदि उपस्थित थे ।

# उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

## बैठक में अनुपस्थित रहने पर पडवा व सदर मेदिनीनगर के आपुर्ति पदाधिकारी का वेतन रोका गया

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को झारनेट के सभागार में खाद्य आपूर्ति,जन वितरण प्रणाली दुकान से संबंधित मामले,धोती-साी योजना समेत खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गयी।इस दौरान उप विकास आयुक्त रवि आनंद भी उपस्थित रहे।उपायुक्त श्री रंजन ने प्रत्येक कार्डधारी लाभुकों को उचित दरों पर उचित मात्रा में समय खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करवाने पर बल दिया।इसके अलावे उन्होंने जून माह और जुलाई माह एनएफ एसए डोर स्टेप डिलीवरी के तहत विक्रेताओं को खाद्यान्न निर्गमन की समीक्षा की गयी,दस दिन के भीतर सभी सहायक गोदाम प्रबंधक को माह जुलाई 2024 तक का खाद्यान्न शत-प्रतिशत डोर स्टेप करने का निदेश दिया गया।जून और जुलाई माह 2024 का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न वितरण का समीक्षा के दौरान पाया गया कि माह जुलाई 2024 का छतरपूर,मोहम्मदगंज, नावा बाजार,नवडीहा बाजार,प?वा और पिपरा से एक -एक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से बारी-बारी वितरण असंतोषप्रद रहने के कारण पूछा गया साथ ही वितरण कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया गया।माह अप्रैल 2024 का चना दाल, माह अगस्त 2023 का ग्रीन




राशनकार्ड तथा सोना-सोबरन धोती सा?ी योजना अंतर्गत वस्त्रों के वितरण के संबंध में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निदेश दिया गया।माह जून 2024 का पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत पीवीटीजी लाभुक परिवारों को खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गयी तथा दिनांक 25.04.2024 तक अनिवार्य रूप से वितरण कार्य पूर्ण करने तथा ऑनलाइन आहार पोर्टल पर अपलोड करने का निदेश दिया गया।उपायुक्त ने डीएसओ प्रीति किस्कू को वितरण कार्य में अनियमितता बरतने वाले जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही।लाभुकों के तरफ से प्राप्त होने वाले शिकायतों की भी जांच करने को लेकर सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। उपायुक्त द्वारा कार्डधारियों का आधार सिडिंग और मोबाइल सिडिंग कार्यों की समीक्षा की गयी तथा शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निदेश दिया गया।

हरा राशनकार्ड अंतर्गत माह अगस्त 2023 अंतर्गत अबतक वितरण कार्य असंतोष रहने के कारण,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, छतरपुर,मेदिनीनगर पवा और नावा बाजार को स्पष्टीकरण पूछने का निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में अनुपस्थित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी,प?वा और सदर मेदिनीनगर का अगले आदेश तक वेतन अवरुद्ध करने का निदेश दिया गया।मौके पर विभिन्न प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी व सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित रहे।

# मजबूत एवं पारदर्शी संस्थाएं बेहतर कार्य कर सकती है : मंजू

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** संस्था विकास संबंधित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला बुधवार को स्थानीय पांकी रोड स्थित महिला समग्र उत्थान समिति के प्रधान कार्यालय मे सम्पन हुआ। ध्वनि फाउंडेशन से मंजू पुश्चल ने महिला समग्र उथान समिति के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सहित कार्यकारणी समिति के सदस्यो के लिए एक दिवसीय उनमुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई। ज्ञात हो की महिला समग्र उत्थान समिति पलामू, गवा एवं लातेहार जिला मे विगत कई वर्षो से ग्राम विकास हेतु कार्य कर रही हैं। बदलते परिवेश मे संस्थाओं को आतंरिक रूप से कैसे मजबूत और पारदर्शी रखा जाये, किस प्रकार से



दस्तावेजीकरण और कंप्लेंसेंस को अघतन रखा जाये, इस पर गंभीरता और बारीकी से बात किया। संस्था के कार्यकारी समिति के सदस्यों का कार्य एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। ध्वनि फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि अनंगदेव सिंह ने कार्यकर्त्ताओ को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि समय से रिपोर्टिंग प्लानिंग एवं क्रॉस चेक की प्रतिबद्धता से ही संस्था को आगे बाया जा सकता है। उन्मुखीकरण कार्यक्रम मे संस्था की अध्यक्ष कलावती देवी, डायरेक्टर मृत्युंजय रत्नाकर, निरंजन सिंह, साकेत कुमार, रागिनी सिंह, रविन्द्र नाथ मंडल, ऋषभ कुमार, पुष्पलता देवी, राहुल कुमार एवं राजू कुमार समेत कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर काम करें: उपायुक्त

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्शदातृ समिति (डीएलसीसी) सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने मुद्रा ऋण योजना, पीएमईजीपी, केसीसी, स्वयं सहायता समूह, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई, पीएमजेडीवाई, ऋण प्रवाह सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान एलडीएम ने बताया कि पूरे पलामू जिले में मार्च तिमाही में केसीसी लोन 45232 लोगों के बीच 49892 लाख रुपये, पीएमईजीपी के तहत 118 लोगों के बीच 258.95 लाख रुपये सहित कई अन्य योजनाओं के तहत लोन दिया गया है। उन्होंने केसीसी की समीक्षा के क्रम में कृषि क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ ब?ाने को




कहा। गाय-बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जु? लाभुकों के साथ-साथ मत्स्य पालकों को केसीसी से लाभान्वित करने की बात कही। उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंकों से सीडी रेश्यो पर विशेष रूप से कार्य करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों को सक्रिय होकर आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करने की बात कही। बैठक में एएसपी राकेश कुमार, नाबार्ड के डीडीएम शालीन लक?ा, एलडीएम, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की अधिकारियों संग बैठक

## पहले आओ-पहले पाओ के तर्ज पर 500 लोगों के बीच टोपी व टी शर्ट का किया जायेगा वितरण

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने शहर के शिवाजी मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को आयोजित करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शिवाजी मैदान की साफ सफाई, बैठने की व्यवस्था, लाइट एंड साउंड, मंच, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही एम्बुलेंस तथा फर्स्ट एड व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश



प्रदान किए। बैठक में उपायुक्त ने आयुर्वेद विभागाध्यक्ष को समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 06 बजे से लेकर 07 बजे तक किया जायेगा। तत्पश्चात न्यू टाउन हॉल में सभी लोगों को योग के ऊपर बनाये गये कुछ चुनिंदा वीडियो को दिखाया जायेगा तथा स्नेक्स की व्यवस्था की जायेगी। बैठक में डीसी श्री रंजन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी हेतु पहले आओ-पहले पाओ के तर्ज पर 500 लोगों के बीच टोपी व टी शर्ट वितरित करने की बाते कही। इसके साथ ही सभी विभागीय अधिकारी- कर्मचारी भी इस योग दिवस के अवसर पर अनिवार्यतः मौजूद रहे। जिला मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक तथा सभी ग्राम पंचायतों में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योग का अभ्यास करवाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त के अतिरिक्त सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह,सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार,जिला पंचायती राज पदाधिकारी बिनय कुमार श्रीवास्तव, एनडीसी विक्रम आनंद, सहायक नगर आयुक्त फैजुर अहमद सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हुसैनाबाद का कोई गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा: विधायक

**हुसैनाबाद (उज्ज्वल दुनिया)।** हुसैनाबाद के विधायक की अनुसंशा पर फरवरी 2024 में स्वीकृत हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा की 29 ग्रामीण सडकों के जीर्णोद्धार की निविदा ग्रामीण कार्य विभाग ने निकाल दी है। इन सडको का निर्माण हो जाने से अधिकांश गांवों की सडक समस्या का समाधान हो जायेगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व में 60 से अधिक सडकों में कुछ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, कुछ का काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि 29 ग्रामीण सकों की निविदा के बाद अधिकांश गांवों की समस्या दूर हो जायेगी। श्री सिंह ने बताया कि 29 सकों में हैदरनगर की सात, हुसैनाबाद की छह, मोहम्मदगंज की दो, पिपरा की पांच व हरिहरगंज की आठ सकें शामिल हैं। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व में 60 से अधिक सडकों में कुछ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, कुछ का काम प्रगति पर है।सभी पथों का विशेष जीर्णोद्धार किया जाना है। इन 29 सकों के निर्माण पर करीब 47 करो रुपए खर्च होंगे। विधायक ने कहा है कि विकास के कार्यो पर जनता निगाह रखे। कहीं गबी होती है तो बताएं। कार्रवाई की जाएगी। इन सकों का निर्माण हो जाने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र का कोई गांव सक विहीन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में जो सकें बनी थी उनका किसी जनप्रतिनिधि ने रख रखाव तक नहीं किया। दुबारा उन सकों को भी दुरुस्त कराने का काम उन्हें ही करना पा। उन्होंने कहा कि जनता से वह जो वादा करते हैं, उसे पूरा करने का काम करते हैं। जात-पात और संप्रदाय की राजनीति से अलग वह विकास की राजनीति में विश्वास रखते हैं।

# लाभुकों ने डीलर पर दो से तीन माह का राशन गबन करने का आरोप लगाते हुए जमकर किया हंगामा

**मझिआंव(उज्ज्वल दुनिया )-** प्रखंड क्षेत्र के खरसोता पंचायत स्थित बूढ़ीखांड़ गांव के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार राम लखन पहाड़िया पर लाभुकों ने दो से तीन माह का राशन गबन करने का आरोप लगाते हुए दुकान पर जमकर हंगामा किया। इधर इस संबंध में लाभुक सुनीता देवी,हंसराज चौधरी,करीमन चौधरी,जुड़ा देवी, पारसनाथ,रघुनंदन शाह,उदय प्रसाद,नंदू चौधरी,बुधन राम, शांति कुंवर,कविता देवी,कौशल्या देवी एवम फुलवा देवी आदि लाभुकों ने बताया कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार राम लखन पहाड़िया हम सभी लाभूकों का 2 से 3 माह का राशन गबन कर दिया है। हम सभी लाभूको को अपने भरोसे में लेकर मार्च 2024 से दो-चार दिन के अंदर अगला राशन दिया जाएगा बोलकर एडवांस पर्ची काटकर दे देता है। और जब लेने जाते हैं तो



बोलता है कि अभी राशन का उठाव नहीं किए हैं अगले माह देंगे। अगले माह में राशन लेने जाने के बाद रोवाब वाले आवाज में धमकाते हुए कहता है कि ज्यादा हल्ला गुल्ला करोगे तो एक भी राशन नहीं दूंगा। और पौष मशीन से निकले पर्ची को छीन कर फाड़ देता है।साथ ही लाभूकों ने कहा कि इस दुकानदार के पास बूढ़ीखांड़ एवं खरसोता दो गांव के लाभुक है। बूढ़ीखांड़ गांव के लाभुकों को सही माप तौल के साथ समय पर राशन का वितरण कर देता है।लेकिन खरसोता गांव लगभग 400 लाभुकों के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए जबरन परेशान करता है।विदित हो कि खरसोता गांव जन वितरण प्रणाली के दुकानदार जनेश्वर चौधरी को राशन गबन करने के आरोप में मई 2023 में निलंबित कर दिया गया था।उसके बाद खरसोता गांव के लगभग 400 लाभुकों को डीलर

राम लखन पहाड़िया के पास मर्ज कर दिया गया था।तब से लेकर आज तक उक्त डीलर के द्वारा गरीब लाभुकों को परेशान किया जा रहा है।

# पेयजल संकट का मुख्य कारण सरकारी उदासीनता है : आशीष भारद्वाज

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** सरकारी उदासीनता पेयजलापूर्ति की पाईप लाइन मुख्य मार्ग से गुजरने के बावजूद बाईपास रोड के निवासी इसके कनेक्शन वंचित है। यह नगरनिगम कार्यालय की घोर लापरवाही है। बाईपास रोड स्थित बिजली आफीस एरिया, बारालोटा क्षेत्र में पानी यात्रा कर रहे युवाओं की टीम वहां की परिस्थितियों का अवलोकन कर काफी क्षुब्ध नजर आई। पानी यात्रा की अगुवाई कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि आज इस क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्या कहीं न कहीं सरकार की लोगो के प्रति बेरुखी और नगरनिगम कार्यालय के उदासीनता की वजह से है। शहर का मुख्य हिस्सा होने के बावजूद भी इस क्षेत्र को अब तक वाटर कनेक्टिविटी से कनेक्ट नहीं किया जाना समझ से परे है। श्री भारद्वाज ने कहा कि



निगम के अधिकारियों से इस संबंध में हम बहुत जल्द वार्ता कर समाधान का रास्ता तलाशेंगे।श्री भारद्वाज ने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे पहलुओं को नजरंदाज किया जाना निगम क्षेत्र वासियों के साथ खिलवा? है, हम टैक्स देते है सारे नॉर्म्स पूरे करते है इसके बावजूद भी हमारे इस क्षेत्र के शहरवासियों की अनदेखी बर्दस्त से बाहर है। पानी यात्रा के आठवें दिन युवाओं की टोली सदर अस्पताल (एमएमसीएच) में व्याप्त घोर पेयजल संकट को सुन वहाँ भी पहूंची जहां के पानी की किल्लत की खबर सुर्खियों में भी बनी हुई है।इस दौरान युवाओं ने अस्पताल परिसर में मरीजों व उनके परिजनों से मुलाकात कर पानी की किल्लत पर बात किया। युवाओं की टीम ने सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह से मुलाकात कर, हॉस्पिटल सुप्रीटेंडेंट व हॉस्पिटल मैनेजर से बात कर पानी की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। सिविल सर्जन ने युवाओं को आश्वस्त किया की बुधवार को शाम तक पेयजलापूर्ति प्रारंभ कर दिया जाएगा। बोरिंग का कार्य समाप्त हो गया है आज समरसेबल लगाने के साथ ही अस्पताल परिसर में पानी उपलब्ध करा दी जाएगी। आज के यात्रा में नवीन तिवारी,शैलेश तिवारी,बब्लू चावला,साहेब सिंह नामधारी, रौशन तिवारी,राजन पंडित,संजीत तिवारी,राकेश तिवारी,।

## एक-नजर

### पलामू में चार दिवसीय टीएलएम वर्कशॉप आज से

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू जिला स्कूल के प्रशाल में चार दिवसीय टीएलएम वर्क शॉप आज शुरू होगा। इसमें जिले के 21 प्रखंडों के कुल सौ प्राथमिक शिक्षक वर्क शॉप में प्रतिभागी बन प्राथमिक कक्षा के बच्चों को बेहतर शिक्षण के लिए टीएलएम निर्माण करने का कार्य करेंगे। कार्यशाला को लेकर आज जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा के नेतृत्व में जिले के अन्य शिक्षा पदाधिकारियों समेत राज्य स्तरीय स्टेट रिसोर्स पर्सन के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजूर, एडीपीओ उदय कुमार सिंह, एपीओ जॉन मुथू, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह, राज्य साधनसेवी दिनेश कुमार शुक्ला, पूजा सिन्हा, अभिषेक राज, नंदकिशोर कुमार एवं डायट संकाय सदस्य प्रेमलता कुमारी, आईपीईएल प्रतिनिधि रामायण कुमार एवं सी 3 के प्रतिनिधि आकाश कुमार उपस्थित थे।टीएलएम कार्यशाला के बावत डीइओ श्री झा ने बताया कि कार्यशाला में शिक्षक बेहतर टीएलएम निर्माण के गुर सीखेंगे। जिससे शिक्षकों का अपने शिक्षण प्रक्रिया में सुधार के अवसर मिलेंगे। शिक्षकों में आपसी बेहतर प्रतिस्पर्धा की बदौलत एफएलएन शिक्षण प्रक्रिया में टीएलएम का प्रयोग कर बच्चों के अधिगम स्तर में वृद्धि करने के अवसर ब?ेंगे। एडीपीओ उदय कुमार सिंह ने बताया कि कार्यशाला के पश्चात 25 जून को टीएलएम मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें शिक्षक कार्यशाला के दौरान स्वयं द्वारा निर्मित टीएलएम का प्रदर्शनी लगायेंगे। उसमें प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक राज्य स्तरीय निपुण समागम महोत्सव में पलामू जिला की ओर से टीएलएम स्टॉल लगाएंगे। एपीओ जॉन मुथू ने बताया कि पलामू से भी सौ शिक्षक-शिक्षिकाएं राज्य स्तरीय निपुण समागम में सम्मिलित होंगे। जिलास्तरीय प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रखंड को पुरस्कृत किया जायेगा। मेले को बाल केंद्रित बनाने के लिए पोस्टर, बैनर, सेल्फी प्वाइंट, गेम्स आदि की व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही राज्य स्तरीय निपुण समागम महोत्सव के बावत राज्य साधनसेवी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि 4 जुलाई से 6 जुलाई तक रांची के खेलगांव में टाना भगत स्टेडियम में आयोजित होने वाले निपुण समागम में राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले को पुरस्कृत भी किया जायेगा। समागम का मुख्य उद्देश्य राज्य में बुनियादी शिक्षा एवं साक्षरता के प्रति शिक्षकों एवं समुदाय को जागरूक करते हुए कक्षा एक से पांच के विद्यार्थियों को निपुण बनाना है। इस महोत्सव में देश के कई शिक्षा विशेषज्ञ समेत कई मोटिवेशनल टीचर्स शामिल होंगे।

### नौडीहा बजार पेट्रोल पंप का हुआ उद्घाटन

**नौडीहा बजार (उज्ज्वल दुनिया)।** नौडीहा बाजार में एचपी पेट्रोल पंप का उद्घाटन नौडीहा बाजार प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सुदामा प्रसाद ने किया। संचालन तिलक कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर सुदामा प्रसाद ने कह कि नौडीहा प्रखंड विकास के मामले में काफी तेजी से ब रहा है। इस छोटे से प्रखंड में पेट्रोल पंप का खुलना खुशी की बात है। पहले ग्राहकों को एक पेट्रोल पंप होने से काफी दिक्कत होती थी। अब नौडीहा बाजार मे दो-दो पेट्रोल पंप होने से ग्राहकों को सुविधा होगी। पेट्रोल पंप के मालिक चिंटू सिंह ने कहा कि नौडीहा बाजार में विकास की गति को तेज करना उनकी पहली प्राथमिकता है। पंप के साथ-साथ क्षेत्र के विकास के लिए और संस्थान खोलेंगे। इस मौके पर राजमणि सिंह, पिंटू सिंह, थाना प्रभारी अमित द्विवेदी, विजय सिंह, गुडू सिंह, आशीष सिंह सहित कइ लोग मौजूद थे।

### सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के नेता मिले आरडीडीई से

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक श्री दुर्गानंद झा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि गढवा, पलामू एवं लातेहार के सहायक अध्यापक चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के लिए जनवरी माह से ही प्रखंड को आदेश निर्गत करने का निवेदन कर रहे हैं लेकिन छह माह बीतने के उपरांत भी जिला से पत्र निर्गत नहीं हुआ है। हर वर्ष जनवरी में ही चार प्रतिशत मानदेय वृद्धि करके भुगतान करना है। मगर जिला कार्यालय की लापरवाही के कारण देर की जाती है। प्रदेश अध्यक्ष बिनोद तिवारी ने कहा कि यथाशीघ्र तीनों जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र निर्गत कर अंतर मानदेय के साथ जुलाई माह के साथ बे हुए मानदेय के साथ भुगतान कराने का आग्रह किया। आरडीडीई ने कहा कि यह जिला की घोर लापरवाही है। जो पहले से वृद्धि का लाभ सहायक अध्यापकों को मिल रहा है उसमें विलंब करना गलत है। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को कहा कि यह जिला कार्यालय का काम था। उन्होंने तत्काल बात कर तीनों जिलों में आदेश निर्गत कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी एवं रामाश्रय प्रसाद शामिल थे।

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम कांग्रेस भवन में आयोजित किया गया था। मौके पर बिट्टू पाठक ने केक काटा एवं जरूरतमंदों के बीच सूखा राशन का वितरण किया। श्री पाठक ने कहा कि राहुल गांधी में अद्वितीय नेतृत्व क्षमता, करुणामयी सोच और साहसी दृष्टिकोण है जिसके कारण उन्होंने हर भारतीय के दिल में एक खास जगह बनाई है। उनकी सादगी और निस्वार्थ सेवा ने सबको प्रेरित किया है। श्री गांधी भारत के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद हैं। इस मौके पर प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, शमीम अहमद राइन, कृष्णमणि दुबे, जितेंद्र कमलापुरी, सानू खान, गिरजा राम, सुरेश पाठक, जीशान खान, अशोक पासवान, सच्चिदानंद मिश्रा, अनिल सिंह, विक्की तिवारी, उमेश यादव, आलोक सिंह, इकराम अंसारी सहित कई कांग्रसी उपस्थित थे।

### पूर्व सांसद मनोज कुमार ने किया क्षेत्र का दौरा

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** भाजपा नेता पूर्व सांसद मनोज कुमार ने नौडीहा बाजार और छतरपुर का दौरा किया। इस दौरान वे नौडीहा बाजार के खरार गांव में उमेश भुइयां के पिता के ब्रह्मभोज में शामिल होकर पुष्पांजलि की। साथ हीी वे चेराई गांव में ब्यवसायी राजू प्रसाद के पिता का निधन शो व्यक्त किया तथा परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। इस दौरान वे छतरपुर के गौतम भोजनालय के मालिक स्व. गौतम ठाकुर के निधन की खबर सुनकर खाटीन गांव पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही यथासम्भव आर्थिक मदद की बात कही।

### चैनपुर के मजदूर की चेन्नई में मौत

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** चेन्नई कमाने गए चैनपुर थाना क्षेत्र के नेनुआ निवासी 50 वर्षीय प्रदीप पाल की सोमवार को मौत हो गयी। वह चेन्नई में मजदूरी का काम करता था। बीमार पत्नी को देखने घर आ रहा था तभी चेन्नई सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन पर चने के क्रम में नीचे गिर गया। चेन्नई आरपीएफ ने प्रदीप पाल को गवर्नमेंट हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रदीप पाल के घर में पत्नी के अलावा तीन ल?की और एक लका है। आर्थिक तंगी के करण प्रदीप का शव घर नहीं लाकर चेन्नई में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह ने पीडित परिवार से मिलकर सरकारी प्रावधान के अनुसार सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

### एमडीएनजीजीपीएस स्कूल में योग शिविर 21 को

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू जिला योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में विश्व योगा दिवस के अवसर पर यमुने स्थित एमडीएनजीजीपीएस स्कूल में 21 जून को जिला स्तरीय योग शिविर का अयोजन किया गया है। यह जानकारी पलामू जिला योगा एसोसिएशनके सचिव अनिल कुमार पाण्डेय दी है।

## बीएसएल के सीओ एंड सीसी विभाग में श्रमिक उद्यान का उद्घाटन



बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक बी के तिवारी ने सीओ एंड सीसी विभाग में कोक ओवन बैटरी # 8 के सामने ह्णश्रमिक उद्यानह्ण पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं), अतिरिक्त प्रभार अधिशासी निदेशक (एमएम) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (एच आर), अतिरिक्त प्रभार अधिशासी निदेशक (संकार्य) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। उदघाटन के मौके पर सीजीएम (सीओ एंड सीसी) राकेश कुमार ने निदेशक प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि विभाग के आंतरिक संसाधनों की मदद से पुराने स्क्रैप और अन्य सामग्रियों को हटाने के बाद इस पार्क को विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पार्क को विकसित करने में ठेका श्रमिकों का विशेष योगदान रहा जिन्हें सीओ एंड सीसी विभाग ने सभी सहयोग प्रदान किए, अतःपार्क का नाम ह्णश्रमिक उद्यानह्ण रखा गया है। यह पार्क सीओ एंड सीसी विभाग विभाग में उत्कृष्ट हाउसकीपिंग को भी दशार्ता है। निदेशक प्रभारी ने सीओ एंड सीसी विभाग की पूरी टीम को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई दी और सभी से संयंत्र की बेहतरी के लिए प्रयासरत रहने का आह्वान किया.

## गिरीडीह लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी आदरणीय श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी का विजयी होने के उपलक्ष्य में कार्यकताओं के साथ आभार यात्रा निकाला गया



टुंडी : टुंडी विधानसभा अंतर्गत टुंडी में गिरीडीह लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी आदरणीय श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी का विजयी होने के उपलक्ष्य में टुंडी बाजार स्थित थाना मोड़ पंजाब नेशनल बैंक से टुंडी बाजार होते हुए महथा कॉम्प्लेक्स टुंडी तक पैदल केकताओं के साथ आभार यात्रा बुधवार को निकाला गया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पुर्व उप मुख्यमंत्री आदरणीय श्री सुदेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि आदरणीय श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, पुर्व मंत्री उमा कांत रजक, गोमिया विधायक लम्बोदर महतो, रोशन लाल चौधरी एवं पार्टी के वरीय नेतागण उपस्थित रहे । लोकसभा चुनाव के बाद अब यहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में आनेवाले समय को देखते हुए पार्टी ने रोड मैप तैयार किया है। इसके पूर्व पूर्वी के पांडुवा गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित ह्यआभार सभाह्ण पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने और अपना प्यार एवं समर्थन चंद्र प्रकाश चौधरी को देने के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने उनकी समस्याओं को सुनकर जल्द इसका समाधान करने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि भास्कर ओझा, सांसद प्रतिनिधि दिनेश कुमार राय, धर्मेन्द्र सिंह, विक्रम भारद्वाज, प्रखण्ड अध्यक्ष रामचन्द्र राणा, सचिव प्रेम सिन्हा, कार्यकारी प्रखण्ड अध्यक्ष सोनु मण्डल, प्रखण्ड उपाध्यक्ष मिथुन मण्डल, ओबीसी प्रखण्ड अध्यक्ष शिवम जायसवाल, टुंडी विधानसभा भाजपा नेता विक्रम पाण्डेय, रूपेश पाण्डेय, गोलक यादव, जितेन्द्र कुमार मण्डल, प्रखण्ड अध्यक्षा दिव्य सिंह, गोपाल पाण्डेय, संजीव मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष जयंत भगत समेत बड़ी संख्या में आजसु व भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे

## राजस्व शिविर एवं पेंशन/दिव्यांगता शिविर का आयोजन सफल करें : उपायुक्त

- क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर छात्रों के बीच करें साइकिल वितरण
- पोस्ट मैट्रिक छात्र झ छात्राओं के छात्रवृति के लिए प्राधानाचार्यो के साथ करें बैठक
- समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिया जरूरी दिशा झ निर्देश



बोकारो : गुरूवार से सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में आयोजित हो रहे विशेष राजस्व शिविर एवं शुक्रवार से शुरू हो रहें पेंशन/दिव्यांगता शिविर का सफल आयोजन करेंगे। इन शिविरों के आयोजन का ज्यादा से ज्यादा प्रचार झ प्रसार करें, ज्यादा से ज्यादा लोग इन शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ उठाएं यह सुनिश्चित करेंगे। उक्त बातें उपायुक्त विजया जाधव ने कहीं। वह बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रही थी। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने विशेष राजस्व शिविर में आने वाले लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो, यह सुनिश्चित करने को सभी बीडीओ को कहा। शिविर में आमजन जो भी आवेदन लेकर आएंगे, उसे प्राप्त कर जांचोंपरांत निष्पादन करना है, उन्हें पावती रशिद भी उपलब्ध कराना है। शिविर में पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। पेंशन/दिव्यांगता शिविर के दिन स्थानीय एमओआइसी से समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य जांच/दवा वितरण शिविर का भी आयोजन करेंगे। उपायुक्त ने कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध साइकिलों का वितरण क्लस्टर स्तर पर तिथि निर्धारण कर स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराने को कहा। उन्होंने प्रखंडवार एसेंबल साइकिल के आंकड़ों की भी जानकारी ली, कहा कि जैसे झ जैसे साइकिल उपलब्ध हो रहा है, उसका वितरण सुनिश्चित करें। विभाग से उपलब्ध शत-प्रतिशत साइकिल का वितरण सुनिश्चित करना है। बैठक में उपस्थित सभी बीडीओ ने कहा कि साइकिल वितरण को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना को लेकर स्थानीय स्तर पर संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। कहा कि काफी कम संख्या में छात्रों ने अब तक आवेदन पोर्टल पर किया है, कोई भी छात्र छात्रवृति योजना का लाभ पाने से वंचित नहीं रहें, इसे सुनिश्चित करेंगे। कहा कि, जल्द पोर्टल पर उपलब्ध आवेदनों का सत्यापन के लिए प्रखंडों को भेजा जाएगा, जिसका सत्यापन करते हुए ससमय जिला को आवेदन अग्रसारित करेंगे.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन मे देश का चौमुखी विकास होगाी -हरि चरण सांडिल

गुवा। भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री हरि चरण सांडिल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए हार्दिक बधाई दी है ।साथ ही साथ यह संदेश जारी किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में भारत देश को एक नया मुकाम मिलेगा ।देश की पहचान देश-विदेशके साथ अन्य स्थानों में भी बनेगी । भारत की पहचान एवं तिरंगे का ऊंचा होना जाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भी संभव है। विगत 10 वर्षो से निरंतर देश का गौरव बढ़ाने का कार्य जारी है ।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल, मुआवजा के लिए रोड जाम
# एस डीओ एवं डीएसपी के साथ वार्ता जारी

उज्जवल दुनिया

चंदनकियारी : सियालजोरी थाना क्षेत्र के सियालजोरी बनगडिया पथ के बांधवाटांड़ में ट्रेकर की चपेट मे आने से मोपेड सवार एक चार वर्षीय बालक समेत एक वृद्ध का मौत हो गई।जबकि अन्य दो घायल हुए हैं जिसमें एक बच्ची की हालत गंभीर बताया जा रहा है । मृतक चंदाहा निवासी 65 वर्षिय गुलाल अंसारी व उनके पौता एहसान अंसारी (5 वर्ष ) है ।घटना के विरोध में थाना के सामने रोड जाम किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एस डी ओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, डी एस पी प्रवीण कुमार सिंह, समेत अन्य पदाधिकारी परिजनों को समझाने में जुटे हुए थे। मृतक के परिजनों को दो लाख घायल को पचास हजार देने का आश्वासन दिया गया। वहीं परिजन मुआवजा समेत अन्य मांग कर रहे थे। घटना के संबंध मे बताया जा रहा है कि मृतक चंदाहा निवासी गुलाल अंसारी अपने बेटी रेशमा बीबी (32)और दो बच्चों को( बेटी की) एहसान (5)व आयात परवीन (7) को अपने मोपेड में लेकर चंदनकियारी से घर आ रहा था कि सियालजोरी के बाधवाटाड में विपरीत दिशा में आ रही ट्रेकर ने





सीधा टक्कर मार दिया ।टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही चार वर्षीय बालक एहसान अंसारी का मौत हो गई । वहीं घटना के बाद घायल गुलाल अंसारी एवं सात वर्षीर्या आयात परवीन को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान गुलाल अंसारी की भी मौत हो गई । आयात परवीन की गंभीर चोट है । सुचना पाकर घटनास्थल पर सियालजोरी पुलिस पहुंची और बनगड़िया गांव से ट्रेकर को जब्त कर थाना ले आई । इधर घटना के बाद मृतक के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में सियालजोरी थाना पहुंचे और थाना के सामने सड़क जाम कर दिया गया । इस दौरान रह रहकर बवाल होता रहा ।लोग मुआवजा की मांग कर रहे थे । बवाल कर रहे लोगों को गांव के प्रबुद्ध लोग और अधिकारी ने समझा बुझाकर शांत कराते रहे ।स्थिति को भांपते अतिरिक्त पुलिस बल बुला ली गई थी । समाचार लिखे जाने तक एसडीएम चास, डीएसपी चास ,सीओ चंदनकियारी समेत कई थानों के पुलिस मौजूद थे।

घटना : मृतक गुलाल अंसारी चंदाहा के रहने वाले थे। जो अपना बेटी रेशमा और रेशमा के दो बच्चों को मोपेड से चंदनकियारी से घर ला रहा था । बेटी की ससुराल संथालडीह के कांकीबजार में है । संथालडीह से बेटी को चंदनकियारी तक दामाद छोड कर चले गये थे और वहां से पिता गुलाल ला रहा था। जब्त ट्रेकर स्कूल के बच्चें को छोड लौट रहा था. होगा.

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने दिव्यांगों संग बांटे खुशियां



उज्जवल दुनिया

बोकारो : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गाँधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बोकारो जिला कांग्रेस अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में यहाँ के सेक्टर 5 मानव सेवा आश्रम में अनाथ बच्चों के बीच राहुल गाँधी का जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से झारखण्ड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित रहे। इस दौरान आश्रम के सभी बच्चों के बीच फल, नास्ता का पैकेट बाँटा गया। मौके प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने वाले युवा दिलों की धड़कन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं। आपके सशक्त नेतृत्व ने संपूर्ण राष्ट्र में न्याय, संविधान व लोकतंत्र संरक्षण की मुहिम को नया मुकाम दिया है।वहीँ जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने कहा की जननायक राहुल गाँधी को उनके जन्मदिन पर ढेरों बधाई एवम् शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि आपकी प्रतिबद्धता और नेतृत्व देश को नई दिशा दे रहा है। ईश्वर आपको दीर्घ आयु दें एवम् हमेशा अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करें। इस अवसर पर बोकारो जिला वरिष्ठ कोंग्रेसी हरेंद्र सिंह,रसनारायण सिंह, मनोज कुमार, जवाहर महाथा,आश्रम के सचिव राजेश कु प्रसाद, मो इरशाद अंसारी, बेबी प्रशांत, विद्यावती मिश्रा, कैलास महतो, जिशन आलम,नजीर अहमद, अंजलि सोरेन, अनवर साह, जमील अख्तर,बनमाली बाउरी,अशोक मिश्रा, प्रेम राय गौरव राय सहित बोकारो जिला कमिटी के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे.

## भारतीय जीवन बीमा निगम चिरकुंडा शाखा में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया



उज्जवल दुनिया

एग्यारकुंड। भारतीय जीवन बीमा निगम चिरकुंडा शाखा में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ की ओर से बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस क्रम में बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विकास बीमा अभिकताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के रामायण गुप्ता ने कहा कि एक दिन में अधिकतम बीमा करवाने का लक्ष्य लिया, जिसके तहत विकास अधिकारी, मुख्य बीमा सलाहकार व बीमा अभिकताओं से आग्रह किया कि 13 मार्च 2024 को मेरा निगम मेरा गौरव कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक बीमा व्यवसाय किया जाए। इस कार्यक्रम के तहत एलआईसी ने 13 मार्च को 232395 नव व्यवसाय कर 436.66 करोड़ रुपये की प्रथम प्रीमियम आय अर्जित कर नया कीर्तिमान बनाया। इस दौरान हजारीबाग मंडल में 2515 पालिसी हुई। जिसमें चिरकुंडा का स्थान 7वां था। इस दौरान विश्वजीत बनर्जी, आकाश चन्द्र मंडल,निरजंन महतो, गोपाल टुडू,राजेश मंडल,रविन्द्र चौरसिया को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रबंधक नीरज प्रसाद, विदया धर पुरस्ती,साकेत राय,एस एन कुमार, जितेंद्र कुमार,रामायण गुप्ता आरके शर्मा,अफजल हुसैन ,अमित टीबरिवाल,पवन अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# बोकारो में जिला टास्क फोर्स ने राममंदिर मार्केट से तीन बाल श्रमिको को विमुक्त कराया

- राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग का विशेष राष्ट्रीय अभियान

उज्जवल दुनिया





बोकारो (कसमार) : उपायुक्त बोकारो के निदार्शुनार गठित जिला टास्क फोर्स ने श्रम विभाग के नेतृत्व में बोकारो के सेक्टर एक के राम मंदिर मार्केट स्थित तीन रेस्टोरेंट से तीन बाल श्रमिको को विमुक्त कराया। जिला धावा दल तथा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा की बाल मजदूरी रोकने के लिए जिला टास्क फोर्स लगातार छापामारी कर प्रतिष्ठानों को बाल श्रमिक मुक्त करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। आज के कार्रवाई के बाद नियोक्ता पर कानूनी कारवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रवानी ने कहा कि बोकारो जिले में बाल मजदूरी तथा बाल तस्करी रोकने के लिए प्रशासन सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रही है। समाज के सभी वर्ग तथा स्टेकहोल्डर को विशेष रूप से बच्चों के अधिकार को लेकर सजग होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम से संबंधित मामले की जानकारी कोई भी जिला टास्क फोर्स को दे सकता है।
उसपर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया की रेस्क्यू किए गए तीनों बाल श्रमिक 14 वर्ष से कम उम्र के है , जिन्हे पुनर्वासित किया जायेगा। राम मंदिर मार्केट के बालाजी कॉफी हाउस, कान्हा स्वीट्स तथा कॉफी हाउस से बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। इस दौरान सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष शंकर रवानी, जिला बाल संरक्षण इकाई की सरिता कुमारी, श्रम विभाग से सुबल चंद्र गोप, संतोष कुमार, सहयोगिनी के गौतम सागर, फुलेंद्र रविदास , अनिल कुमार हेंब्रम शामिल थे। बाल मजदूरो को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया गया है। बाल कल्याण समिति ने विमुक्त किए गए तीनों बाल श्रमिकों को तत्काल आश्रय के लिए बाल गृह चास भेज दिया गया है। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि संस्था बोकारो जिले में बाल तस्करी तथा बाल मजदूरी को लेकर विशेष रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि जिले में बाल तस्करी तथा बाल मजदूरी के किसी भी प्रकार के मामले की सूचना टोल फ्री नंबर में दिया जा सकता है, उनका नाम गुप्त रखा जाएगा.

## बोकारो स्टील प्लांट के आरएमपी विभाग के लिए नए और वैकल्पिक
# कोक ओवन गैस लाइन का उद्घाटन

उज्जवल दुनिया

बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट के आरएमपी विभाग के लिए नए और वैकल्पिक कोक ओवन गैस लाइन का उद्घाटन निदेशक-प्रभारी बोकारो स्टील प्लांट बीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रँगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबन्धकगण, विभागाध्यक्ष तथा वरीय अधिशासी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे। कोक ओवन गैस आरएमपी के लिए एक महत्वपूर्ण ईंधन है। वर्तमान में इसकी सप्लाई पुराने पाइप लाइन से ही हो रही थी परन्तु पुराने पाइप लाइन में चोकिंग तथा अन्य समस्याओं के कारण आरएमपी की आवश्यकता पूरी नहीं हो पा रही थी। आरएमपी विभाग द्वारा अपनी ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति के लिए टार ईंधन का उपयोग किया जा रहा था जो एक मूलयवान बाई प्रोडक्ट है। इसे देखते हुए ईएमडी विभाग द्वारा आरएमपी के लिए लगभग 2 किलोमीटर लम्बी वैकल्पिक कोक ओवन गैस लाइन आंतरिक संसाधनों से लगाया गया। नए गैस लाइन को चार्ज कर दिया गया है और अब आरएमपी के 2 अतिरिक्त किल्न का परिचालन कोक ओवन गैस से किया जा रहा है जिससे संयंत्र को काफी बचत भी होगी। वैकल्पिक कोक ओवन गैस लाइन के उपयोग से कोक ओवन गैस का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित कर बड़ी मात्रा में टार की बचत तथा कार्बन उत्सर्जन के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। इस कार्य को मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) गुलशन कुमार के मार्गदर्शन में ईएमडी विभाग की टीम द्वारा सम्पादित किया गया। जिनमें संजय, उप महाप्रबंधक (ईएमडी), राकेश कुमार ओझा, सहायक महाप्रबंधक (ईएमडी), प्रेम रंजन, सहायक महाप्रबंधक (ईएमडी), बीपीएस राणा, वरिष्ठ प्रबंधक (ईएमडी), सौरभ, प्रबंधक (ईएमडी), अमितेश राज, प्रबंधक (ईएमडी), एस सुमन, उप प्रबंधक (ईएमडी), आशीष बघेल, सहायक प्रबंधक (ईएमडी) और अन्य एजेंसियों और अधिकारियों के नेतृत्व में संपूर्ण ईएमडी टीम का सराहनीय योगदान रहा.

## टुंडी प्रखण्ड के +२ उच्च विद्यालय टुंडी के सभागार में मासिक गुरु गोष्टी का आयोजन किया गया

उज्जवल दुनिया

टुंडी : टुंडी प्रखण्ड के +२ उच्च विद्यालय टुंडी के सभागार में मासिक गुरु गोष्टी का आयोजन किया गया । जिसमे टुंडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी नेशैलेन्द्र कुमार चौरसिया ने गुरु गोष्टी में उपस्थित सभी शिक्षकों को चुनाव में बेहतर कार्य के लिए सराहना किय। साथ ही चुनाव के दिन हर बूथ में आस पास के विद्यार्थी जिनका वोट देने का उम्र नहीं था उनको वोलेंटियर के रूप में चार चार बच्चो को हर बूथ मतदाताओं का सहयोग के लिए में लगाया गया जिनको आज निर्वाचन आयोग के द्वारा बेहतर कार्य के लिए प्रस्सति पत्र उनके विद्यालय के प्रधान शिक्षकों को दे दिया गया ताकि वे अपने विद्यालय में जाकर उन बच्चो को बाँट सके। बी डी ओ ने सभी शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हुए एवं उनके कार्य एवं दायित्व को यदा दिलाते विद्यालय में नामांकन बढ़ने एवं कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसका विशेष धयान देने को कहा। साथ ही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं मध्याहन भोजन का सञ्चालन के साथ पेयजल, स्वास्थ्य पर विशेष एहतियात बरतने पर जोर दिय। साथ ही चिकित्सा विभाग द्वारा दिया गया निशुल्क दवा भी प्रधान शिक्षकों को दिया गया ताकि बच्चो के बिच वितरण कर आगामी वरसात आदि में कई तरह की बिमारियों से बचा जा सक। मौके पर बीईईओ मूरत महतो, बीपिआरओ बबलेश शाह, बीपिओ उमेश पासवान, गौतम दास, बीआरपि मनोज कुम्भकार, कुमार गौरव, सीआरपी हरिमोहन मुखर्जी के समेत कई विद्यालयों के प्रधान शिक्षक शामिल थे।

# पुलिस ने किया फुसरो गोली काण्ड का खुलासा

- मोती अलंकार ज्वेलर्स दुकान पर फायरिंग की घटना

उज्जवल दुनिया

बोकारो. फुसरो के मोती अलंकार ज्वेलर्स दुकान पर फायरिंग की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है।ये जानकारी डीआईजी, कोयलांचल एसपी झा ने बोकारो एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। ज्ञात हो कि बोकारो जिला के बेरमो थाना अन्तर्गत फुसरो बाजार में दिनांक 17.05.2024 के दिन में अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा मोती अलंकार ज्वेलर्स दुकान पर फायरिंग की घटना की गयी। इस सम्बंध में बेरमों थाना काण्ड सं0-72/2024 धारा-387/307/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट, अंकित किया गया। पुनः दिनांक-12.06.2024 को अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा फुसरो बाजार स्थित ज्ञान ज्वेलर्स दुकान पर फायरिंग की घटना की गयी, बेरमो थाना का0सं0-83/2024, दिनांक-12.06. 2024 धारा-307/387/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट विरूद्ध अज्ञात





अपराधकर्मी के दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त मेजर नाम से वाट्सअप कॉल तथा वर्चुअल कॉल के माध्यम से भी अपराधकर्मियों द्वारा धमकी भरा मैसेज भेज कर एवं वाईस रिकॉर्डिंग भेज कर गोली मारने की धमकी देते हुए रंगदारी की मांग की गयी। इस सम्बंध में भी बेरमो थाना में कांड अंकित किया गया। पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोयला क्षेत्र बोकारो के निकट अनुश्रवण में पुलिस अधीक्षक, बोकारो द्वारा गठित एस०आई०टी० टीम एवं ए०टी०एस० टीम के द्वारा संयुक्त छापामारी की गई तथा कांड उदभेदन हेतु आसूचना संकलन करने हेतु तकनिकी सहयोग, तथा पूर्व से आरोपित / संदिग्धों के विरूद्ध धनबाद, बोकारो एवं गिरीडीह जिला के कई थाना क्षेत्रों में छापमारी की गयी तथा आसूचना संग्रह भी किया गया। प्राप्त आसूचना संकलन तकनीकी सहयोग एवं सघन छापामारी कर घटना में संलिप्त अपराधकर्मी . बिट्टू सोनार को बेरमो थाना से एवं गोलु कुमार सिंह, छोटु कुमार सिंह, अरविन्द सोनार,रितुराज कुमार उर्फ बाबु को धनबाद जिला के मधुबन थाना क्षेत्र के नावागढ़, खरखरी तथा सोनारडीह ओ०पी० क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गयी। इनके अपराध स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल, पिस्टल, गोली, फायरिंग के एवज में मिला रूपए, एवं मोबाईल सेट, तथा घटना के समय अभियुक्तों द्वारा पहना शर्ट आदि की बरामदगी की गयी। घटना के समय अपराधकर्मी द्वारा मोटरसाईकिल चलाते समय पहना गया हेलमेट की भी बरामदगी हुई है। अभी तक के अनुसंधान में यह बात प्रकाश में आई कि गिरफ्तार सभी अभियुक्त प्रिंस खान गिरोह धनबाद के लिए कार्य करते हैं। अभियुक्तों द्वारा गिरोह के सम्बंध में उपलब्ध कराये गये सूचना के आधार पर विशेष अनुसंधान टीम के द्वारा साक्ष्य संकलन करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।
अभियुक्तों के पास से बरामद सामनों में पिस्तौल 01 (एक) मैगजीन सहित,गोलीः- 02 (दो) 7.65 के०एफ० अंकित,गोली कांड में प्रयुक्त टी०भी०एस० राईडर, मोटरसाईकिल काला रंग का,हेलमेट-दो (02) घटना के समय पहना हुआ,मोबाईल फोन-06 (छः), गिरफतार पांचो अभियुक्त के पास से,नगदी 25,910/ रू व घटना के दौरान पहना हुआ शर्ट बरामद हुआ है।
छापामारी दल में वशिष्ठ नारायण सिंह, अनु०पु०पदाधिकारी, बेरमो, तेनुघाट, बोकारो, नितिन खण्डेलवाल, पुलिस उपा० ए०टी०एस० रॉची,नवल किशोर सिंह, पु०नि० बेरमो अंचल, बोकारो,अशोक कुमार, पु०नि० सह थाना प्रभारी, बेरमो थाना, बोकारो, नवीन कुमार सिंह, पु०नि० साईबर सेल, बोकारो, अनिल कुमार तिवारी, पु०नि० ए०टी०एस० राँची, पु०अ०नि० अमन कुमार, थाना प्रभारी, चन्द्रपुरा थाना, पु०अ०नि० श्रीनिवास कुमार, ओ०पी० प्रभारी, बोकारो, झरिया ओ०पी०, पु०अ०नि० मनीष कुमार, थाना प्रभारी, दुग्धा थाना, पु०अ०नि० रवि कुमार, थाना प्रभारी, नावाडीह थाना, पु०अ०नि० पिन्टु महथा, ओ०पी० प्रभारी, गांधी नगर ओ०पी०, पु०अ०नि० अमित कुमार राय, थाना प्रभारी, जरीडीह थाना। 13. पु०अ०नि० नित्यानंद भोक्ता, थाना प्रभारी, गोमिया थाना, पु०अ०नि० विक्रांत कुमार बेरमो थाना,पु०अ०नि० अरूण कुमार बेरमो थाना,पु०अ०नि० सचिन रौशन, बेरमो थाना, पु०अ०नि० विवेक कुमार पाण्डेय, बेरमो थाना, पु०अ०नि०अभिषेक रंजन, बालीडीह थाना, पु०अ०नि० विकास कुमार विश्वकर्मा, जरीडीह थाना,तकनीकी शाखा दल, पुलिस अधीक्षक, कार्यालय, बोकारो व 10/696 तारकेश्वर प्रसाद, थाना मुंशी शामिल रहे.

# उपायुक्त ने मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान को लेकर तीन प्रचार वाहन को किया रवाना

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**गिरिडीह :** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान को लेकर तीन नशा मुक्त जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौ? पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इसके प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रचार वाहन को रवाना किया गया ताकि आमजनों/युवाओं को इसके विरुद्ध जागरूक किया जा सकें। 19 जून से 26 जून 2024 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा।

उन्होने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग के फ्लैग मार्च, जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यशाला व निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, शपथ पाठ आदि गतिविधियां संचालित की जाएगी जिसमे सभी की सहभागिता आपेक्षित है। उन्होंने कहा कि अभियान के सफल क्रियान्वयन में प्रशासन का सहयोग करें ताकि युवा वर्ग तथा अगली पीी को नशा की क्षेत्र में जाने से रोजा जा सकें साथ ही मादक प्रदार्थो के सेवन के दुरुपयोग से लोगो को अवगत कराया जा सकें।

## गिरिडीह कॉलेज में रोटरी गिरिडीह के द्वारा दो डगआउट एवं एक बाथरूम का निर्माण कराया गया

**गिरिडीह :** रोटरी गिरिडीह के द्वारा बुधवार को गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह के क्रिकेट मैदान में दो डगआउट का निर्माण कराया गया है। इस दौरान इनॉग्रेशन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एसपी बागड़िया के द्वारा एक डगआउट बनवाया गया जिसमें 19 लोग बैठ सकेगे हैं । इसके अलावे वहां एक बाथरूम का भी निर्माण कराया गया है। यह पूरा कार्यक्रम प्रोजेक्ट चेयरमैन विकास बसईवाला की देखरेख में पूरा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेसिडेंट मनीष तर्वे का सफल योगदान रहा ।इस मौके पर सेक्रेटरी आशीष तर्वे, अंशुल जैन ,आभिषेकजैन राजेश जालान मनीष बरनवाल विकास बगड़िया मयंक राजगढ़िया रोहित जैन गौरसरिया जी नरेंद्र सिंह मनजीत सिंह रंजना बागड़िया, तरनजीतसिंह, तरण खालसा, सिद्धार्थ जैन, सम्भु जैन प्रदीप डालमिया, मनीष केडिया आदि मौजूद थे।

## एक-नजर

### डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, सीसीएल,गिरिडीह के प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया




**गिरिडीह :** बुधवार को डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, सीसीएल, गिरिडीह के प्रांगण में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया। प्रथम दिवस में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओ.पी.गोयल ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारी एवं विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को सामूहिक स्वच्छता शपथ दिलाई। विद्यालय परिसर में स्वस्थ्य और ताजा वातावरण बनाए रखने के लिए सफाई वक्तव्यों का पालन करने के लिए अभियान की शुरुआत हुई। प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में कार्यस्थल और दैनिक जीवन दोनों में स्वच्छता बनाए रखने में व्यक्तिगत जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के दौरान प्रमुख रूप से स्कूल को प्लास्टिक मुक्त व थूकना मुक्त क्षेत्र रखने पर विशेष बल दिया गया है। इस दौरान बच्चों ने हिंदी एवं अंग्रेजी व्याख्यान के माध्यम से सभी को स्वच्छता के विषय में जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया।

इस मौके पर प्रधानाध्यापक ओ. पी.गोयल सर,एस.रब्बानी,काकोली शाह सहित सारे शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**गावां :** सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को गांवा खेल मैदान में आयोजन किया गया। जिसमें गांवा प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय की छात्राएं भी भाग लिया एवं मुख्य अतिथि के रूप में गांवा बी ई ओ तितू लाल मुर्मू उपस्थित रहे । जिसमें माल्दा कस्तूरबा विद्यालय की बच्चियो एवं कन्या उच्च विद्यालय गांवा की बच्चियों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय की छात्राएं ने कस्तूरबा विद्यालय को हराकर अपने कब्जे में जीत हासिल किया, वहीं गांवा प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्र ने जीत का कब्जा अपने नाम हासिल किया। गांवा पंचायत बच्चियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, इस कार्यक्रम का आयोजन सुबह 6ः00 बजे से लेकर सुबह 10ः00 बजे तक होगा। इस क्रम में मंच संचालन मोहम्मद शमशाद आलम ने किया। मौके पर उपस्थित सीआर पी संतोष सिन्हा ,बीआर पी राहुल कुमार, सी आर पी जनार्दन कुमार साहा, बी,आर,पी रविकांत पांडे, बी आर पी विशाल कुमार,डाटा एंट्री ऑपरेटर पुष्पेश कुमार , पारा शिक्षा संघ अध्यक्ष अनिल यादव, अजय कुमार राम ,अमित कुमार, सुनील कुमार, राजीव रंजन, सुबोध कुमार, नवीन कुमार पासवान, संजय दास,निरंजन कुमार, सुमित कुमार दर्जनों की संख्या में अध्यापक गण एवं खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### 2024-25 का पीएसडीपी तैयार करने से संबधित प्रखंड प्रमुख और बीडीओ की देखरेख में पंसस के साथ बैठक

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड सभागार में 15 वीं वित्त आयोग अंतर्गत व्यय और वित्तीय वर्ष 2024-25 का पीएसडीपी तैयार करने संबंधित विषयों को लेकर प्रखंड प्रमुख दीपा देवी की अध्यक्षता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अनु प्रिया की देखरेख में पंचायत समिति सदस्य के साथ एक बैठक आयोजित की गई।बैठक में 15वीं वित्त मद से पंचायत समिति द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।प्रस्ताव संख्या 2 में योजना संख्या 1/22-23, 2/22-23, 3/22-23, 8/22-23, 15/22-23, 18/22-23, 19/22-23, 20/22-23, 21/20-21, 23/20-21, प्रस्ताव संख्या 3में योजना संख्या 24/22-23, 4/23-24, 07/23-23, 06/23-24 एवं 23/22-23 का कार्यादेश हेतु प्रस्ताव बैठक में रखा गया।प्रस्ताव संख्या 4 में मिश्राइन मोा भाग 1 के रिकवा गाँव के छठ घाट पर एवं बाजार टांड में शेड निर्माण हेतु भूमि प्रतिवेदन दस्तावेज में जंगल किस्म दर्ज संबंधित मामला पर विधिसम्मत कार्रवाई हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।बैठक में योजना संख्या में पूर्व में प्रस्तावित लाभूक समिति के अध्यक्ष द्वारा संबंधित योजना में कैए करवाने में असमर्थता( घर से बाहर रहने के कारण )उक्त अध्यक्ष को प्रतिस्थापित/उसके जगह पर किसी अन्य का प्रस्ताव लेने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।और बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का पीएसडीपी तैयार करने हेतु संबंधित योजनाओं का प्रस्ताव लिया गया।
बैठक में बीडीओ श्रीमती अनु प्रिया, प्रखंड प्रमुख दीपा देवी,पंचायत समिति सदस्य होन्हेमोा रीमा कुमारी,पंसस रबोध किरण देवी,पंसस कनकी भाग 1 सुमित्रा देवी, कनकी भाग 2,मिश्राईन मोा भाग 1 एवं 2 आदि समेत अजित तिवारी मौजूद थे।

### उपायुक्त के निर्देशानुसार बीडीओ, जमुआ की अध्यक्षता में नीति आयोग के सूचक के लक्ष्य प्राप्ति से संबंधित कार्यों की समीक्षा




**गिरिडीह :** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार आज जमुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला के मानकों से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा जिला में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली गई। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, आधारभूत संरचनाओं का विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट फेलो समेत प्रखंड के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कार और बाईक की भीषण टक्कर में एक की मौत, एक की हालत गंभीर



**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले के देवरी थाना अंतर्गत बेलाटांड अस्पताल के सामने बुधवार की दोपहर कार और बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई. घटना में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लें जाया गया। जहां उसके गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे धनबाद रेफर कर दिया गया। फिलवक्त धनबाद में उसका इलाज चल रहा है। मृतक बाइक सवार की पहचान तिसरी थाना इलाके के बहरवाबांक निवासी फैजल अंसारी का 22 वर्षीय पुत्र गुलाम रब्बानी के रूप में की गई. वहीं गंभीर रूप से घायल सहबाज अंसारी है. दोनों चचेरे भाई बताये जा रहें हैं।

मिली जानकरी के अनुसार गुलाम और सहबाज अपने बहन के घर जा रहे थे. तभी बेलाटांड हॉली क्रॉस अस्पताल के समीप चतरो से तिसरी की ओर जा रही टाटा नेक्सॉन कार से आमने-सामने की टक्कर हो गई. टक्कर में 22 वर्षीय गुलाम रब्बानी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका चचेरा भाई सहबाज गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार का एयरबैग खुलने से चालक की भी जान बच गई. हालांकि उसके तुरंत बाद कार चालक मौके पर ही कार छो?कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर शव को रखकर स?क जाम कर दिया. घटना की सूचना पर देवरी पुलिस के एसआई राम पुकार सिंह और तिसरी पुलिस के एसआई रौशन कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया. इस दौरान आजसू के जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह और तिसरी के बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुन्नीबुद्दीन भी मौके पर पहुंचे और मृतक व घायल के लिए मुआवजे की मांग की. स?क जाम की जानकारी पर देवरी थाना ।

# उपायुक्त के निर्देश पर बगोदर से तीन बाल श्रमिकों का किया गया रेस्क्यू

## धावा दल द्वारा बगोदर के विभिन्न प्रतिष्ठनों, होटलों, ढाबों आदि का किया निरीक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गिरिडीह :** उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार बुधवार को धावा दल द्वारा बगोदर के विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों आदि का निरीक्षण किया गया। जहां बगोदर से तीन बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया। निरीक्षण के दौरान बगोदर अवस्थित होटल से तीन बच्चे को रेस्क्यू किया गया। बच्चे ग्लास, कप, प्लेट धोने व साफ सफाई के काम मे लगे हुए थे। रेस्क्यू किए गए तीनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी। धावा दल का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन अधिकारी बसंत महतो, जिला बाल संरक्षण इकाई के हिरामन महतो, बचपन बचाओ आंदोलन निति आयोग की जिला समन्वयक अंजलि बिन, बनवासी विकास आश्रम, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सुरेश कुमार शक्ति, उत्तम कुमार, उदय कुमार सोनी इत्यादि शामिल थे। बाल श्रम उन्मूलन हेतु एक जून से तीस जून तक अभियान चलाया जा रहा है. इसके अंतर्गत गिरिडीह को बाल श्रम मुक्त जिला बनाने हेतु कई कदम उठाये जा रहे हैं।

# सिकल सेल एनीमिया जागरूकता अभियान का सिविल सर्जन व अन्य अतिथियों ने किया शुभारंभ




**गिरिडीह :** उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर बुधवार को सर जे सी बोस उच्च विद्यालय में सिविल सर्जन व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से सिकल सेल एनीमिया जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला आरसीएच पदाधिकारी, सर जे सी बोस उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य, डीपीएम एनएचएम समेत अन्य स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर सिविल सर्जन ने बताया कि हर साल विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस 19 जून को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य सिकल सेल रोग से उत्पन्न बीमारियों से बचाव है। यह अभियान बीमारी के बारे में शिक्षा को बढ़ावा देते हुए प्रारंभिक पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्क्रीनिंग और जागरूकता रणनीतियों को जोड़ता है। सिकल सेल विशेषता वाले व्यक्तियों की पहचान करके, मिशन का उद्देश्य अगली पीढ़ी में बीमारी के स्वचालित संचरण को रोकना है।

सिकल एक अनुवांशिक रोग है। परिवार का कोई सदस्य जिनकी उम्र शून्य से 40 वर्ष हो, सिकल सेल जाँच अवश्य कराएं। एनीमिया हो तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जाँच जरूर कराएं।

सिकल सेल एनीमिया के लक्षणः एनीमिया/पीलापन दिखाई देना, बार-बार संक्रमण/बीमार होना, थकान, बुखार एवं सूजन तथा कमजोरी महसूस करना।

जोड़ों में दर्द या सूजन, छाती में दर्द, साँस फूलना, पीठ/पेट में दर्द। बच्चों की देखभाल निम्न प्रकार करे।

बच्चे को सिकल सेल एनीमिया हो तो स्कूल के प्रिंसिपल/प्राचार्य तथा कक्षा शिक्षक को इसकी जानकारी दें। कक्षा में पीड़ति बच्चे को बार-बार पेशाब आने पर शिक्षक शौच जाने की अनुमति दें। शिक्षक को आपातकालीन लक्षणों की जानकारी दें।

# गांवा प्रखंड सभागार में पी डी एस डीलरों के साथ बैठक का आयोजन




**गावां :** गांवा प्रखंड मुख्यालय सभागार में गांवा प्रखंड के सभी पी डी एस डीलरों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गांवा बीडीयो सह प्रखंड सह आपूर्ति पदाधिकारी महेंद्र रविदास उपस्थित रहे। बैठक में पीडीएस दुकानदारों को निर्देश दिया कि उठाए गए सभी अनाज सही समय पर सही-सही वजन के साथ सभी लाभुकों को देना सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी पाई जाती है ,तो तुरंत उसके उपर कार्रवाई की जाएगी एवं किसी भी प्रकार की कोई शिकायत का संभावना उत्पन्न ना होने दें। मौके पर उपस्थित विनोद पांडे, देवान मरांडी, रविंदर कुमार सिन्हा ,रामदेव चौधरी, बृजनंदन साहा,मदन सिंह, बुधन मुसहर, दिनेश्वर सिंह, आनंद साहा समेत कई डीलर उपस्थित थे।

# जिला परिषद सदस्या के विरोध प्रदर्शन के बाद कार्यपालक अभियंता जलापूर्ति योजना का किया निरीक्षण



**डुमरी**ःजिला परिषद सदस्या सुनीता कुमारी द्वारा मंगलवार को जिला पीएचडी कार्यालय में कीगयी विरोध प्रदर्शन के आलोक में बुधवार को पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता व कनीय अभियंता डुमरी प्रखण्ड के बुधनडीह, मटियोबेड़ा निमटांड़,नाथाडीह,तेलियाटुंडा,लक्ष्मणटुंडा,इसरी,जामतारा-डुमरी ग्रामीण जलापूर्ति एवं कुलगो पहुंच कर हर घर जल नल एवं पेयजल ग्रामीण जलापूर्ति योजना की निरीक्षण किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी उपस्थित रही। इस दौरान कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार मंडल ने संबंधित कार्य के संवेदक को कार्य को सुधार करते हुए शेष कार्य तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया है। जिप सदस्य ने कहा कि अगर काम समय पर नहीं हुआ तो संवेदक का लाइसेंस ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा वहीं जिप सदस्य ने कहा कि रोशनाटुंडा रांगमाटी ग्रामीण जलापूर्ति योजना,कुलगो ग्रामीण जलापूर्ति योजना सिर्फ नाम का जलमिनार खड़ा है इससे लोगों को बिल्कुल ही पानी नहीं मिल पा रही है वही हाल डुमरी जामतारा जलापूर्ति योजना का है। यह मरम्मती के अभाव में बीते 6 माह से मृतप्राय है,इसरी ग्रामीण जिला आपूर्ति योजना भी अंतिम सांस ले रही है वही हर घर जल नल योजना के तहत गांव में छोटे-छोटे जो जलमीनार लगी है वह भी हाथी का दांत की तरह दिखावे के लिए है,उन्होने बताया कि पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता ने मेरे शिकायत का जल्द ही समाधान ।

# मादक पदार्थों के विरूद्ध झारखंड कॉलेज डुमरी में जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत




**डुमरी :** झारखंड सरकार के गृह, आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता हेतु बुधवार को झारखंड कॉलेज डुमरी में जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का निर्देशन प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान विभाग,एनसीसी एवं एनएसएस विभाग ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन एनएसएस समन्वयक प्रो मनोज कुमार सिंह ने किया।19 से 26 जून तक चलने वाले मादक पदार्थ के सेवन से होने वाले नुकसान सम्बन्धित जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज प्राचार्य प्रो प्रमोद कुमार सिन्हा के संबोधन से हुआ,उन्होंने बताया कि कैसे युवा पीढ़ी नशा कि चपेट में आकर अपनी नैतिकता को खो दे रहे है साथ ही असाध्य रोग के चपेट में आकर अपने स्वस्थ जीवन बर्बाद कर रहे हैं जबकि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है उसे अपने जीवन को देश,राज्य व क्षेत्र के विकास व उन्नति में लगाना चाहिए।इस दौरान सभीउपस्थित छात्र छात्राओं एवं कॉलेज कर्मियों को स्वयं को नशा से दूर रखने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग के भूगोल विभाग के डॉ प्रकाश मेहता थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो घनश्याम यादव रूसा समन्वयक डाक्टर मुनिलाल ठाकुर नैक समन्वयक डॉ सुजीत माथुर,डॉ अमिता मिश्रा,प्रो तालेश्वर नायक,प्रो राजेश प्रसाद,।

## संक्षिप्त खबरें

### दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग लड़की का मेडिकल जांच करवाने के लिए तालझारी पुलिस पहुंची सदर अस्पताल

**साहिबगंज:** तालझारी थाना क्षेत्र में बीते दिनों नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म की घटना में पीड़िता नाबालिग लड़की का मेडिकल जांच करवाने के लिए पुलिस उसे अपने साथ लेकर सदर अस्पताल आई। जहां सदर अस्पताल में कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए नाबालिग लड़की का अल्ट्रासाउंड कराया गया। उधर नाबालिग लड़की का मेडिकल जांच करवाने के बाद उसे अपने साथ लेते हुए आगे की कार्यवाही करने के लिए पुलिस लेकर चली गई। इसको लेकर पुलिसकर्मी ने बताया कि मामला दुष्कर्म से जुड़ा हुआ है जिसको लेकर नाबालिग लड़की के परिजनों ने थाना में लिखित आवेदन देते हुए केस दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस नाबालिग लड़की का मेडिकल जांच करवाने में जुटी हुई है।

### महादेवगंज मुस्लिम टोला निवासी महिला के साथ 6 लोगों ने की मारपीट

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के महादेवगंज मुस्लिम टोला निवासी महिला आसमीन बीबी के साथ वही के रहने वाले 6 लोगों ने गाली गलौज करते हुए दुकान में आग लगा दिया। वही महिला के दुकान के गल्ले में रखे हुए लगभग 30 हजार रुपए समेत अन्य आभूषण की भी छिनतई इन लोगों ने कर ली। जहाँ इस मामले को लेकर पीड़िता महिला के द्वारा जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। वही इसको लेकर पीड़िता महिला ने बताया कि आए दिन मो. सलाम, मो. राजा, मो. इनताज, शहनाज बीबी, शेख सज्जो व माजिदा बीबी के द्वारा घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौज किया जाता है जहाँ उनके पति घर में नही रहते हैं। उधर जिरवाबाड़ी पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### 23 जून को आयोजित होगी ईद मिलन समारोह

**कोटालपोखर:** प्रखंड क्षेत्र के श्रीकुंड स्थित अस्सलाम एजुकेशनल सेंटर के प्रांगण में आगामी 23 जून को ईद मिलन समारोह एवं पाकुड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर तमाम तैयारियां शुरू हो चुकी है। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी फारोग अहसान ने दी। इसके आलोक में बुधवार को पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया एवं आयोजन समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष अंसार अली मिंटू ने कहा कि 23 जून को सुबह 9 बजे से कार्यक्रम की शुरूवात होगी, जिसमें पाकुड़ विधानसभा अंतर्गत दोनो प्रखंड बरहरवा एवं पाकुड़ सदर के केंद्रीय समिति सदस्य, जिला समिति, प्रखंड समिति, पंचायत समिति एवं हजारों सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# उपायुक्त ने सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर पखवाड़ा का किया उद्घाटन




उज्जवल दुनिया संवाददाता

**मंडरो:** प्रखण्ड क्षेत्र में स्थित अनुसूचित जनजातीय बालक प्राथमिक विद्यालय, कर्म पहाड़ में सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर पखवाड़ा का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में बताया कि यह कार्यक्रम अगले 3 दिन तक जिला के सभी प्रखण्डों में सिकल सेल एनीमिया की निःशुल्क जांच कराई जाएगी। यह जांच सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंडल में होगी। इस जांच 0 से 40 वर्ष तक के सभी महिला पुरुषों के लिए कराई जाएगी। वही यह अभियान आगामी 3 जुलाई तक चलाया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है जिसमें जब तक खून की जांच नहीं कराई जाए रोग का पता नहीं चलता है। वही परिवार का कोई सदस्य जिनकी उम्र 0 से 40 वर्ष हो सिकल से जांच अवश्य कराना चाहिए। यह जांच बहुत जरूरी है नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है। वही परिवार में किसी को भी सिकल सेल एनीमिया हो तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जांच जरुर करवाना चाहिए। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, डॉ. रंजन कुमार, डीपीएम हिना वर्णवाल, वीबीडी सलाहकार सती बाबू डाबरा, पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम लीडर अजय केसरी, फेलो दिव्या गुप्ता एवं कोमल गुप्ता और स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

### डीएमएफटी, नीति आयोग, अनाबद्ध निधि, आकांक्षी मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



**साहिबगंज:** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में डीएमएफटी, नीति आयोग, अनाबद्ध निधि, आकांक्षी मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी अंतर्गत विभिन्न योजनाओं यथा पेयजल, स्वास्थ्य संबंधित योजना, आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मत एवं नए आंगनबाड़ी भवन केंद्र का निर्माण एवं शिक्षण सामग्री की उपलब्धता समेत कई योजनाओं के संचालन की समीक्षा की। जहां योजनाओं की क्रमवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उन योजनाओं को तीव्र गति से पूर्ण करें। वही जिनकी निविदा प्रक्रिया अपूर्ण है, उनकी निविदा प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण कर कार्य सम्पन्न कराएं। उधर जिला में नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों से संबंधित विभाग स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना, लोक स्वास्थ्य, अभियंत्रण, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, श्रम संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाएं एवं विकासात्मक कार्यों के अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस बैठक में उप विकास पदाधिकारी सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी अनूप कुमार, श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो, कार्यपालक अभियंता एनआरइपी देवीलाल हांसदा, कार्यपालक अभियंता रामाकांत, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल शिव शंकर प्रसाद, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण प्रमंडल अजय कुमार, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई मृत्युंजय कुमार देहरी, एवं डीएमएफटी, नीति आयोग, पिरामल फाऊंडेशन के कर्मी उपस्थित थे।

## समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। जहां इस बैठक में उपायुक्त के द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पूरक पोषाहार योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन, टेक होम राशन से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। वही उपायुक्त के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र भवन के समीक्षा के क्रम में विभिन्न प्रखण्डों को दिए गए टारगेट के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिए। वही समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि आवंटित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने की दिशा में कार्य पूर्ण करें। उधर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा योग्य लाभुकों के आवेदन प्राप्त कर शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित कराया जाए। वही सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए गए कि पोषण ट्रैकर में लाभुकों का शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराए जाएं। उधर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पोषण ट्रैकर के माध्यम से रैंडम सर्वेक्षण कराया जाए एवं सर्वेक्षण की सूची मुख्यालय में सौंपी जाए। वही सीडीपीओ को निर्देश दिया गया कि सेविका जब भी क्षेत्र भ्रमण में जाएं तो जियो टैग फोटो अनिवार्य रूप से लें। इस मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता, सीडीपीओ, एलएस एवं समाज कल्याण विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## जेएमएम के कद्दावर अल्पसंख्यक नेता को पार्टी से केंद्र कमिटी ने 6 साल के लिए किया निष्कासित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पतना:-** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर अल्पसंख्यक नेता मो. जाकिर शेख जो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा अंतर्गत पतना प्रखंड के अर्जुनपुर पंचायत के दुगार्पुर मोह्हबतपुर निवासी है व दो बार पंचायत समिति एवं दो बार उपप्रमुख भी रहे हैं को केंद्रीय कमिटी ने 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। आपको बता दें कि वर्ष 2014 एवं 2019 के विधानसभा चुनाव में बरहेट विधानसभा से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अल्पसंख्यक चेहरा देखते हुए उन्हें अपना प्रस्तावक भी बनाया था। वही मो. जाकिर शेख वर्ष 2010 से लेकर 2024 तक जेएमएम पार्टी के अल्पसंख्यक कद्दावर नेता एवं ईमानदारी पूर्वक पार्टी को सच्चा सिपाही के रूप में जेएमएम में अपनी भूमिका निभा रहे थे। उधर लगातार पतना प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ भी वे आवाज उठा रहे थे जिसमें आदिम जनजाति के चावल घोटाला या गबन का मामला हो।

## विधुत उपकेंद्र पर पथराव मामले में आठ नामजद एवं सौ अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**बरहरवा:-** थाना क्षेत्र के ग्रामसिर विद्युत उपकेंद्र में बीते दिन भारी संख्या में बाइक सवारों द्वारा तोड़फोड़ व पथराव मामले में बरहरवा विद्युत सहायक अभियंता सत्यम कुमार मरांडी ने बरहरवा थाना में लिखित आवेदन देकर कुल आठ नामजद और लगभग सैकड़ो अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसको लेकर श्री मरांडी ने बताया कि बीते 15 जून की रात्रि लगभग 10 बजे से 12:30 बजे के बीच 40 से 50 मोटरसाइकिल में सवार लगभग 150 की संख्या में असमाजिक तत्वों द्वारा ग्रामसिर विद्युत शक्ति उपकेंद्र में विद्युत संचालक मोकम्मल हुसैन एवं सहायक अचिंतो दास के साथ धक्का मुक्की व मारपीट की। इसके बाद कंट्रोल रूम में घुसकर अफरातफरी मचाते हुए पथराव एवं तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है। उधर घटना को अंजाम देने के बाद सभी लोग फरार हो गए। वहीं विधुत विभाग के कर्मियों व संचालक ने आठ लोगों की पहचान कर ली है। जहां इस घटना में विधुत उपकेन्द्र में लगभग 80 हजार रुपए की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाया गया है जिसके आधार पर बरहरवा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। वहीं उक्त मामले को लेकर बरहरवा थाना पुलिस में बताया कि मामले की छानबीन जारी है।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंतरराष्ट्रीय खेल का आयोजन



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**तालझारी:** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत संत जॉन फुटबॉल मैदान में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा एवं जिला शिक्षा परियोजना साहिबगंज के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंतरराष्ट्रीय खेल का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन तालझारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखु हेंब्रम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल खेल से भी लोग बहुत आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है और खेल से मन शरीर सब स्वस्थ रहता है। जहां आयोजित खेल में विभिन्न विद्यालय की टीम ने भाग लिया। उधर बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग के अंडर 15 वर्ष के बच्चों द्वारा मैच खेला गया जिसमें बहुत ही रोमांचक मैच में अंततः बालक वर्ग में युएचएस मसकलैया बनाम प्लस टू बी इंटर विद्यालय सकरीगली के बीच फाइनल हुआ। जिसमें प्लस टू बी इंटर विद्यालय सकरीगली 02 से विजई हुए। साथ ही अंडर 17 वर्ष के बालक वर्ग में युएचएस कन्या तालझारी बनाम युएचएस बडा. तालबोना के बीच खेला गया जिसमें फाइनल युएचएस कन्या तालझारी विद्यालय 03 से विजेता हुए। वहीं बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय तालझारी को वांक ओवर से विजय घोषित किया गया। उधर प्रतियोगिता को सफल बनाने में राजेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, राजा राम महतो, मनोज कुमार, गोस्वामी कुमार, तबिता मुर्मू एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच बांटे फल



**साहिबगंज:-** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के 54 वां जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी ने सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरित कर राहुल गांधी के दीघार्यु होने की कामना की। जहाँ यह कार्यक्रम कॉग्रेस जिलाध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बरकतुल्लाह खान ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी आज जन जन के सर्वमान्य नेता बन चुके हैं। वही भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा के माध्यम से उन्होंने पुरे भारत को एक सूत्र में पिरोने का सफल प्रयास किया और राहुल गाँधी जी का मोहब्बत का पैगाम से इस देश में नफरत फैलाने वाले लोगों के मंसूबे पर पानी फिर गया। जिस दौर में राजनेता से लेकर आम जनता की आवाजों को दबाया कुचला जा रहा है उस दौर में राहुल गाँधी ने दबे कुचले लोगों, महिलाओं, किसानों एवं अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन पर आवाज उठाते रहे उनका यह संघर्ष लोकसभा चुनाव में रंग लाया और पार्टी ने पहले से बहुत बेहतर प्रदर्शन किया। वही देश की जनता उन्हें भावी प्रधानमंत्री के रूप में देख रही है जहाँ राहुल गाँधी के नेतृत्व में आने वाला कल एकबार फिर कांग्रेस का होगा। उधर इस मौके पर सदर अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों के परिजनों ने कहा कि जिला कॉंग्रेस कमिटी के द्वारा गिने चुने मरीजों को ही फल व खाध सामग्री का वितरण किया गया है जिससे अन्य मरीज काफी नाखुश हैं। वही उन्होंने कहा कि जब ऐसे अवसर पर कोई भी चीज का वितरण सार्वजनिक तौर पर पार्टी कार्यकताओं के द्वारा किया जाता हैं तो सबको एक नजर से देखा जाना चाहिए न कि किसी आंख में काजल व किसी आंख में सुरमा। हालांकि अधिकांश मरीजों को फल नही मिलने से वे नाराज नजर आए। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुकूल मिश्रा, मुर्शाद अली, मो. कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव, सरफराज आलम, जनार्दन तिवारी, नूरजहाँ बेगम, रंजीत यादव, अली कुरैशी, मो. निजामुद्दीन, सबदुल अंसारी, अजीज अंसारी, मो. अल्ताफ हुसैन, मो. नौशाद अहमद, रंजीत सिंह, मो. शमसुल हक, उमर फारूक उर्फ मोनू एवं दर्जनों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण एवं खाद पदार्थ को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**तालझारी:** संथाल परगना के जोनल कोऑर्डिनेटर संजय कुमार घोष ने जिला कोऑर्डिनेटर उतम मंडियां एवं अमित कुमार के साथ तालझारी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न होटलों, मिठाई दुकानों, गुटका, पान दुकानों सहित अन्य किराना दुकानों में आवश्यक छापेमारी कर अभियान चलाया। इसको लेकर संथाल परगना के जोनल कोऑर्डिनेटर संजय कुमार घोष ने बताया कि तालझारी प्रखंड क्षेत्र में खाद्य पदार्थ बेच रहे कई दुकानों में जांच की गई है। जहां जांच के दौरान दुकानदारों को जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी भी तेल में सामान बनाते हैं तो उसका एक से दो बार ही इस्तेमाल करें। वही अधिक इस्तेमाल करने से तेल फूड प्वाइजन पर आ जाता है, जिसमें छाने गए पदार्थ को खाने वाला व्यक्ति फूड पॉइजनिंग का शिकार हो जाता है इसलिए इससे बचाव के लिए इन तेलों का कम मात्रा में ही इस्तेमाल करें। वही गुटखा पान बेचने वाले दुकानदारों को भी हिदायत दी गई है। इस प्रकार की कोई भी सामग्री नहीं बेचने की हिदायत दी गई यदि ऐसे सामान बेचते हुए पकड़े जाते हैं, तो फाइन किया जाएगा और आगे भी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया कि तालझारी के कई दुकानदार में फूड ट्रेनिंग सर्टिफिकेट को लेकर भी जांच की गई है जो दुकानदार अब तक फूड सर्टिफिकेट नहीं बनाते हैं वह अपने दुकान का सर्टिफिकेट बना लें, नहीं तो अगली बार पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अब तक 25 के आसपास दुकानदारों ने फूड सर्टिफिकेट बना लिया है।

# पानी टंकी बनाने में अनियमितता का सीमा पार,ना कोई जेई देखने वाला ना ही कोई वरीय पदाधिकारी



**बोरियो:** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत जेटके पंचायत में वैसे कई ग्रामीण क्षेत्र है जो सुदूर क्षेत्र से जुड़ा हुआ हैं। वैसा ही एक गांव जहां जेटके पंचायत के अंतर्गत ही आता है गांव का नाम बरूघुटु है। इस गांव में नवनिर्मित पेयजल टंकी का निर्माण किया जा रहा है लेकिन जब उज्जवल दुनिया के टीम निकल पड़ी जांच पड़ताल करने के लिए तो धरातल पर काम तो हुआ है लेकिन कम पर लापरवाही भी काफी बरती गई है। आपको यहां बताते चले कि यह पेयजल टंकी जो बनाया जा रहा है उसका एक ही उद्देश्य है कि लाखों रुपए खर्च कर लोगों तक शुद्ध पेयजल सुदूर क्षेत्र ग्रामीण के लोगों को मिल सके लेकिन यहां बिचौलिया एवं एजेंसी मिलकर टंकी बनाने में अनियमितता बरत रहे हैं। वही इस टंकी की ढलाई 8 एमएम छड़ से किया जा रहा है उधर जब कम कर रहे मिस्त्री से बातचीत किया गया तो मिस्त्री ने बताया कि उन लोगों ने जब काम शुरू किया तब से ही यही 8 एमएम का छड़ एजेंसी द्वारा दिया जा रहा है जिसमें वे लोग कर भी क्या सकते हैं। वही मिस्त्री का कहना भी एक तरफ से सही है यहां के इंजीनियर एवं वरीय पदाधिकारी को कानों का खबर नहीं मिलता कि इस साइड में कैसे काम हो रहा है या सरकार का योजना को किस तरह से दुरुपयोग कर एजेंसी अपना पैकेट गरम करने में लगे हुए हैं। वही यहां के ग्रामीणों का कहना है कि ना हम लोग के यहां आने- जाने के लिए रोड है ना ही बिजली का सुविधा है ना पेयजल का सुविधा है लेकिन जब पेयजल का सुविधा दिया जा रहा है वह भी सही ढंग से नहीं बन रहा है। जबकि छत की ढलाई 10 एमएम के छड़ से होना चाहिए मगर उसमें 8 एमएम का छड़ लगाया जा रहा है।

### नल निर्माण के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल पाया पेयजल



कोटालपोखर :- बरहरवा प्रखंड अन्तर्गत कोटालपोखर स्थित धोबी टोला में मुखिया निधि द्वारा पेयजल हेतु नल निर्माण का कार्य बीते 2 माह पूर्व किया गया था जिसकी स्थिति पेयजल मिलने से पहले ही जर्जर दिखाई दे रही है। इस कार्य को करने हेतु बिचौलियों द्वारा भारी अनियमितता बरती गई है जिसमें ना केवल बिचौलिए बल्कि और भी अन्य लोगों की हिस्सेदारी के आसार दिखाई दे रहें है। वही मुखिया निधि द्वारा नल निर्माण का कार्य उन लोगों द्वारा किया गया जो मनरेगा द्वारा किसी भी कार्य को करने में असमर्थ है फिर भी अच्छी घनिष्टता होने के कारण यह कार्य उन्हीं लोगों द्वारा कराया गया जिनका सामाजिक कार्य से कोई सरोकार नहीं है। आखिर कब तक इस तरह के कामों का नुकसान ग्रामीणों द्वारा उठाया जाएगा कब तक ग्रामीण सरकार द्वारा मिल रहे योजनाओं से वंचित रहेंगे। उधर मनरेगा द्वारा दिए गए बहुत से कामों में भारी अनियमितता चारो तरफ देखने को मिल रही है अगर समय रहते योजनाओं में हो रहे घोटाले की जाँच कर कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई तो इसी तरह ग्रामीणों को पेयजल के नाम पर सिर्फ घर के सामने नल दिखाई देंगे जिसमे पानी ही नहीं आता हो। वही सरकार द्वारा दिए गए योजनाओं का लाभ उन गरीब परिवारों को मिलना अनिवार्य है जो इसी के माध्यम से अपना जीवन यापन कर रहें है।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह ( खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# महतारी वंदन योजना : आर्थिक सशक्ति से परिवार में बढ़ा सम्मान, लक्ष्मी की बदल रही तकदीर

**रायपुर , (एजेंसी)**। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना का मूल उद्देश्य अब कारगर होता दिखाई दे रहा है। आर्थिक मजबूती से परिवार सम्पन्न हो रहा है और महिलाओं के जो सपने थे, वे अब साकार होने लगे हैं। रायपुर की लक्ष्मी फुटान ने सपना संजोया था, लेकिन आर्थिक तंगहाली की वजह से सपने अब तक पूरा नहीं कर पाई थी। महतारी वंदन योजना से उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है।

लक्ष्मी घर का कामकाज संभालती है। उनके पति गोपाल फुटान रोजी-मजदूरी करते है। लक्ष्मी बताती हैं कि पति की कमाई घरेलु खर्च पर ही इस्तेमाल हो जाता है। छोटी-मोटी जरूरतों की चीज भी खरीदने में काफी परेशानियां होती है, लेकिन अब जरूरतें भी पूरी होने लगी हैं। योजना की राशि का इस्तेमाल घर के खर्च में भी होता है और बचत भी कर रही है। क्योंकि भविष्य भी सुरक्षित हो सकेगा। यह दौर भी ऐसा आया है कि हाथ में पैसे होने से परिवार में भरपूर सम्मान मिल रहा है। वे बताती है कि सोने-चांदी के जेवर पहनने का मन काफी समय से है, लेकिन माली हालत उतनी अच्छी नहीं थी, जिससे वे जेवर खरीद सके। अब सपने पूरा करने के लिए वे प्रतिमाह बैंक अकाउंट में योजना से मिलने वाली राशि को इकट्ठे कर रही है। जिससे वे जेवर की खरीद कर सके। लक्ष्मी यह भी



कहती है कि बहुत खुशी होती है कि घर में बैठकर इतनी राशि मिल रही है। उनके दो बच्चे टीकम और धनेंद्र के भविष्य की चिंता भी थी, हमेशा यही लगता था कि मैं भी थोड़ा आर्थिक रूप से मजबूत होने के लिए कुछ काम करूं, पर राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना का मिलने से सही समय पर राशि प्रतिमाह मिल जाता है। उस पैसे की बचत कर बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित कर रही हूं। साथ ही अब घर की छोटी-मोटी चीजों को खरीदने के लिए पति पर आश्रित रहने की जरूरत नहीं पड़ती है। कुछ घरेलु खर्च होता है तो खुद पूरा कर लेती है। अब ज्यादा निर्भरता नहीं रहती है।

श्रीमती लक्ष्मी कहती है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। मेरे जैसे लाखों महिलाओं को अपने सपने पूरे करने का अवसर मिल रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते है। वे यह भी बताती है कि खान-पान भी बेहतर होता जा रहा है। राशन और घर की अन्य चीजें भी खरीदने के लिए कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ती है। अब सशक्त होने का अवसर प्राप्त हुआ है और बेहतर पोषण से जीवन भी बेहतर होगा और परिवार भी स्वस्थ रहने के साथ खुशहाल भी रहेगा। जीवन में उत्तरोतर विकास से समृद्धि भी आएगी। उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना के तहत राज्य में विवाहित महिलाओं को 1,000 रुपये प्रतिमाह (कुल 12,000 रुपये सालाना) वित्तीय सहायता दी जा रही है, जो प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जा रही है।महिलाएं खुश है कि वो महतारी वंदन योजना से मिली राशि से अपने बच्चों और परिवार की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर पा रहीं हैं साथ ही कई महिलाएँ भविष्य के लिए निवेश भी कर रहीं हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहते हैं कि उनका प्रयास आने वाले पांच वर्षों में राज्य की जीडीपी को दोगुना करने का होगा। इसी लिए राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बजट में महतारी वंदन योजना के लिए 3,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# यूएस हाउस प्रतिनिधिमंडल ने धर्मगुरु दलाई लामा को सौंपी तिब्बत एक्ट की प्रति

**धर्मशाला, (एजेंसी)**। यूएस हाउस के फॉरेन अफेयर्स कमेटी के चेयरमैन माइकल मैकॉल की अगुवाई में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में अमेरिकी संसद में तिब्बत को लेकर पास किये गए एक्ट की प्रति दलाई लामा को सौंपी। प्रतिनिधमंडल के सदस्यों ने धर्मगुरु को एक्ट में तिब्बत के हितों को लेकर रखे गए बिंदुओं पर भी चर्चा की।



दलाई लामा ने प्रतिनिधिमंडल का तिब्बत के प्रति उनके सहयोग के लिए आभार जताया। सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को धर्मशाला पहुंचा था। प्रतिनिधिमंडल ने अपने दौरे के पहले दिन निर्वासित तिब्बती पार्लियामेंट सहित म्यूजियम और लाइब्रेरी का दौरा किया। इस दौरान निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रधानमंत्री पेंपा सेरिंग सहित उनके सहयोगी मंत्रिमंडल के सदस्य भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री सेरिंग ने कहा कि यूएस कांग्रेस में तिब्बत को लेकर हाल ही में पारित किए गए विधेयक सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका हमेशा तिब्बत के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक दोनों सदनों से पास हो चुका है और अब सिर्फ विधेयक पर जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी हस्ताक्षर करेंगे। इस दौरान यूएस की पूर्व सरकार में संसद अध्यक्ष रह चुकी नैंसी पेलोसी भी मौजूद रहीं।

## ग्राम सभा स्थगित करने पर गुस्साए ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

**कुल्लू, (एजेंसी)**। गाहर पंचायत में वर्तमान प्रधान के विरुद्ध एक बार फिर से कुल्लू मुख्यालय स्थित उपायुक्त कार्यालय जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया गया। सैंकड़ों की संख्या में आए ग्रामीणों ने जहां पंचायत प्रधान के विरुद्ध नारेबाजी की तो साथ ही बीडीओ नग्गर के विरुद्ध भी नारेबाजी की। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र मामला नहीं सुलझाया गया तो वो हजारों की संख्या में सड़कों पर उतरेंगे और चक्का जाम करने से भी परहेज नहीं करेंगे।



मामला गाहर पंचायत में उस दौरान गरमाया जब एक व्यक्ति द्वारा गाहर सड़क मार्ग को बाधित कर दिया गया। सड़क मार्ग बाधित होने के कारण सैंकड़ों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रधान मामला सुलझाने की बजाय सड़क मार्ग बंद करने वाले व्यक्ति का साथ दे रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विकास कार्यों का पैसा एक ही जगह खर्च किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने पूर्व में भी ढालपुर में ही प्रदर्शन किया था और पंचायत प्रधान को हटाए जाने की मांग रखी थी। उसके बाद पंचायत प्रधान ने भी अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि प्रद्रहणकारियो से जबरदस्ती हस्ताक्षर करवाए गए हैं। विवाद फिर भी नहीं थमा और गाहर पंचायत के लोगों ने बीडीओ नग्गर के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया था। उसके बाद बीडीओ द्वारा 19 जून को ग्राम सभा करने की अधिसूचना जारी की गई लेकिन गत दिवस ग्राम सभा स्थगित करने का नोटिस पंचायत में लगा दिया गया।

जिसपर गुस्साए ग्रामीणों ने पंचायत घर के सामने बीडीओ नग्गर के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। उसके बाद सैंकड़ों ग्रामीण कुल्लू मुख्यालय पहुंच गए और उपायुक्त कुल्लू के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों द्वारा अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र एडीएम अश्वनी कुमार को सौंपा गया। एडीएम ने इस मामले पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## हरियाणा में नहीं बढ़ेंगे भूमि के कलेक्टर रेट

**चंडीगढ़, (एजेंसी)**। हरियाणा सरकार ने प्रदेश वासियों को बड़ी राहत देते हुए भूमि के कलेक्टर रेट बढ़ाने के फैसले पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राजस्व विभाग के इस प्रस्ताव को लागू करने से इनकार कर दिया है। चुनाव के मौसम में प्रदेश वासियों को यह बड़ी राहत है।

हरियाणा में एक अप्रैल से रिवाइज कलेक्टर रेट लागू होते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगी हुई थी। इस कारण से कलेक्टर रेट लागू नहीं हो पाए। आचार संहिता हटते ही जिलों से रिवाइज कलेक्टर रेट के प्रस्ताव राजस्व विभाग को भेजे गए थे।

राजस्व विभाग ने भूमि के 10 से बीस प्रतिशत तक कलेक्टर रेट बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। मुख्यमंत्री ने इस फाइल को लौटाते हुए कहा है कि अभी पुराने रेट पर ही रजिस्ट्री की जाएगी। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल के दौरान निर्देश दिए थे कि कलेक्टर रेट बढ़ाने से पहले जिलों में मार्केट वेल्यू का पता करना जरूरी है। क्योंकि कई जिलों में ऐसी जमीनें भी हैं, जहां जमीनों की मार्केट वेल्यू काफी है, लेकिन कलेक्टर रेट उसके मुकाबले काफी कम है। इससे सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान उठाना पड़ता है। पूर्व सीएम के निर्देश के अनुसार ही जिलों से कलेक्टर रेट बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन सीएम सैनी ने इसे लागू करने से मना कर दिया।

हरियाणा में एनसीआर के तहत आने वाले जिलों से सबसे ज्यादा कलेक्टर रेट बढ़ाने का प्रस्ताव आया था। इनमें रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, बहादुरगढ़, सोनीपत, करनाल, पानीपत जिले शामिल हैं। यहां के जिला प्रशासन की ओर से 20 प्रतिशत तक की कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी के प्रस्ताव भेजे गए थे।

# राजधर्म नहीं मात्र पतिधर्म निभा रहे मुख्यमंत्री सुक्खू : भाजपा

**धर्मशाला, (एजेंसी)**। उपचुनावों को प्रभावित करने के लिए प्रदेश की सरकार नीचता व झूठ की सारी हदें पार कर चुकी हैं। यह बात बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व उपचुनाव प्रभारी विपिन परमार और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व संयोजक राकेश जम्वाल ने देहरा से जारी एक सयुंक्त ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जब से सत्ता में आए है तब से लेकर मात्र झूठ बोल कर जनता को भ्रमित करने का ही कार्य करते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के दौरान जब मुख्यमंत्री को और उपमुख्यमंत्री को अपनी बेटी व पत्नी को चुनाव लड़ने के लिए कहा गया परन्तु हार के डर से दोनों ही पीछे हट गए और अब सत्ता का दुरूपयोग करके पहले उपमुख्यमंत्री की बेटी और अब पत्नी को स्थापित करने के लिए कार्यकताओं को प्रताड़ित कर रहे हैं और उनके हकों को छीन रहे हैं। आज कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी मुख्यमंत्री द्वारा दी जा रही धमकियों की वजह से परेशानी की हालत में हॉस्पिटल में भर्ती हो गए हैं। उनका सिर्फ इतना कसूर है कि उन्होंने खुद के लिए टिकट की मांग की थी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी पत्नी को चुनाव जीताने के लिए राजधर्म भूल गए हैं और सत्ता का दुरूपयोग कर देहरा को सौगातों का लालच देकर खरीदना चाहते हैं। मुख्यमंत्री आज देहरा की जनता को बताए कि जब एक निर्दलीय विधायक के रूप में होशियार सिंह ने यहीं सुविधाएं मांगी थी तब सरकार ने इस बात पर विचार क्यों नहीं किया। जबकि पूर्व विधायक होशियार सिंह के कहने पर एक भी कार्य उन्होंने नहीं किया और मजबूरन उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। आज मुख्यमंत्री यह बताए अगर आज जो घोषणा पर घोषणा की जा रही है वैसा पहले किया होता तो आज प्रदेश में जो अस्थिरता पैदा हुई वो कभी न होती और इतना खर्चा भी प्रदेश पर नहीं पड़ता।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू कहते हैं कि देहरा मेरा और मेरा पुराना घर यहीं है पर इस देहरा कि याद आज ही क्यों आ रही है जब उनकी पत्नी यहां से चुनाव लड़ रही है। टिकट फाइनल होते ही कैबिनेट में पुलिस जिला बनाना जबकि हमीरपुर में अभी आदर्श आचार संहिता चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का नेतृत्व आज ऐसी पार्टी कर रही है जिनका एक मात्र ध्येय अपने परिवार को विकास करना है नाकि जनता या कार्यकर्ता का विकास। केंद्र से नजर दौड़ाएं तो राहुल गांधी ने अपनी वायनाड की सीट बहन प्रियंका के लिए खाली की, मंडी की पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने अपने बेटे के लिए मंडी की सीट छोड़ी, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह तो सबसे ही आगे निकल गए और आज अपनी पत्नी के लिए एक कार्यकर्त्ता से देहरा की सीट को छीन कर ले लिया। जिससे यही प्रतीत होता है कि ये लोग मात्र अपने परिवार के लिए कार्य करते हैं।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा कांग्रेस के धनबल से एन चुनावों को प्रभावित नहीं होने देगी और जनता के सच्चे सेवक होशियार सिंह एक बार फिर चुनाव जीतेंगे। कांग्रेस में बौखलाहट और हार का डर इतना है कि पूर्व विधायक के नामांकन रैली के लिए चिन्हित मैदान की स्वीकृति को भी निरस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो मर्जी कर ले पर उनका असली चेहरा जनता के सामने आ गया है और वे भारी मत से भाजपा के प्रत्याशी को जीत कर विधानसभा भेजनें के लिए दृढ़संकल्पित है।

# योगमय होने को तैयार हरियाणा, सभी जिलों व 121 ब्लाकों में होगा कार्यक्रम

**चंडीगढ़, (एजेंसी)**। आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश के सभी 21 जिला मुख्यालयों पर जहां योग दिवस समाराहों का आयोजन किया जाएगा वहीं हिसार में इस बार राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन होगा।

हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य ने बुधवार को बताया कि प्रदेश भर में अलग-अलग चरणों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन पूरा हो चुका है। डॉ. आर्य के अनुसार 21 जून को प्रदेश में जिला मुख्यालय तथा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों के अलावा 121 ब्लाकों में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में भी योग दिवस कार्यक्रमों की धूम रहने वाली है। वहीं प्रदेश के करीब 400 कालेजों, दस सरकारी विश्वविद्यालयों, 25 निजी विश्वविद्यालयों तथा एक केंद्रीय विश्वविद्यालय में योग दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा योग आयोग के माध्यम से 21 जून को होने वाले आयोजन में जहां ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रहने वाले हर आयु वर्ग के लोग शामिल होंगे वहीं देश की सीमाओं पर रक्षा करने वाले सेना व अर्द्धसैनिक बलों के जवान भी इसका हिस्सा बनने जा रहे हैं।

योग आयोग के माध्यम से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सोनीपत जिला के केवड़ा स्थित प्रशिक्षण केंद्र, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के पंचकूला स्थित भानू तथा सेना की पश्चिमी कमान के मुख्यालय चंडीमंदिर में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर आईटीबीपी के जवानों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला जल योग तथा घोड़ों पर बैठकर योग करने की मुद्राएं समूचे हरियाणा वासियों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 714 व्यायामशालाओं का सफल संचालन शुरू हो चुका है। इनमें 877 योग सहायकों द्वारा ग्रामीण अंचल के हजारों लोगों को योग के साथ जोड़कर उनके जीवन में बदलाव में किया जा रहा है। प्रदेश के स्कूलों, कालेजों तथा विश्वविद्यालयों के अलावा 14 हजार स्कूलों में योग क्लब का गठन किया गया है। शिक्षण संस्थान में शारीरिक शिक्षा के अध्यापक अथवा योग में रुचि रखने वाले अध्यापक को इस क्लब का मुखिया बनाया गया है। हरियाणा प्रदेश में जहां अगले वर्ष से पहली से 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए योग का एक पीरियड निर्धारित किया जाएगा वहीं अन्य विषयों की तरह योग से संबंधित भी एक परीक्षा ली जाएगी।

इसके लिए हरियाणा योग आयोग, शिक्षा विभाग, एससीईआरटी तथा हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा लगातार मंथन करके पाठयक्रम तैयार किया जा रहा है। इससे पहले प्रदेश के स्कूलों में सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान पांच मिनट के लिए योगा को अनिवार्य किया जा चुका है।

## कॉलेजों में दाखिले के लिए शिक्षा मंत्री ने लांच किया पोर्टल

**कोलकाता, (एजेंसी)**।पश्चिम बंगाल के कॉलेजों में स्नातक कोर्स में दाखिले के लिए केंद्रीकृत प्रवेश पोर्टल लॉन्च किया गया है। बुधवार को शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने पोर्टल का शुभारंभ किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस पोर्टल के जरिए एडमिशन में पारदर्शिता आएगी। कोई भी विद्यार्थी देश में कहीं भी बैठकर अपनी पसंद के कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता है। इससे कोई छात्र कहीं भी सीट दखल करके नहीं रख सकता।

सूत्रों के अनुसार, अभी सिर्फ पोर्टल लॉन्च किया गया है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होने में कुछ दिन इन्तजार करना होगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 जून से शुरू होगी। आवेदन प्रक्रिया सात जुलाई तक जारी रहेगी।इस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लाखों छात्रों को लाभ होने वाला है। इस प्रकार का पोर्टल देश में सबसे पहले पश्चिम बंगाल में विकसित किया गया है। इस पोर्टल के परिणामस्वरूप, पश्चिम बंगाल सरकार और सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज विश्वविद्यालयों यानी 16 विश्वविद्यालयों, 461 कॉलेजों और स्नातक स्तर के 7217 पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया संभव है। शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने बुधवार को इस पोर्टल का उद्घाटन किया। इस मौके पर शिक्षा सचिव मनीष जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि राज्य हायर सेकेंडरी परीक्षा का रिजल्ट आठ मई को प्रकाशित हुआ था। उससे दो दिन पहले काउंसिल ऑफ इंडियन सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) 12वीं कक्षा के नतीजे और 13 मई को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) बारहवीं कक्षा के नतीजे जारी किए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### बारामूला मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादी, दो सुरक्षाकर्मी घायल

**बारामूला, (एजेंसी)**। बारामूला जिले के सोपोर में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं जबकि दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए हैं।

सोपोर के हादीपोरा के लाइसर इलाके में बुधवार सुबह आतंकियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। दोपहर बाद क्षेत्र में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों को पास आते देखकर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। गोलीबारी के दौरान एक पुलिसकर्मी और एक सेना का जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी हालत स्थिर है। क्षेत्र में अभियान फिलहाल जारी है।

एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने भी जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान की जा रही है।

### श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करवाना करें सुनिश्चित : नरेन्द्र धीमान

**सोलन, (एजेंसी)** । सर्वाच्च न्यायालय द्वारा जारी निदेर्शानुसार असंगठित क्षेत्र में कार्यरत ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिला सोलन में अब तक 238 प्रवासी मजदूर परिवारों जिनकी जनसंख्या 1050 है, को राशन कार्ड जारी कर दिए गए है ।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के जिला नियंत्रक नरेन्द्र धीमान ने कहा कि इन्हे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, के अन्तर्गत अनुदानित खाद्यान्न उपलब्ध करवाए जा रहे है।

उन्होंने जिला सोलन में काम कर रहे प्रवासी श्रमिकों, जिनके नाम भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज है, से आग्रह किया कि वे जिला सोलन में खण्ड स्तर पर शहरी क्षेत्रों में तैनात सम्बन्धित विभागीय निरीक्षक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के कार्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में सम्बन्धित पंचायत सचिव के पास राशन कार्ड बनाने के लिए सम्पर्क कर सकते है।

### जींद में सीएम नायब सैनी ने केजरीवाल और कांग्रेस पर साधा निशाना

**जींद, (एजेंसी)**। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा से दिल्ली की तरफ पूरा पानी जा रहा है। वहां की केजरीवाल सरकार का डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम सही नहीं रहा। इसका खामियाजा वहां की जनता भुगत रही है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की नजर भ्रष्टाचार में रही और लोगों को सब्जबाग दिखा कर उन्हें साइड में कर दिया। वे बुधवार को नई अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि केजरीवाल ने पानी के डिस्ट्रीब्यूशन को लेकर कोई सिस्टम खड़ा नहीं किया। इस कारण वहां की जनता समस्या झेल रही है। हरियाण की तरफ से पानी की कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने किरण चौधरी व श्रुति चौधरी का भाजपा में आने पर स्वागत करते हुए कहा कि उनका परिवार बहुत ही प्रतिष्ठित परिवार है। किरण चौधरी भी विपक्ष की नेता रही, मंत्री रही और कई राज्यों की प्रभारी रहीं। कांग्रेस में परिवारवाद पनप रहा है। जिस तरह पूरी कांग्रेस राहुल गांधी को प्रोजेक्ट करने में लगी है। उसी तरह भूपेंद्र हुड्डा हरियाणा में अपने बेटे दीपेंद्र को प्रोजक्ट करने में जुटे हैं। इस कारण बड़े और वरिष्ठ नेताओं का यहां अहित हो रहा है। दम घुट रहा है। किरण चौधरी की तरह और भी कई बड़े कांग्रेसी नेता सोच रहे हैं कि कैसे वहां से निकल पाएं।

### हरियाणा में जनता चाहती है कांग्रेस की सरकार: कुमारी सैलजा

**सिरसा,(एजेंसी)**। हरियाणा में बदलाव की बयार बह रही है जो कांग्रेस के पक्ष में है। जनता सरकार बदलकर कांग्रेस की सरकार बनाना चाहती है। इसके लिए सभी को एकजुट होकर पहले की भांति चुनाव मैदान में उतरना है। यह बात सांसद कुमारी सैलजा ने बुधवार को सिरसा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं और नेताओं की बैठक में कही।

सभी ने नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा का भव्य रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकताओं और पार्टी नेताओं का धन्यवाद करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि इस जीत के लिए कार्यकताओं ने खूब पसीना बहाया। यह जीत कार्यकताओं और जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से जो भी उम्मीदवार मैदान में उतारा जाएगा, सभी मिलकर उसकी जीत के लिए कार्य करेंगे तभी कांग्रेस की सरकार बन सकेगी। इस बैठक में कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला, पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन बिश्नोई, डा. के वी सिंह, पूर्व विधायक भरत सिंह बैनीवाल, अमीर चावला, नवीन केडिया, वीरभान मेहता, संतोष बैनीवाल, सुरेंद्र बंसल, बूटा सिंह थिंद, गुरनाम सिंह, एडवोकेट गुरदेव सिंह विर्क आदि मौजूद थे।

### पत्नी ने पति को टंगिया से गर्दन पर हमला कर उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

**सूरजपुर, (एजेंसी)**। जिले के झिलमिल थानांतर्गत डालाबहरा गांव में पत्नी ने मंगलवार-बुधवार रात अपने पति को टंगिया से मारकर हत्या कर दी। मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं हत्या करने वाली पत्नी को झिलमिल पुलिस ने चंद घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पत्नी ने बताया कि पति उसके उपर शक करता था। रोज लड़ाई झगड़े से तंग आकर इस वारदात को अंजाम दी हूं। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

मृतक विवेक कुमार के पिता ने बुधवार सुबह झिलमिली थाने में सूचना दी कि उसके बेटे की हत्या हो गई है और बहू घर से गायब है। तत्काल झिलमिल पुलिस डालाबहरा गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई। आरोपित की तलाश के लिए थाना प्रभारी ने पुलिस की टीम बनाई। टीम को कोरिया जिला के बैकुंठपुर के पास मृतक की पत्नी मिली, जिसे थाने लाने के बाद पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल किया है।

आरोपित पत्नी ने बताया कि हम दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था और दिसंबर में दोनों की शादी हुई पर वह मुझ पर शक करता था। हमेशा इस बात को लेकर लड़ाई होती थी। मंगलवार रात भी इसी बात को लेकर हम दोनों के बीच दो बजे तक विवाद होता रहा। उसके बाद जब वह सो गया तो टांगे से उसके गर्दन पर वार कर उसकी हत्या कर दी और वहां से चली गई। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**रांची, (एजेंसी)**। कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन प्रदेश के नेताओं और कार्यकताओं ने बुधवार को कांग्रेस भवन में केक काटकर मनाया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा सहित अन्य नेताओं ने उनके स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए उन्हें देश का मजबूत भविष्य बताया।नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं के लिए रोल मॉडल और पथ प्रदर्शक हैं। राहुल गांधी देश की आम जनता की आवाज बन चुके हैं। राहुल ने भारत की समस्याओं को समझने के लिए भारत की यात्रा की तब जाकर जनता के मजबूत भविष्य के निर्माण के लिए सर्वकालिक खाकर तैयार किया।